
PRESS
राष्ट्रीय मुख्यधारा
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, शनिवार
21.12.2024
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 315

हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



**राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !**

## राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आंबेडकर और सांसदों के बीच हुई धक्का मुक्की के मुद्दे को लेकर हंगामे के बीच शुक्रवार को राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। सभापति जगदीप धनखड़ ने पहले सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित की। उसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लिए राज्यसभा के 12 सांसद को नामित किया गया। इनमें सांसद घनश्याम तिवाड़ी, भुवनेश्वर कलिता, के. लक्ष्मण, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक, साकेत गोखले, पी. विल्सन, संजय सिंह, मानस रंजन मंगराज और वी. विजयसाई रेड्डी शामिल हैं। इस सप्ताह के शुरुआत में लोकसभा से 27 सदस्यों को जेपीसी के लिए नामित किया गया था। शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने सभा के



शीतकालीन सत्र में अपने समापन भाषण में कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस सत्र का समापन करते हुए हमें गंभीर चिंतन का क्षण देखना पड़ रहा है। ऐतिहासिक संविधान सदन में संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि करना था लेकिन इस सदन में हुए कार्य एक अलग कहानी बयां करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत है, जिसमें केवल 43 घंटे और 27 मिनट ही प्रभावी कामकाज हुआ। उन्होंने कहा कि सांसदों के रूप में हम भारत के लोगों से कड़ी आलोचना का सामना कर रहे हैं। संसद की कार्यवाही में लगातार व्यवधान हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को लगातार कम कर रहे हैं। इस सत्र में तेल क्षेत्र संशोधन विधेयक और बॉयलर्स विधेयक 2024 पारित किया गया और भारत-चीन संबंधों पर विदेश मंत्री का बयान सुना लेकिन इन उपलब्धियों से कहीं ज्यादा इस सदन की विफलताएं रही हैं। सभापति ने कहा कि संसदीय विचार विमर्श से पहले मीडिया के माध्यम से नोटिसों को प्रचारित करने और नियम 267 का सहारा लेने की बढ़ती प्रवृत्ति हमारी संस्थागत गरिमा को और कम करती है। भारत के 1.4 बिलियन नागरिक हमसे बेहतरी की उम्मीद करते हैं।

### अब कोई भी राजनीतिक दल संसद भवन के द्वार पर नहीं करेगा धरना या प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन में घोषणा करते हुए कहा कि कोई भी राजनीतिक दल, संसद सदस्य या सदस्यों का समूह संसद भवन के द्वार पर धरना या प्रदर्शन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संसद परिसर और उसकी प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा को बनाए रखना सभी सांसदों की जिम्मेदारी है। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि संसद क्षेत्र में किसी भी दरवाजे पर धरना-प्रदर्शन करना सही नहीं है। अगर कोई सदस्य या समूह ऐसा करता है, तो इसका असर उनकी प्रतिष्ठा पर पड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रकार की गतिविधियों से सदन की कार्यवाही और संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचता है, जिससे लोकतंत्र की भावना प्रभावित होती है। उन्होंने सांसदों ने आग्रह किया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखें और किसी भी प्रकार के प्रदर्शन से बचें। उन्होंने सांसदों की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है, और इसका सभी को आदर करना चाहिए। बता दें गुरुवार को संसद भवन परिसर में हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत सीढ़ियों से गिरकर चोटिल हो गए थे। बीजेपी सांसदों का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया। हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। इस घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों चोटिल सांसदों का हालचाल भी जाना था। धक्का-मुक्की कांड पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि राहुल गांधी बीआर आंबेडकर की फोटो लेकर शांति पूर्वक जय भीम के नारे लगाते हुए संसद में जा रहे थे। संसद में जाने से किसने रोका? हम इतने दिनों से साइड में प्रदर्शन कर रहे हैं। जो भी आ रहा है, जा रहा है, उसके लिए पूरा रास्ता है।

## अश्विनी वैष्णव शनिवार को 101 रेल कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से करेंगे सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**


भारतीय रेलवे अपने 101 समर्पित कर्मचारियों और अधिकारियों को भारतीय रेलवे में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित करने जा रहा है। "मैं हूं भारतीय रेल" विषय पर आधारित यह पुरस्कार समारोह 21 दिसंबर को नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेलवे अधिकारियों को 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। समारोह में रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और रवनीत सिंह, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य और विभिन्न रेलवे जोनों एवं उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक उपस्थित रहेंगे। उत्कृष्टता का सम्मानः 101 पुरस्कार विजेताओं का चयन विभिन्न श्रेणियों में किया गया है, इसमें नवाचार से उत्पादकता में सुधार, राजस्व सृजन, सुरक्षा, संचालन में सुधार, सुरक्षा, परियोजना पूर्णता और खेल शामिल हैं। नवाचार और दक्षता का प्रोत्साहन : 15 कर्मचारियों और अधिकारियों को नवाचार को




प्रोत्साहन देने, उत्पादकता बढ़ाने, आयात निर्भरता को कम करने और स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहन देने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया है। बहादुरी और निस्वार्थता का सम्मानः 16 कर्मचारियों और अधिकारियों को दूसरों की सुरक्षा के लिए निस्वार्थ समर्पण का प्रदर्शन करते हुए जीवन और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा में उनकी असाधारण बहादुरी के लिए सम्मानित किया गया है। राजस्व वृद्धि और कदाचार का मुकाबलाः 17 अधिकारियों और कर्मचारियों को रेलवे राजस्व बढ़ाने और टिकट रहित यात्रा और राजस्व चोरी को रोकने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए चुना गया है। परिचालन उत्कृष्टता और संपत्ति संरक्षणः 22 कर्मचारियों और अधिकारियों को रेल संचालन, सुरक्षा, सुरक्षा और रेलवे संपत्तियों की बढ़ी हुई सुरक्षा में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। रिकॉर्ड समय में परियोजना पूर्ण करनाः रिकॉर्ड समय के भीतर विभिन्न रेलवे परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए 16 कर्मचारियों और अधिकारियों का चयन किया गया है। खेल उपलब्धियों को सम्मानः राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय रेलवे को अपार गौरव दिलाने वाले दो खिलाड़ियों को भी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विभागों में योगदान का उत्सवः चिकित्सा, कार्मिक, ट्रैक रखरखाव और अन्य सहित विभिन्न विभागों के 13 अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय रेलवे में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए चुना गया है। विभिन्ना रेलवे जोन को पुरस्कारः व्यक्तिगत पुरस्कारों के अलावा विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रेलवे जोनों को भी समारोह में 22 शील्ड प्रदान की जाएंगी, जो भारतीय रेलवे के समग्र प्रदर्शन में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और योगदान को सम्मान प्रदान करेंगी।

### संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार की पोस्ट पर भारत ने जताया कड़ा विरोध



**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार महफूज आलम के अब डिलिट किए जा चुके एक सोशल मीडिया पोस्ट पर 'कड़ा विरोध' जताया है। आलम ने अपनी पोस्ट में भारतीय क्षेत्रों पर दावा जताते हुए एक नक्शा दिखाया था। महफूज़ आलम के विवादास्पद पोस्ट पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने आज कहा कि हमने इस मुद्दे पर बांग्लादेश पक्ष के साथ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हम समझते हैं कि जिस पोस्ट का जिक्र किया जा रहा है उसे कथित तौर पर हटा दिया गया है। वे याद दिलाना चाहते हैं कि सभी संबंधित पक्षों को अपनी सार्वजनिक टिप्पणियों के प्रति सचेत रहना चाहिए। ऐसे समय में जब भारत ने बार-बार बांग्लादेश के लोगों और अंतरिम सरकार के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में रुचि जताई है, ऐसी टिप्पणियां सार्वजनिक अभिव्यक्ति में जिम्मेदारी की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रमुख सहयोगी महफुज आलम ने भारत पर कब्जा करने की धमकी देने वाला एक पोस्ट किया था। इसमें भारतीय राज्यों पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम सहित बांग्लादेश का एक मानचित्र साझा किया था जिसपर विवाद खड़ा हो गया है।


### गैस टैंकर में धमाकाः 40 गाड़ियों में लगी आग, अब तक 5 की मौत, 25 गंभीर

**जयपुर।** जयपुर के अजमेर रोड पर एक भीषण हादसा हुआ है। शुक्रवार की सुबह सुबह एक सीएनजी टैंकर में विस्फोट होने के बाद करीब 40 गाड़ियों में आग लग गई। हादसे में कई लोग जिंदा जल गए। अभी तक 5 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि करीब 25 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा अजमेर रोड स्थित भांकरोटा इलाके में हुई। गैस टैंकर में धमाके की वजह से पेट्रोल पंप समेत कई गाड़ियों में आग लग गई, जिनमें बस, ट्रक, कार आदि शामिल हैं। जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने बताया कि घटना में 40 गाड़ियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों और एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया। आग पर काबू पाने के साथ घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि उन्हें करीब पौने छह बजे एक साथ कई गाड़ियों में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की 30 गाड़ियों को आग बुझाने में लगाया गया। जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि (अस्पताल में) अब तक 4 शव लाए गए। करीब 25 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। और भी लोगों को लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर लोग गंभीर रूप से जले हुए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 15 लोग 80 फीसदी जले हुए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी एसएमएस अस्पताल पहुंचे और घायलों की समुचित इलाज का निर्देश दिया।

## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का निधन

**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश चौटाला का आज निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे और गुरुग्राम में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से हरियाणा और देश की राजनीतिक दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई है। ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा की राजनीति का एक प्रमुख चेहरा रहे हैं। उन्होंने चार बार राज्य के मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित किया और अपनी बेहतर सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल को ग्रामीण विकास, कृषि क्षेत्र में सुधार और सामाजिक योजनाओं के लिए याद किया जाता है। चौटाला परिवार हरियाणा की राजनीति में दशकों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता चला आ रहा है।




**निजी जीवनः** ओमप्रकाश चौटाला का जन्म 1 जनवरी 1935 को हरियाणा के सिरसा जिले में हुआ था। वे चौधरी देवी लाल के पुत्र थे, जो हरियाणा के एक दिग्गज नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री रह चुके हैं। चौटाला ने अपनी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

## बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 में 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए हुए एमओयू

**एजेंसी। पटना**

बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 के दूसरे दिन शुक्रवार को बिहार ने रिकॉर्ड 1.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सफलता हासिल की। बिहार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों द्वारा राज्य में 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रस्तावित निवेश पिछले साल बिहार में आयोजित पहले निवेशक शिखर सम्मेलन के इसी आंकड़े से तीन गुना अधिक है। उद्योग मंत्री मिश्र



ने कहा कि बिहार में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। अडानी समूह ने 29,700 करोड़ रुपये की निवेश योजनाओं को लेकर हामी भरी है। जबकि सन पेट्रोकेमिकल्स ने 36,700 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (एनएचपीसी) ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के लिए 5,500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने बताया कि जिन कॉरपोरेट घरानों ने बिहार में निवेश को लेकर रुचि दिखाई है, उनमें सन पेट्रोकेमिकल्स और अडानी समूह प्रमुख कंपनियां हैं। उन्होंने बताया कि बिहार में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह पिछले साल राज्य को अपने पहले निवेशक सम्मेलन में प्राप्त राशि जो करीब 53 हजार करोड़ थी उससे तीन गुना से भी अधिक है। इस बारे में उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने बताया कि इस साल 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ये पिछले साल के 53,000 करोड़ रुपये से तीन गुना से भी अधिक हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि सन पेट्रोकेमिकल्स ने पंप हाइड्रो और सोलर प्लांट सहित अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 36,700 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। अडानी समूह अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने और सीमेंट उत्पादन, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स में अपने पदचिह्न का विस्तार करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है।

### पश्चिमी यूपी के लोगों को मिलेगी सौगात मेरठ से काशी तक चलेगी वंदेभारत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी यूपी के लोगों के लिए खुशखबरी अब वे आसानी से वंदेभारत एक्सप्रेस से काशी जा सकेंगे। भारतीय रेलवे ने इस क्षेत्र के लिए एक नई वंदेभारत ट्रेन चलाने की योजना बनाई है, जो मेरठ से काशी तक जाएगी। वर्तमान में मेरठ से लखनऊ के बीच वंदेभारत चल रही है और इसे अब काशी तक बढ़ाया जा रहा है।



यह ट्रेन लखनऊ से रायबरेली, प्रतापगढ़ होते हुए बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन के संचालन से पश्चिमी यूपी के लोगों को एक सीधी और आरामदायक कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इस वंदेभारत ट्रेन का मार्ग हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और प्रतापगढ़ होते हुए बनारस तक पहुंचेगा। हालांकि इसका शेड्यूल अभी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन रेल मंत्रालय के मुताबिक जल्द ही इसकी समय सारणी और स्टॉपेज की जानकारी दी जाएगी। वर्तमान में भारत में 55 से ज्यादा वंदेभारत एक्सप्रेस चल रही है, और इसकी संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। वंदेभारत के सफर में यात्रियों को काफी आराम और सुविधाएं मिलती हैं। कई प्रमुख शहरों में दो-दो वंदेभारत एक्सप्रेस चलाई जा रही हैं, ताकि यात्रियों को सुबह और शाम दोनों समय विकल्प मिल सके। रेलवे का यह कदम काशी को और पर्यटकों और यात्रियों से जोड़ने में मदद करेगा।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जयपुर गैस टैंकर हादसे पर जताया दुख, मृतकों के परिजनों को मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जयपुर-अजमेर हाई-वे पर हुए गैस टैंकर हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।



राजस्थान के जयपुर में अजमेर हाई-वे पर शुक्रवार सुबह पीसीएल के एलपीजी टैंकर को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के कारण लगी भीषण आग में सात लोग जिंदा जल गए, जबकि 34 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "जयपुर में हुई सड़क दुर्घटना के कारण अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं! मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, राजस्थान में जयपुर-अजमेर हाई-वे पर हुए हादसे में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चीफ सेक्रेटरी को फटकार, क्यों नष्ट नहीं हो रहा कचरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में कचरे की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हर दिन 3000 टन कचरा अनट्रीटेड रह जाता है, जो बहुत शर्मनाक है। कोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि इस समस्या का समाधान कब होगा और सरकार इससे निपटने के लिए क्या कदम उठा रही है। दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन कचरा इकट्ठा होता है, जिसमें से 8 हजार टन कचरे को नष्ट कर दिया जाता है, जबकि 3 हजार टन कचरा नष्ट नहीं हो पाता है। कोर्ट ने गाजीपुर और भलसवा जैसी जगहों पर कचरा नष्ट करने के लिए आग लगाने पर भी नाराजगी जताई,



जो पर्यावरण के लिए बहुत खतरनाक है। कोर्ट ने कहा कि यह स्थिति बेहद खतरनाक और शर्मनाक है, और इस पर कार्रवाई की जरुरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न तो प्रशासन कचरे को नष्ट करने के लिए प्रभावी तरीके ढूंढ पा रहा है और न ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 को लागू किया जा रहा है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से गाजीपुर और भलसवा में 3,800 टन कचरे को लेकर 15 जनवरी, 2025 तक शपथ पत्र देने को कहा है। इसमें यह बताया होगा कि इन जगहों पर कचरे की आग को रोकने और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

## रक्षा प्रणालियों में उभरती प्रौद्योगिकियों व एआई को उच्च प्राथमिकता दे रहा भारतः राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को उच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है ताकि दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो सके। राष्ट्रपति मुर्मु आज सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रपति निशान (प्रेसिडेंट कलर्स) अलंकर समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को प्रेसिडेंट कलर्स प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।



राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की बढ़ी हुई रक्षा प्रबंधन क्षमता कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी को मजबूत करने तथा रक्षा निर्यात बढ़ाने में मदद करेगी। इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। हम एक समग्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसमें अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताओं और अंतरिक्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों सहित अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के जवालों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है।

### आंबेडकर के मुद्दे पर विपक्ष ने मार्च निकाला, भाजपा ने घायल सांसदों के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आंबेडकर के कथित अपमान के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को विपक्ष ने विजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया।इनमें शामिल विपक्षी सांसदों ने विजय चौक से संसद तक विरोध मार्च भी निकाला और गृहमंत्री अमित शाह से राज्यसभा में आंबेडकर पर दिए गए "अपमानजनक" बयान के लिएमाफी मांगने तथा इस्तीफे की मांग की। उधर, भाजपा कल संसद में दो सांसदों के घायल होने के मुद्दे को लेकर आज संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है, जिसे देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। पार्टी के नेतृत्व में आज आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने विजय चौक से संसद तक मार्च निकाला।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी



## संक्षिप्त समाचार

### पौष अमावस्या 30 को, भगवान भोलेनाथ की पूजा फलदायी




**एजेंसी । रांची ।** पौष माह कृष्ण पक्ष की अमावस्या इस साल 30 दिसंबर को है। हालांकि, अमावस्या की शुरुआत 30 दिसंबर को सुबह 4.01 बजे से हो जाएगी और 31 दिसंबर को 3.56 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार पौष अमावस्या 30 दिसंबर को ही मनाई जाएगी। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि अमावस्या के दिन पितरों की पूजा और स्नान दान के लिए विशेष महत्व है। मान्यता यह है कि इस दिन कुछ चीजों का दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन स्नान दान और पितरों की पूजा करना शुभ फलदायी है। हिंदू धर्म में अमावस्या को पितरों को प्रसन्न करने के लिए श्राद्ध तर्पण और पिंडदान किया जाता है। पंडित मनोज बताया कि यह अमावस्या सोमवार को पड़ रही है, इसलिए इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। इस दिन व्रत के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा करना मंगलकारी होता है।

### फायरिंग मामले में दो अपराधी गिरफ्तार



**एजेंसी । रांची ।** खलारी थाना पुलिस ने फायरिंग मामले में दो अपराधी सोनालाल महतो और दीपक कुमार उर्फ दीप को गिरफ्तार किया है। इनकी बाइक और दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि खलारी में अक्टूबर में अपराधियों ने शंकर महतो के पुरनी राय स्थित घर पर फायरिंग की थी। इस संबंध में बीकेएस तिवारी गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद




**एजेंसी । रांची ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब से पुलिस ने शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटनास्थल से कोई पहचान पत्र या अन्य सुराग बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की गहन जांच पड़ताल कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को



**एजेंसी । रांची ।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को होगी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में शाम चार बजे मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के जरिये इसकी जानकारी शुक्रवार को दी गयी है।

### पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



**एजेंसी । रांची ।** रांची पुलिस ने शुक्रवार को साढ़े सात एकड़ जमीन में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के नेतृत्व में रांची जिला के राहें, अनगड़ा तथा दशमफॉल थाना क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अवैध अफीम को नष्ट किया गया। इस अभियान में डीएसपी सिल्ली, एसडीपीओ बुंडू, राहे, दशमफॉल और अनगड़ा थाना प्रभारी शामिल थे। सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र के खेत में लगे अफीम के बीज लगभग साढ़े सात एकड़ नष्ट किया गया, इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### गिरिडीह से तीन साईबर अपराधी गिरफ्तार

**एजेंसी । गिरिडीह।** साइबर थाना पुलिस ने बेगाबाद थाना क्षेत्र के खंडोली मोड़ पर छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों में गांडेय थाना क्षेत्र के पंदनाटाड़ निवासी साहिल अंसारी (19 ) और नजमुल अंसारी (23 ) और बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पुर्री निवासी प्रमोद यादव (30 ) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से सात मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड और एक बाइक बरामद की है। इस संबंध में जानकारी शुक्रवार को साइबर डीएसपी आबिद खान ने संवाददाता सम्मेलन में दी। साइबर डीएसपी ने बताया कि एसपी गिरिडीह को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना मिली थी कि खंडोली मोड़ के पास कुछ साइबर अपराधी धोखाधड़ी की गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई के लिए एसपी ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन साईबर अपराधी को गिरफ्तार किया । डीएसपी ने बताया कि जांच में सामने आया कि ये अपराधी खुद को बैंक अधिकारी बताकर केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को फर्जी एपीके फाइल भेजते थे। इससे वे बैंक खातों की जानकारी चुराकर ठगी करते थे। इसके अलावा, वे कोरोना वैक्सीन लगवाने के बदले 10,000 की सरकारी सहायता का झांसा देकर भी लोगों को धोखा देते थे। तीनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### यात्री बस और ट्रक में भीषण टक्कर, 10 से अधिक यात्री घायल

**एजेंसी । लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव के निकट शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर यात्री बस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गयी। इस घटना में 10 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों में लातेहार निवासी नीतू कुमारी, ललिता मिंज, देवलाल राम , फैजान अंसारी, रीता देवी, निक्कू कुमार, बालूमाथ निवासी रितु कुमारी ,परी कुमारी और लोहरदगा निवासी मेराज मियां आदि शामिल हैं। इनमें मिराज मियां तथा दो अन्य यात्रियों की स्थिति गंभीर है । सभी घायलों का इलाज लातेहार सदर अस्पताल में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार लातेहार से हजारीबाग की ओर पम्मी यात्री बस जा रही थी।इसी दौरान उदयपुरा से थोड़ी दूर पहले सामने से आ रही ट्रक और बस में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस और ट्रक दोनों के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे बस में सवार सभी यात्री गाड़ी में ही फंस गए। बाद में उधर से गुजर रहे कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो और थाना प्रभारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बस का पिछला दरवाजा तोड़कर सभी घायलों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वही जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया ।

### शव दफनाने को लेकर एक ही समुदाय के दो गुटों में विवाद

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः तालगड़िया :** सियालजोरी थाना क्षेत्र के चंदाहा में एक बार फिर शव दफनाने को लेकर हुए जमीन विवाद के बाद मामला गर्म हो गया। शुक्रवार को चंदाहा में शव दफनाने को लेकर विवाद के बाद एक ही समुदाय के दो गुटों में भिड़ंत हो गई और शव दफनाने को लेकर जमीन पर दोनों ओर से अपनी-अपनी दावेदारी की गई। हालांकि, अधिकारी व पुलिस की पहल पर मामला शांत हो गया। घटना की सूचना पर सियालजोरी पुलिस पहुंची और चास बीडीओ प्रदीप कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचे। मामले को देखते हुए प्रशासन की ओर से विवादित जमीन पर 144 धारा लागू की गई। इधर आपसी सुलह के बाद शव को अन्यत्र दफनाया गया।

# उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगार व कार्यबल का सृजन विभाग का उद्देश्य : श्रम मंत्री

**एजेंसी । रांची**




श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगार और कार्यबल का सृजन विभाग का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हम प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय की मांग के अनुसार नए जॉब रोल शामिल करेंगे, जिससे झारखण्ड के युवा प्रतिभा प्रतिस्पर्धा में पीछे न रहें। श्रम विभाग कौशल विकास के क्षेत्र में जल्द ही नए जॉब रोल शामिल करेगा, जिसमें से एक विदेशी भाषा प्रशिक्षण में शामिल होगी। यादव शुक्रवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तहत झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की ओर से रांची के एक स्थानीय होटल में 'स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024' के उद्घाटन के अवसर पर बोले रहे थे। उन्होंने कहा कि कम जनसंख्या वाले देशों में बेहतर वेतन के साथ रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। हमारी कोशिश है कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार का श्रम विभाग कौशल विकास के महत्वपूर्ण ढांचे के रूप में काम कर रहा है। हमारा प्रयास कौशल विकास की चुनौतियों का समाधान ढूंढना है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी हितधारक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बैठक को श्रम सचिव मुकेश कुमार, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के मिशन निदेशक-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार लाल ने भी संबोधित किया। इस एकदिवसीय उन्मुखीकरण एवं परिचर्चा कार्यक्रम में झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी सहित अन्य प्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद थे। झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की ओर से कुल 5.25 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करने के साथ 4.5 लाख युवाओं को प्रमाणित किया गया, जिनमें 2.25 लाख




युवाओं को नियोजित किया गया है। नियोजित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रवासन के लिए कुल सात राज्यों में आठ प्रवासन सहायता केन्द्र खोले गए हैं।

# हथियार तस्करी गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**एजेंसी । रांची**



कोतवाली थाना पुलिस ने हथियार तस्करी गिरोह के सरगना डेविड उर्फ ओम शंकर गुप्ता को गिरफ्तार किया है। डेविड उर्फ ओम शंकर गुप्ता गत माह हुए विधानसभा चुनाव में हटिया विधानसभा से चुनाव लड़ा था। इसके पास से दो आई फोन बरामद किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधी अवैध हथियार लेकर कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी रांची अखाड़ा चौक के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया था। इस तस्करी में शामिल अन्य प्राथमिकी आरोपितों के खिलाफ पुलिस छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में डेविड उर्फ ओम शंकर गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। डीएसपी प्रकाश सोय ने शुक्रवार को बताया कि डेविड उर्फ ओम शंकर गुप्ता गिरोह का सरगना है। उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस हथियार तस्करी के धंधे में कई अन्य आरोपितों के शामिल होने की बात पूछताछ में सामने आयी है।

# रांचीः छात्राओं से छेड़छाड़ की घटनाएं रोकने को लेकर पुलिस की मुहिम

**एजेंसी । रांची**



राजधानी रांची में छात्राओं से छेड़छाड़ (इव-टीचिंग) की लगातार हो रही घटनाओं को रोकने को लेकर पुलिस ने मुहिम शुरू की है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में रांची जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए पैदल मार्च किया गया। इसके तहत सभी थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान एवं गर्ल्स हॉस्टल में जाकर पुलिस अधिकारियों ने बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी। छेड़छाड़ का मामला सामने आने पर शिक्षण संस्थानों को 100, 112 डायल कर तथा क्यूआर कोड के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। ऐसे मामलों में कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देश के लिए संत गाडगे बाबा के योगदान को नहीं भूला जा सकता : कर्मवीर सिंह

**एजेंसी । रांची**



महान संत एवं समाज सुधारक बाबा संत गाडगे महाराज के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पुष्प अर्पित किया गया। संगठन महामंत्री ने कहा गाडगे महाराज समाज सुधारक थे, जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। इस संत ने मनुष्य में भगवान की तलाश की, धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरुआत विभिन्न स्थानों पर की। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास, भोली-भाली मान्यताओं, अवांछित रीति-रिवाजों और परंपराओं को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। इसके लिए उन्होंने कीर्तन का मार्ग अपनाया। उनके उपदेश भी सरल और सहज होते थे। उन्होंने हमेशा कहा कि 'मैं किसी का गुरु नहीं हूं, मेरा कोई शिष्य नहीं है'। अपने विचारों को सरल और भोले-भाले लोगों तक पहुंचाने के लिए वे ग्रामीण भाषा का प्रयोग करते थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशांक राज,जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, राकेश कुमार राम,मनीष दुबे,रुपेश सिन्हा, संजय चौधरी,सुबोधकांत,प्रिंस कुमार,पवन पासवान सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की रणनीति रही है बेहतर : डीआईजी

**एजेंसी । रामगढ़**



रामगढ़ जिले में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की रणनीति काफी सफल रही है। यहां जितने भी अपराधियों ने कदम रखा, पुलिस ने उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है। अपराधी रामगढ़ जिले में मिले हों, झारखंड के किसी कोने में हों या दूसरे प्रदेशों में ही क्यों न छापेमारी करनी पड़ी हो। हर जगह से अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह बातें शुक्रवार को रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के कार्यालय की समीक्षा के दौरान हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर ने कही। उन्होंने कहा कि वार्षिक समीक्षा के दौरान एसडीपीओ कार्यालय में किए जा रहे कार्य और क्षेत्र में हुए कार्यों का अवलोकन किया जाता रहा है। इस बार की रिपोर्ट बेहद सकारात्मक है। डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि चुनावी वर्ष होने के बावजूद रामगढ़ जिले की पुलिस काफी सक्रिय रही है। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को सफल पूर्वक संबंध करने के बावजूद अपराधियों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त कार्रवाई कार्य बता दिया है कि झारखंड पुलिस 24 * 7 कम कर रही है। रामगढ़ जिले की पुलिस को मिली सफलता की सराहना मुख्यालय के अधिकारी भी कर रहे हैं। डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि रामगढ़ जिले में एटीएम लूट कांड की घटना हुई थी। वह घटना सिर्फ रामगढ़ जिले में ही नहीं, झारखंड के दूसरे जिलों और बिहार के अन्य जिलों में भी हुई थी। उस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी यहां से भाग कर हरियाणा राज्य में जाकर छुप गए थे। उस गिरोह में बिहार राज्य के भी अपराधी शामिल थे। लेकिन रामगढ़ एसपी अजय कुमार के नेतृत्व में उन सभी अपराधियों को पुलिस ने ना सिर्फ गिरफ्तार किया, बल्कि लूट की रकम से खरीदी गई गाड़ी और कैश भी बरामद किया। यह झारखंड पुलिस के लिए गर्व की बात है। डीआईजी सुनील भास्कर ने इस उपलब्धि के लिए उस टीम में शामिल पदाधिकारियों को अवार्ड देने की अनुशंसा की है। सीडीपीओ कार्यालय के समीक्षा के दौरान डीआईजी सुनील भास्कर ने दस्तावेजों की भी छानबीन की। उन्होंने बेहतर तरीके से संचिका बनाने और निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया। साथ ही कांड अनुसंधान करने को लेकर भी कई निर्देश दिए। इस दौरान रामगढ़, यातायात, रजरप्पा, महिला थाना, मांडू, गोला, बरलांगा थाना, वेस्ट बोकारो और कुजू ओपी में दर्द हुई प्राथमिकी तथा उन पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। इस दौरान डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# पूरे मनोयोग से करें सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी : रामसूर्या मुंडा



**एजेंसी । खूंटी**

स्थानीय बिरसा कॉलेज में डीएस फाउंडेशन और हंस चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को झारखंड सिविल सेवा में प्रीमियर सेवा का प्रारंभ और सफलता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा और विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिरसा कॉलेज की प्राचार्या जर्मन किड़ो कुल्लू मौजूद थी। विधायक मुंडा ने खूंटी में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को आगामी परीक्षाओं में पूरे मनोयोग से तैयारी करने की जरूरत है। प्राचार्या ने बताया कि अगले वर्ष के प्रारंभ से प्रत्येक रविवार को कॉलेज में छात्र-छात्राओं को सिविल सेवाओं की तैयारी हंस चौरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी। हंस चौरिटेबल की ओर से मैनेजिंग ट्रस्टी और सिविल सेवा परीक्षा विशेषज्ञ एसपी चौबे ने सिविल सेवा की पूरी परीक्षा प्रणाली, सिलेबस एवं प्रश्नों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन हंस चौरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी नरेंद्र साहू ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सीके भगत ने किया। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, सयूम अंसारी, शंकर मुंडा के अलावा छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

# गुरु के आगमन से भय से मुक्ति मिलती हैः स्वामी दिव्यानंद गिरि

**एजेंसी । खूंटी।**



आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार के जरिये आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा में शुक्रवार को पूज्य स्वामी दिव्यानंद गिरि ने गुरु महिमा का बखान करते हुए कहा कि जब गुरु का जीवन में आगमन होता है, तो भय से मुक्ति मिल जाती है। जब राजा परीक्षित के जीवन में गुरु नहीं थे, तब तक उन्हें मृत्यु का भय था, लेकिन गुरु के मिलते ही उनका अपने गुरु से प्रश्न था कि मुझे मुक्ति कैसे मिलेगी। पूरे सप्ताह में सात वार हैं परीक्षित जी को श्राप मिला है, मृत्यु सात दिनों में होगी, ये सात वार सबके जीवन में हैं। आठवा वार किसी के जीवन में नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरु के मिलते ही परीक्षित जीवन के हर दुःख तकलीफ भूल जाते हैं। गुरु की महिमा अपरंपार है गुरु के सामने अपनी बड़ाई नहीं अपनी कमियों को उजागर करना चाहिए। राजा परीक्षित अपने गुरु सुखदेव से प्रश्न करते हैं कि मुक्त होने के लिए क्या करना चाहिए, मुझे विश्वास है मेरे मुक्त होने तक आप मेरे पास मेरे साथ रहेंगे। फिर राजा परीक्षित सुखदेव जी से जगत कल्याण की बात पूछते हैं। गुरु के मिलते ही वे स्वयं भी समस्याओं को भूल जाते हैं ये है गुरु की कृपां। मौके पर ऋषि कपिल और देहुति माता और ध्रुव और विष्णु भगवान की झांकी निकाली गई। कथा में काफी संख्या में कथा श्रवण के लिए नगर और आसपास के लोग मौजूद थे। यह जानकारी आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार के शिक्षक आशु शाहदेव ने दी।

# अनियंत्रित कार ने आग ताप रहे पांच लोगों को रौंदा, दो की मौत-तीन जख्मी

**एजेंसी । पलामू**




जिले के मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के सबनवा मोड़ के पास गुरुवार रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित थार कार ने सड़क किनारे अलाव ताप रहे पांच लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में सबनवा गांव के ही अरशद खान और आशिफ खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इमरान खान, जहांगीर खान और हसनैन खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जख्मी में दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया है ।एक को कम चोट आने के कारण गांव में ही इलाज किया गया। हादसे के बाद कार खाई में जा गिरी। घटना के बाद उग्र लोगों ने मोहम्मदगंज-जपला मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई और यातायात प्रभावित हो गई । ग्रामीण प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे और सड़क सुरक्षा के ठोस उपायों की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं।घटना के बाद कार में सवार दो में से चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे को ग्रामीणों ने पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी है, जिससे उसकी हालत भी गम्भीर है। उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। मोहम्मदगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है और जाम हटाने की कोशिश की। हैदरनगर और हुसैनाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।मोहम्मदगंज सीओ रणवीर कुमार और हैदरनगर सीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे औऱ लोगों को समझा कर जाम हटवाया। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि घटना की जांच की जा रही है। मामले में प्रभावित परिवारों ने मुआवजा की मांग की प्रशासनिक पदाधिकारी ने कहा कि नियम संगत सरकारी स्तर पर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। काफी समझाने के बाद देर रात जाम हटाया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात सड़क किनारे कुछ ग्रामीण अलाव ताप रहे थे। इसी बीच अनियंत्रित वाहन सभी को रौंदते हुए गड्ढे में जा गिरी। बीस सूत्री कमेटी के अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने बताया कि गाड़ी का चालक फरार हो गया है, जबकि थार में बैठे एक शख्स को ग्रामीणों ने पकड़ लिया है, वह नशे में है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड आंदोलनकारी पानुलाल की पुण्यतिथि मनी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः तालगड़िया :** चास प्रखंड के बिजुलिया बिनोद हटिया मैदान में शुक्रवार को पानुलाल महतो की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। स्व. महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि पानुलाल महतो झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी और पूर्व सांसद स्व. ए के राय के करीबी थे। मौके पर मासस जिला सचिव दिलीप तिवारी, दिलीप ओझा, समाजसेवी मंतोष रजक, चंदनकियारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जगन्नाथ राजवार, अर्जुन राजवार, मासस भीम रजक, रामविलास महतो, जितेंद्र महतो, विकास चौबे, लालमोहन रजवार, साधु महतो, सुरेश महतो, विजय पदम महतो, पशुपति महतो, रजनीकांत महतो, मुरारी रजवार, भावेश रजवार, श्रीपाद बाउरी, मोहन महतो, शंकर, रमेश रजवार, नगेन रजवार, मोहन महतो, अशोक महतो, बिट्टू रजवार, सोना देवी, नारायण चौबे, सुधीर राय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



### परिवार नियोजन और शहरी स्वास्थ्य पर सिविल सर्जन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** बोकारो के ANM TC कार्यालय में सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आत्मनिर्भरता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के साथ-साथ शहरी स्वास्थ्य और परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ करना था। इसमें परिवार नियोजन कार्यक्रमों के लिए नेतृत्व एवं शासन, वित्त व्यवस्था, आपूर्ति तंत्र, हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (HMIS), स्वास्थ्य कर्मी सेवा प्रदाता की भूमिका, और सामुदायिक स्तर पर कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए चर्चा की गई।

सिविल सर्जन ने परिवार नियोजन के सभी टूल और गुणवत्ता मानकों को सामुदायिक स्तर तक लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सामुदायिक और संस्थागत समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी (DRCHO) ने रेफरल सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने और IUCD सेवाओं को शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की तीन महीने की आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और शहरी स्वास्थ्य मिशन के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ साई इंडिया के प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन मैनेजर भी शामिल हुए। यह बैठक परिवार नियोजन और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय कसमार में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** दुनिया के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में शुक्रवार को पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय कसमार में गणित के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक अशोक कुमार रजवार के संयोजकत्व में आयोजित हुई। श्री रजवार ने विस्तार से श्रीनिवास रामानुजन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय संभाषण प्रभारी प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार झा ने प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ अवनीश कुमार झा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा की गई। उसके बाद महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र मनीष कुमार, दिया मुखर्जी, ज्ञान रंजन, धनंजय कुमार, शिवम मुखर्जी, धीरज कुमार, गौतम कुमार, संतोषी कुमारी, नंदनी कुमारी, किरण कुमारी एवं उनकी टीम ने आकर्षक रंगोली बनाकर श्रीनिवास रामानुजन के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय बाल संसद के प्रधानमंत्री रोहित कुमार महतो एवं शिबू कुमार घांसी ने किया।मौके कैलाश कुमार, परमेश्वर बेसरा, सुशीला कुमारी, जितेन्द्र कुमार सिंह, खुर्शीद रजा, अजय कुमार दुबे, नितेश कुमार प्रजापति, राजेश कुमार एवं दिनेश कुमार महतो भी उपस्थित थे।

# बोकारो स्टील प्लांट में सेल की पहली एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने एचआर के क्षेत्र में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पहली एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम - HCMS) "प्रखर" का शुभारंभ किया। यह प्रणाली ओरेकल फ्यूजन के क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जो एचआर प्रक्रियाओं को स्वचालित और सुचारू बनाएगी।

**शुभारंभ का आयोजनः** 20 दिसंबर 2024 को सेल के अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने इस प्रणाली का उद्घाटन ऑनलाइन मोड में किया। इस अवसर पर बोकारो निवास में सेल के निदेशक (कार्मिक) के.के. सिंह, बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक, अन्य वरीय अधिकारी, और मेसर्स डेलॉइट तथा ओरेकल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।






**डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की विशेषताएंः** यह नई प्रणाली एचआर प्रक्रियाओं को रियल-टाइम अपडेट, ऑटोमेशन और सिंगल-विंडो समाधान के माध्यम से सरल और पारदर्शी बनाएगी। कर्मचारियों के अनुभव को बेहतर करने, दक्षता बढ़ाने और संगठन को समग्र विकास की ओर ले जाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

**कार्यक्रम के मुख्य वक्तव्यः**

**सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाशः** उन्होंने टीम बीएसएल और परियोजना सहयोगियों को इस प्रणाली को रिकॉर्ड 10 महीनों में लागू करने के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे एचआर के डिजिटलीकरण में एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि यह प्रणाली सेल के अन्य प्लांट्स और इकाइयों में भी लागू की जाएगी।

**सेल निदेशक (कार्मिक) के.के. सिंहः** उन्होंने इसे सेल में एचआर क्षेत्र में एक मील का पत्थर बताया, जो आने वाले समय में व्यापक रूप से उपयोगी सिद्ध होगा।

**बीएसएल निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारीः** उन्होंने टीम बीएसएल और परियोजना में शामिल सभी सहयोगियों को बधाई दी और इसे संगठन की चुनौतियों के समाधान में प्रभावी बताया।

**भविष्य की योजनाः** प्रथम चरण में यह प्रणाली बीएसएल और उसके अधीनस्थ इकाइयों में लागू की जाएगी। इसके साथ ही पुराने एचआर सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाकर इसे विस्तारित किया जाएगा।

यह परियोजना बीएसएल के डिजिटल परिवर्तन का प्रतीक है और तकनीकी प्रगति व कर्मचारी सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। समापन समारोह में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## HDFC बैंक ATM से 29.56 लाख की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

- 22 नवंबर को हुई थी चोरी
- चंदनकियारी में घटी थी घटना

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारोः** चंदनकियारी बाजार स्थित HDFC बैंक के ATM से हुई 29.56 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में शामिल तीन अपराधियों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस ने चोरी किए गए ATM मशीन और इसे ले जाने में इस्तेमाल की गई ट्रॉली को भी बरामद कर लिया है।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बोकारो एसपी मनोज स्वरगीयारी ने बताया कि बैंक के अधिकारी सन्नी कुमार द्वारा लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का अनुसंधान शुरू किया और एसडीपीओ चास के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया।

SIT ने तकनीकी और मानवीय जानकारी के आधार पर घटना की गुत्थी सुलझाते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मनोहर कुमार साहनी और रामकुमार शामिल हैं, जो धनबाद के तेतुलमारी के निवासी हैं। वहीं, तीसरा आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही, चोरी किए गए रुपयों को बरामद करने के प्रयास भी जारी हैं।

**गिरफ्तार अपराधियों के खुलासे से जुड़ी जानकारीः**

- पुलिस ने बताया कि चोरी के दौरान ATM मशीन को काटकर रुपये निकाले गए थे।
- चुराई गई ATM मशीन को तोड़ने के लिए ट्रॉली और अन्य उपकरणों का इस्तेमाल किया गया।
- फरार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद चोरी की पूरी रकम बरामद होने की संभावना है।
- पुलिस की इस कार्रवाई ने क्षेत्र में बढ़ती ATM चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की उम्मीद जगाई है।

## कसमार हाई स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन



राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारोः दुनिया के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में शुक्रवार को पीएम श्री एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार में गणित के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक अशोक कुमार रजवार के संयोजकत्व में आयोजित हुई। इस दौरान अशोक रजवार ने विस्तार से श्रीनिवास रामानुजन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय संभाषण प्रभारी प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार झा ने प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ अवनीश कुमार झा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण द्वारा की गई। उसके बाद गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र मनीष कुमार, दिया मुखर्जी, ज्ञान रंजन, धनंजय कुमार, शिवम मुखर्जी, धीरज कुमार, गौतम कुमार, संतोषी कुमारी, नंदनी कुमारी, किरण कुमारी एवं उनकी टीम ने आकर्षक रंगोली बनाकर श्रीनिवास रामानुजन के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय बाल संसद के प्रधानमंत्री रोहित कुमार महतो एवं शिबू कुमार घांसी ने किया। मौके कैलाश कुमार, परमेश्वर बेसरा, सुशीला कुमारी, जितेन्द्र कुमार सिंह, खुर्शीद रजा, अजय कुमार दुबे, नितेश कुमार प्रजापति, राजेश कुमार एवं दिनेश कुमार महतो उपस्थित थे।

## कैरल सिंगिंगः प्रेम, शांति और सद्भाव का संदेश





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** शुक्रवार को संत जेवियर्स विद्यालय, बोकारो इस्पात नगर में वार्षिक कैरल सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। विद्यालय में उत्सव का माहौल था, जहां छात्रों ने अपनी गायन प्रतिभा और उत्साह से सभी का दिल जीत लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में प्रेम, शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना था।

प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और सामूहिकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडली में फादर मनोज कुजूर एस.जे., श्री राहुल ओहदार, और सिस्टर जेंसी शामिल थे, जिन्होंने सभी प्रस्तुतियों का गहराई से मूल्यांकन किया।

**प्राचार्य का संबोधनः** विजेताओं की घोषणा से पूर्व, विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज एस.जे. ने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कैरल सिंगिंग न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है, बल्कि यह छात्रों के जीवन में सामूहिकता, अनुशासन और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। उन्होंने इसे ईश्वर के प्रति आभार और मानवता को जोड़ने का सशक्त साधन बताया।

**प्रतियोगिता के परिणामः** मध्यम खंड में लोयला हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि गोंजागा हाउस और ब्रिटो हाउस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। हाई स्कूल और प्लस टू वर्ग में ज़ेवियर हाउस प्रथम स्थान पर रहा, जबकि गोंजागा और लोयला हाउस ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

**पुरस्कार वितरण और समापनः** फादर अरुण मिंज ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि संगीत जीवन में सकारात्मकता लाने और हृदय को जोड़ने का माध्यम है।

इस आयोजन ने विद्यालय में सद्भाव और उत्साह का माहौल बनाया और छात्रों को रचनात्मकता और आध्यात्मिकता के महत्व को समझने का मौका दिया। यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अनुभव साबित हुई।

## सरस महोत्सव में दिखेगा कसमार के घोड़ा लोक नृत्य का जलवा



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** राँची के मोरहाबादी में आगामी 20 दिसंम्बर से 6 जनवरी तक आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव मेला में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त

कसमार के सिंहपुर निवासी विनोद कुमार महतो की टीम जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच, की ओर से घोड़ा लोक नृत्य एवं खोरठा लोक गीत नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। विनोद कुमार महतो ने बताया कि बोकारो के खोरठा लोक गीत नृत्य एवं घोड़ा नृत्य दल के द्वारा उक्त कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। इसके लिए बिनोद कुमार महतो रसलीन के नेतृत्व में 21 सदस्यों के टीम रवाना हुई। जिसमें मुख्य रूप से अशोक कुमार महतो,बलराम महतो, हरि महतो, कांशी नाथ महतो, प्रेमचन्द कालिन्दी, करण कुमार महतो, अमर कुमार महतो, बैजनाथ महतो, संदीप कुमार महतो, संजीत कुमार गंझु, धनंजय घांसी, शक्ती कुमार साव, डिंपल कुमारी, प्रिती कुमारी, सोनी कुमारी, सुष्मिता कुमारी मुर्मू, बसंती कुमारी, रेखा कुमारी, रानी कुमारी, रेखा कुमारी, अनिता कुमारी आदि कलाकार इस टीम में शामिल हैं।

## वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के कुलदीप महतो ने राज्य चयन ट्रायल में किया शानदार प्रदर्शन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के उभरते सितारे कुलदीप महतो ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में आयोजित राज्य चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन किया। बिजुलिया हाई स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र कुलदीप सियालजोरी पंचायत के बूढ़ीबिनोर गांव के रहने वाले और अनुभवी हेड कोच बुद्धेश्वर मुर्मू के शागिर्द हैं।



कुलदीप ने राज्य चयन ट्रायल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बोकारो को गौरवान्वित किया है। अपने पहले राज्य स्तरीय ट्रायल में कुलदीप ने 720 में से 697 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया और आगामी 41वीं एनटीपीसी सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड राज्य टीम में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया। प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 3 से 10 जनवरी, 2025 तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने आस-पास के समुदाय के विकास और सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन को जारी रखते हुए और समुदाय में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में 2020 में प्रतिष्ठित वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की है, जो एक अत्याधुनिक तीरंदाजी संस्थान है। सियालजोरी में वेदांता ईएसएल प्लांट परिसर के अंदर स्थित इस अकादमी की ओर से बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र के महत्वाकांक्षी तीरंदाजों को खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। अकादमी ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी स्थापना के बाद से कुल 185 पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

**कुलदीप की प्रतिभा और कौशल-** कुलदीप की तीरंदाजी की यात्रा सितंबर 2022 में शुरू हुई, जब वह वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी में शामिल हुए। अपने निरंतर अच्छे प्रदर्शन के माध्यम से कुलदीप ने अपनी जबरदस्त क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रशंसा अर्जित की है। कोच बुद्धेश्वर मुर्मू की चौकस निगाहों और विशेषज्ञ मार्गदर्शन में कठोर प्रशिक्षण के साथ कुलदीप ने वर्षों से अपने कौशल को निखारा है। उन्होंने वेदांता चैलेंज ट्रॉफी, एक अंतर-जिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में चार पदक भी जीते, जिससे एक होनहार युवा तीरंदाज के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कुलदीप की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## ओएनजीसी द्वारा सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन

### समापन समारोह में बोकारो पुलिस अधीक्षक हुए शामिल

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** ओएनजीसी (ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन) द्वारा आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन 20 दिसंबर 2024 को ओएनजीसी कार्यालय, बोकारो में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो पुलिस अधीक्षक श्री मनोज स्वरगीयारी ने भाग लिया और कार्यक्रम को संबोधित किया।

श्री स्वरगीयारी ने ओएनजीसी सुरक्षा विभाग द्वारा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की। इनमें साइबर सुरक्षा पर कार्यशालाएं, झारखंड गृह रक्षकों के लिए सुरक्षा जागरूकता सत्र, पारिवारिक एवं कर्मियों के लिए निबंध और नारा लेखन प्रतियोगिताएं शामिल थीं। उन्होंने भविष्य में स्थानीय पुलिस के सहयोग से ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की अपील की।




**समापन सत्र में सुरक्षा पर विशेष जोरः** पुलिस अधीक्षक ने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी। उन्होंने सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

**सप्ताह की थीम और उद्देश्यः** सुरक्षा जागरूकता सप्ताह की थीम थी "जागरूकता ही आपका पहला बचाव है"। इसका उद्घाटन 13 दिसंबर 2024 को ओएनजीसी के कार्यकारी निदेशक और परिसंपत्ति प्रबंधक श्री आदित्य जौहरी ने किया था। यह सप्ताह 13 से 19 दिसंबर तक मनाया गया, जिसका उद्देश्य 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था।

**कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीः** इस अवसर पर श्री आदित्य जौहरी (कार्यकारी निदेशक), श्री असीम कुमार (भूतल प्रबंधक), श्री बलवीर सिंह (आलंबन प्रबंधक), श्री आलोक दास (उपतल दल प्रबंधक), श्री दयानंद कालुंडिया (मानव संसाधन प्रमुख), श्री अक्षय कुमार (वित्त प्रमुख), और श्री विष्णु बहादुर पांडेय (प्रभारी सुरक्षा) सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


**कार्यक्रम का संचालनः** संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक कुमार सिंह (सुरक्षा प्रबंधक) द्वारा किया गया।

ओएनजीसी का यह प्रयास सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने और समाज को सतर्क रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## संक्षिप्त समाचार


### आश्रय गृह में पानी मोटर का पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पानी की किल्लत






राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड महिला व पुरुष आश्रय गृह में पानी मोटर का पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यात्रियों को पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बीते 18 दिसंबर 2024 को बस स्टैंड महिला और पुरुष आश्रय गृह के मोटर पाइप को 108 एम्बुलेंस के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे आश्रय गृह में रहने वाले महिला और पुरुष यात्रियों को शौचालय और दिनचर्या के कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। वही आश्रय गृह के यात्रियों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि शौचालय व दिनचर्या के कार्यों के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण शौचालय के लिए बाहर जाना पड़ता है,जिससे हम लोगों को बहुत कठिनाइयां होती है। पानी की पाइप क्षतिग्रस्त को लेकर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को भी 18 दिसंबर 2024 को आवेदन दिया गया था उसके बावजूद भी अभी तक नगर परिषद के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। महिला व पुरुष आश्रय गृह की यात्रियों का मांग है की उपायुक्त को जल्द से जल्द पानी समस्या का संज्ञान लेते हुए समाधान करें।

### पेड़ काटने से मना करने पर महिला मुखिया को जान से मारने की धमकी



राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजमहल/साहिबगंजः राजमहल थाना क्षेत्र के समसपुर पंचायत के मानसिंहा गांव में सड़क के किनारे लगे पेड़ काटने से मना करने पर मुखिया सुमरी मालतो को गांव के ही मोजीबुर शेख,खिदीर शेख, अकलाउर शेख,तौकीर शेख,साकिन मानसिंहा, समसपुर, थाना राजमहल, जिला साहिबगंज के रहने वाले ने धक्का मुक्की और जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी गई और कहा कि हमलोग पेड़ काट रहे हैं रोकेगी तो तुम्हारा भी गला काट कर फेंक देंगे । इसके बाद मुखिया ने भयभीत होकर राजमहल थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### डीपीएस बोकारो की छात्रा त्रिनयोना को मिला विश्व-रत्न सम्मान

#### उत्कृष्ट नृत्यकला के लिए झारखंड से विद्यार्थी-वर्ग में अकेले पाई यह उपलब्धि



राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो का प्रयास एक बार फिर सार्थक सिद्ध हुआ है। विद्यालय की 10वीं कक्षा की होनहार छात्रा त्रिनयोना को उत्कृष्ट नृत्य कला के लिए प्रतिष्ठित विश्व-रत्न सम्मान से नवाजा गया है। संगीत, कला सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभाओं का मूल्यांकन कर प्रोत्साहित करने वाली जानी-मानी संस्था वर्दी वेलनेस ने व्यापक स्तर पर एक स्पर्धा करवाई थी। इसमें नृत्य संबंधी सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि के लिए विद्यार्थियों की कैटेगरी में पूरे झारखंड से एकमात्र त्रिनयोना को विश्व-रत्न सम्मान के लिए चयनित किया गया। उसे स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शुक्रवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने त्रिनयोना को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में अपनी खास प्रतिभा होती है और डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों की हर प्रतिभा को निखारने का हर अवसर और मंच प्रदान करता रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए यह बेहद जरूरी है।

डीपीएस बोकारो के शिक्षक प्रोसांता कुमार एवं मेकअप आर्टिस्ट दीपान्विता कुमार की सुपुत्री त्रिनयोना को बचपन से ही नृत्य में रुचि रही है और वह इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है। पांच साल की उम्र से ही उसने नृत्य सीखना शुरू कर दिया था और विद्यालय में गहन प्रशिक्षण पाते हुए अपने कौशल को निखारकर आज वह अपने मुकाम की ओर तेजी से अग्रसर है। उसने नृत्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार अर्जित किए हैं। उसे आधुनिक एवं समकालीन नृत्य के विभिन्न स्टाइलों में विशेषज्ञता हासिल है। त्रिनयोना अपने पिता को ही अपना प्रेरणा-स्रोत मानती है।

# भूपनारायण हत्याकांड के तीन आरोपियों को भेजा जेल

- पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए की त्वरित कार्रवाई

राष्ट्रीय मुख्यधाराःसुजीत कुमार

**साहिबगंज** : मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भूमि विवाद में गुरुवार की सुबह सौतेले भाइयों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा निवासी 55 वर्षीय भूपनारायण रजक पर चाकू, हंसुआ, छुरी, भाला से वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। उसे बचाने आयी पत्नी कविता देवी, बेटा 25 वर्षीय धर्मेंद्र रजक, 22 वर्षीय चीकू रजक व 20 वर्षीय ओमप्रकाश रजक भी बुरी तरह घायल हो गया था। घायलों को इलाज के लिए भागलपुर व साहिबगंज भेजा गया है। इनमें चीकू रजक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने छापेमारी कर मुकेश रजक सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की भी घटनास्थल पर पहुंचे थे।




**भूमि विवाद में हुई हत्या-** मृतक भूपनारायण के पिता रामविलास रजक ने दो शादी की थी। एक पत्नी से भूपनारायण था जबकि दूसरे से दिलीप रजक व मुकेश रजक है। तीनों भाईयों में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह भागलपुर जिले के बाखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित खेत में सभी गए थे और वहां कुछ विवाद हुआ था। इसके बाद सभी घर लौट आए जहां पुनः विवाद शुरू हो गया। इस क्रम में दिलीप रजक, मुकेश रजक व उनके बेटों ने मिलकर भूपनारायण पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बचाने आयी पत्नी व घायल बेटों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उधर, पुलिस ने छापेमारी कर हाजीपुर दियारा निवासी अमित कुमार, मुकेश रजक, रिंकी देवी को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। तीनों को भूपनारायण हत्याकांड में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीन नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## जिला खनन पदाधिकारी ने अरशद के खिलाफ फिर दर्ज कराया एफआईआर

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**साहिबगंजः** जिले के खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू के दिए आवेदन पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे ने बीएनएस की घारा-126(2),115(2), 221,224,132,352, 351(2)(3) और 3 (1) (आर) व एससी/एसटी एक्ट के तहत बीते मंगलवार को चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर के खिलाफ जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या-204/2024 दर्ज की है। मामले का अनुसंधानकर्ता एस.आई दीपक क्रिएशन बनाएं गए हैं। बताते चले की बीते जून माह में भी खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने अरशद के खिलाफ भा.दि.वि की धारा-353,354,504,506 के तहत जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या-104/2024 दर्ज कराया था। अरशद नसर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू साजिश व षडयंत्र रचकर एफआईआर दर्ज करवा रहें हैं, ताकि वे इनके अनैतिक कार्यकलाप व भ्रष्टाचार को उजागर नहीं कर सके। अरशद ने कहा की खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू के खिलाफ सड़क से लेकर मीडिया व मीडिया से लेकर सरकार व सरकार से लेकर न्यायालय तक में संघर्ष करेंगे।

## बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बरहेट थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बरामद अज्ञात युवक के शव मामले का किया खुलासा, हत्या के आरोप में दो को किया गिरफ्तार भेजा जेल

राष्ट्रीय मुख्यधाराः अर्पित आनंद

**बरहेट /साहिबगंजः** शुक्रवार के अपराह्न बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल ने बरहेट थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सहराज घुटू बहियार से बीते मंगलवार को बरामद अज्ञात युवक के शव मामले का उद्भेदन करने की जानकारी देते हुए बताया कि बीते मंगलवार को बरहेट थाना पुलिस ने सराजघुटू बहियार में एक अज्ञात युवक का शव होने की सूचना मिली थी ।

सूचना पर पुलिस ने सहराज घुटू बहियार पहुंचकर शव को बरामद किया था जिसकी पहचान नहीं हो सकी थी। इसके बाद बरहेट थाना में कांड दर्ज किया गया और आगे अनुसंधान में युवक की पहचान थाना क्षेत्र के हड़वाड़ीह गांव निवासी रमजान अंसारी के रूप में किया गया। कांड के अनुसंधान में बरहेट थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कांड का सफलतापूर्वक उद्भेदन किया गया और इसमें दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है जिसमें एक का नाम मंगल टुडू और दूसरे का नाम खाड़े टुडू है दोनों भाई है और भागबांध गांव का ही निवासी है। बताया कि कांड के अनुसंधान के क्रम में यह बातें सामने आई कि घटना की रात्रि के करीब 12 से 01 बजे के बीच रमजान अंसारी (मृतक) भागाबांध गांव में मंगल टुडू और खाड़े टुडू के घर बेल चोरी



करने के प्रयास में घुसा था । एक बैल तो खोलकर ले भी गया था और दूसरा लाने के लिए गया ही था कि इसी दरम्यान मंगल टुडू और खाड़े टुडू की आंखें खुल गई। इसके बाद दोनों भाइयों ने मृतक को खदेड़ा और घटनास्थल पर मृतक के साथ दोनों भाइयों की हाथापाई होने लगी मृतक के पास एक छूरा था और वहीं दोनों भाइयों ने पत्थर से सिर पर मारकर मृतक रमजान अंसारी की हत्या कर दी।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खंडेलवाल ने यह भी बताया कि मृतक के पास का छूरा, मृतक का मोबाइल अभियुक्त के पास से और अभियुक्त द्वारा हत्या में प्रयुक्त किए गए पत्थर को भी जप्त कर लिया गया है तथा दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी।

बैठक में डीएमएफटी अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में कार्यकारिणी एजेंसी कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल द्वारा निर्माण मध्य विद्यालय पुलिस लाईन बोरियो में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण, मध्य विद्यालय बरमसिया बरहेट में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण का कार्य एकरानामा की प्रक्रिया में है। वहीं सदर अस्पताल परिसर में पेपर ब्लॉक का निर्माण, का कार्य पूर्ण कर ली गई है।

कार्यकारिणी एजेंसी एन०आर०ई०पी०, के कार्यों के



विषय में जानकारी ली एवं सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

वहीं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर सभी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करने को कहा गया।

मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिन्हा, नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी जिला ग्रामीण विकास विश्वम्बर पटेल,

कार्यपालक अभियंता देवीलाल हांसदा,कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामा कान्त,सभी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद के फैलो उपस्थित थे।

## संत मेरी स्कूल बरहेट का दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन, बच्चों को किया गया पुरस्कृत

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बरहेट/साहेबगंजः** शुक्रवार को संत मेरी स्कूल बरहेट द्वारा पेटखसा मैदान में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन ।

आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के लिए 50 मीटर की अलग-अलग दौड़ के अलावा फुटबॉल, क्रिकेट, जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, मेंढक दौड़ सहित अन्य खेल को शामिल किया गया था।

जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया खेलकूद की समाप्ति के अवसर पर मैदान में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे नर्सिंग कौशल कॉलेज, भोगनाडीह के निर्देशक लेफ्टीनेंट कर्नल आयजुल हक तथा बरहेट बाजार के सीआरपी प्रदीप भगत ने बच्चों को पुरस्कृत किया।



उक्त खेल प्रतियोगिता में 50 मीटर लड़कियों की दौड़ में प्रथम काजल,द्वितीय अलीना फलक,

तृतीय आदिया श्री को तथा 50 मीटर लड़कों के दौड़ में प्रथम प्रियांशु बास्की, द्वितीय दानिश अंसारी,

**तृतीय यशराज को पुरष्कृत किया गया-** इसी प्रकार अन्य खेलों में हिस्सा लेने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया गया। वहीं इस अवसर पर बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित करते हुए सीआरपी प्रदीप भगत ने कहा कि बच्चे स्थिर पानी के समान होते हैं जिसमें कंकड़ मारने के बाद ही गति आती है उसी प्रकार बच्चों को गति देने के लिए विद्यालय में कुशल शिक्षक और बच्चों के क्रियाकलाप का कुशल संचालन महत्वपूर्ण होता है। खेलकूद बच्चों के लिए शारीरिक मानसिक और बौद्धिक दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है इसलिए प्रत्येक बच्चों को पढ़ाई और खेल दोनों के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। सचेत और सजक बच्चे ही आगे जीवन में एक बड़ा मुकाम हासिल कर सकते है।

मौके पर विद्यालय के निदेशक चंदन कुमार सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## जमीन अधिग्रहण के मुआवजे की राशि से असंतुष्ट पांच पंचायत के लोगो ने भू अर्जन पदाधिकारी को दिया आवेदन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** मिर्जाचौकी से फरक्का के बीच बनने वाले फोरलेन सड़क में सरकार द्वारा किए गए जमीन अधिग्रहण के बाद रैयतों को मिलने वाली मुआवजा की राशि से सदर प्रखंड क्षेत्र के 5 अलग अलग पंचायतों के लोग नाखुश हैं। जहां शुक्रवार को साहिबगंज सदर प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में सभी पंचायत के लोगों ने एकजुट होकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर जिला भू अर्जन पदाधिकारी से कार्यालय कक्ष में मिलकर आवेदन सौंपते हुए इस दिशा में कार्यवाही करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने कहा कि सरकार द्वारा जो मुआवजा मिल रहा है वह बहुत ही कम है। जिससे हम लोग संतुष्ट नहीं है। इनकी सरकार से मांग है की घरवासी जमीन के अनुसार सभी को मुआवजा की राशि दी जाए।



मौके पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष अजय यादव,गोपाल यादव,अभिषेक कुमार,राम मंडल,महेश मंडल,मो जमशेद,पंकज यादव,विनोद मंडल,महेश पांडेय,रोहित झा,योगेश यादव,कल्पना देवी,शशि कला देवी सहित छोटी कोदरजन्ना,बलुआ दियरा,रेजा नगर,महादेवगंज समेत अन्य पंचायत के लोग भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## एटीएम उखाड़कर साढ़े 29 लाख की चोरी करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार, सरगना अब भी फरार

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**चंदनकियारी** : चंदनकियारी थाना क्षेत्र के सुभाष चौक पर रघुनाथपुर रोड स्थित सब्जी पट्टी के एटीएम मशीन उखाड़कर इसमें रखे 29 लाख 56 हजार रुपए की चोरी के मामले में एक महीने बाद स्थानीय पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। आरोपियों में धनबाद के तेतुलमारी थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी 31 वर्षीय मनोहर कुमार साहनी व पीएसटी निवासी 28 वर्षीय रामकुमार शामिल हैं। वहीं, कांड के मास्टरमाइंड रामकुमार साव अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। बता दें कि 21 नवंबर की देर रात दो बजे उक्त एटीएम मशीन को तोड़कर अपराधियों द्वारा



ले जाया गया था। इस संबंध में एचडीएफसी के अधिकारी रांची के टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र निवासी सन्नी कुमार की लिखित शिकायत पर एटीएम मशीन व उसमे रखा 29 लाख 56 हजार रुपए की चोरी होने की प्राथमिकी चंदनकियारी थाना में दर्ज हुई थी, जिसके बाद घटना के उद्भेदन के लिए गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी व अन्य स्रोतों के उपयोग के साथ एक महीने बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना को अंजाम देने से पूर्व मास्टरमाइंड रामकुमार साव ने एक सप्ताह तक घटनास्थल व रास्तों की की रेकी की थी। एटीएम में राशि डालने के बाद ही इसमें साजिश के तहत तकनीकी गड़बड़ी कराई गई और विधानसभा चुनाव के दूसरे दिन रात के सन्नाटे का फायदा उठाकर घटना को अंजाम देने एक ही बाइक पर तीनों बदमाश घटनास्थल पर पहुंचे थे। लुटेरों ने एटीएम मशीन को उखाड़कर एटीएम के शटर में ताला लगा दिया और उसके बाद बाइक के पीछे ट्राली लगाकर मशीन को घसीटते हुए बगल स्थित गली से बाईपास चौक के रास्ते चास रोड स्थित सुतरीबेड़ा के सड़क किनारे वीरान पड़े एक बंद घर में ले जाकर रखा, जहां से दूसरे दिन शाम को एटीएम मशीन को काटकर इसमें से राशि निकाली गई। लेकिन, समाचार लिखे जाने तक गिरफ्तार अपराधियों से अब तक चोरी गई राशि की बरामदगी की नहीं हो सकी है। बताया गया कि उक्त राशि घटना के मास्टरमाइंड रामकुमार साव के पास ही है।

## उपजाऊ जमीन में हवाई अड्डा बनाने को लेकर किसानों ने राज्य सरकार का किया विरोध प्रदर्शन

### जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव पहुंचे ग्रामीणों के बीच, समस्या के समाधान हेतु

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिमी पंचायत के डिहारी गांव के समीप गौचर जमीन एवं रैयती जमीन की कर्मचारी एवं अमीन द्वारा नापी कर पेड़ को चिन्हित करने पर हाजीपुर पश्चिमी पंचायत के किसानों ने गौचर जमीन पर एक आवश्यक बैठक कर एवं रैयत किसान कमिटि का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता शिवनाथ महतो ने किया।

इस संबंध में जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव ने बताया की सरकार की कार्य में हम बाधा नहीं बनेंगे लेकिन सरकार को अवगत कराना चाहते हैं कि



झारखंड सरकार के पास बहुत सारी जमीन पड़ी है जो जंगल और झाड़ी में तब्दील हो चुकी है उसी भूमि पर एयरपोर्ट बनाने की कृपा करें।

इस तरह के विकास कार्य को हम स्वागत करते हैं। वही रैयत, शिवशंकर यादव, चंद्रमा यादव, भारती हलधर किसान यूनियन जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप ने बताया कि गौचर एवं रैयती भूमि पर हेलीपैड बनाने की बात सामने आई है इसको लेकर हम लोग विरोध कर रहे हैं। उनलोगों ने कहा कि गौचर भूमि पशुओं का चारागाह है, यह अंग्रेजों के शासन काल से ही पशुओं की चारागाह बनाया गया था, इसके समीप में ही रैयती भूमि है जो छोटे छोटे किसानों को बंदोबस्त किया गया है जो अपने परिवार का फसल उगाकर भरण पोषण करते हैं, वहीं सभी जमीन की मापी की जा रही है, इस पर सभी रैयत द्वारा बैठक की गई है। वहीं यह भी बताया गया कि यह क्षेत्र किसानी क्षेत्र है यहां के लोग कृषि पर ही निर्भर रहते हैं, हेलीपैड बनने से यहां के किसान भुखमरी के कगार पर आ जाएगे, यहां गेहूं, मक्का, ईख, दलहन, तेलहन की प्रचुर मात्रा में खेती होती है। सरकार को आवेदन देकर अवगत कराएंगे ताकी किसानों की परवरिश पर ध्यान केंद्रित हो। इसको लेकर हमलोग रैयत किसान समिति के बैनर तले उपस्थित होकर इस कार्य का घोर विरोध करते है यदि यह योजना को नहीं रोकी गई तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी



## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**हंसडीहा, एजेंसी।** हंसडीहा–देवघर मार्ग पर एनएच 133 पर पगवारा के खेरीबारी टोला के मंगलवार देर शाम बाइक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी ।पहचान अनिल राय 40 वर्षीय हंसडीहा थाना क्षेत्र के ही चतरामोड का रहनेवाला था । वहीं घायल 25 वर्षीय युवक विजय मिर्धा बगल के विराजपुर का रहनेवाला है । जानकारी के अनुसार दोनों हंसडीहा से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे । इसी दौरान खेरीबारी के पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए फरार हो गया । बाइक समेत बाइक में बैठे दोनों सड़क के डिवाइडर से जा टकराये । घटना की सूचना पर हंसडीहा थाना से अवर निरीक्षक एलबी पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे । इसके साथ दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुचाया, जहां चिकित्सकों ने अनिल राय को मृत घोषित कर दिया । घटना में पुलिस ने दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी ।

### भाजपा आवाज बुलंद करे नहीं तो हकमारी में उसकी भी होगी सहभागिता - हेमंत

**रांची, एजेंसी ।** कोल कंपनियों पर 1 ।36 लाख करोड़ रुपये बकाये के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दूसरे दिन भी भाजपा पर हमलावर रहे । उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट कर कहा है कि झारखंडियों के हक में इस बकाया राशि का एक–एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है । फिर भी भाजपा सरकार द्वारा इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जानेवाला एक कुंठित प्रयास है । हम इसे होने नहीं देंगे । झारखंड भाजपा अगर इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ अपनी आवाज बुलंद नहीं करती है, तो यह साफ माना जायेगा कि इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है । मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने बाबूलाल मरांडी के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम झारखंडियों की मांग हवा–हवाई नहीं है बाबूलाल जी । यह हमारे हक, हमारी मेहनत का पैसा है । झारखंडी हकों का आपका यह विरोध वाकई दुखद है । जब आपको अपने संगठन की पूरी ताकत लगा कर हमारे साथ खड़ा होना था, आप विरोध में खड़े हो गये । खैर, हम अपना हक अवश्य लेंगे, क्योंकि यह पैसा हर एक झारखंडी का हक है ।

### सुरक्षा बजट के उपयोग में इसीएल, बीसीसीएल व सीसीएल पीछे

**धनबाद, एजेंसी ।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी इसीएल, बीसीसीएल व सीसीएल अपने सुरक्षा बजट ( सेफ्टी बजट ) के उपयोग में पीछे चल रही है । चालू वित्त वर्ष 2024–25 के आंकड़ों पर गौर करें, तो कोल इंडिया की सहायक कंपनी इसीएल ने अपने सुरक्षा बजट का सबसे कम 21 ।85 प्रतिशत राशि खर्च किया है, जबकि बीसीसीएल ने 67.65 प्रतिशत व सीसीएल ने आवंटित सुरक्षा बजट का 69.27 प्रतिशत राशि खर्च किया है । वहीं आवंटित सुरक्षा बजट का 91.55 प्रतिशत राशि खर्च कर एनसीएल टॉप में है । बता दें कि चालू वित्त वर्ष में कोल इंडिया व सहायक कोल कंपनियों का कुल 832.71 करोड़ रुपया का सुरक्षा बजट आवंटित किया गया है । इसमें अबतक 529.87 करोड़ रुपये खर्च हुए है । जो आवंटित राशि का करीब 63.63 प्रतिशत है ।

### बड़े शहरों में एक ही भवन में होंगे चार थाने

**रांची, एजेंसी ।** राज्य के बड़े शहरों में अब एक ही भवन में चार तरह के थाने होंगे । इसके लिए बहुमंजिली इमरात का निर्माण किया जायेगा । भवन के एक मंजिल में साइबर थाना, दूसरे में महिला थाना, तीसरे में एससी–एसटी थाना और चौथे मंजिल पर एचटीयू थाना होगा । इंटीग्रेटेड थाना भवन के निर्माण के लिए यह योजना डीजीपी अनुराग गुप्ता ने तैयार की है । इसके क्रियान्वयन की जिम्मेवारी उन्होंने आइजी प्रोविजन पंकज कंबोज को सौंपी है । पुलिस मुख्यालय की ओर से इस योजना को पूरा कराने के लिए शुक्रवार को विभिन्न जिलों के एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की जायेगी । इसमें एसपी से जमीन की उपलब्धता के आधार पर थाना निर्माण के लिए पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव तैयार कर भेजने को कहा जायेगा । पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उक्त थाना भवन में महिला पुलिसकर्मियों के रहने के लिए अलग से बैरक की व्यवस्था होगी ।

# रांची के इन जगहों पर घूमकर भूल जाएंगे गोवा की बीच

**रांची, एजेंसी।** वर्ष 2024 का अंत कुछ ही दिनों में होने वाला है और नववर्ष 2025 की शुरुआत होने ही वाली है। ऐसे में लोगों की मंशा होती है कि नववर्ष की शुरुआत में कहीं पिकनिक मनाने या घूमने के लिए जाया जाए। तो आज हम आपको रांची शहर के बेहद करीब स्थित तीन ऐसे जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनको आपको बिल्कुल भी मिस नहीं करना चाहिए।

सबसे पहले हम बात करने वाले हैं ओरमांझी के रुक्का डैम की जो कि रांची से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। घूमने-फिरने के शौकीन यहां टू व्हीलर और फोर व्हीलर लेकर दौड़े चले आते हैं। रुक्का डैम के आसपास पर्यावरण का भी एक अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है। यहां पक्षियों की चहचहाहट से आपके कान को सुकून पहुंचेगा। नए साल में यह जगह पिकनिक के लिए हॉट स्पॉट जगहों में शुमार रहती है। पिकनिक मनाने के लिए हर साल यहां सैंकड़ों सैलानी आते हैं और खूबसूरत नजारों का आनंद उठाते हैं।



सबसे जरूरी बात ये है कि यह शहर से अधिक दूरी पर नहीं है इसलिए यहां घूमने जाना सस्ता और आरामदायक है।

अगर आप शहर के नजदीक ही पिकनिक मनाने के लिए या घूमने के लिए जाना चाहते हैं तो आपके लिए सबसे बेहतरीन विकल्प कांके डैम हो सकता है। रांची वासियों के लिए कांके डैम सबसे पुराने टूरिस्ट स्पॉट में से एक है। यहां सैलानी विदेश से लंबी दूरी तय कर आए साइबेरियाई पक्षियों को देखने के लिए आते हैं। ठंड के मौसम में यह साइबेरियाई पक्षियों के लिए घर बन जाता है। कांके डैम का नजारा और भी बेहतरीन इस लिए भी हो जाता है क्योंकि यह जंगलों और पहाड़ो से घिरा हुआ है। हर साल नववर्ष में लोग भारी संख्या में यहां पिकनिक मनाते है। कांके डैम रांची शहर से मात्र 6 किलोमीटर दूर और शहर से इतने नजदीक होने के कारण यह पिकनिक लवर्स की फेवरेट जगहों में से एक है।

आमतौर पर लोग जीवन की भागदौड़ से दूर नये साल में किसी शांत जगह पर जाकर पिकनिक मनाना चाहते हैं। रांची स्थित धुर्वा डैम इसी वजह से नये साल में पिकनिक लवर्स के लिए एक फेवरेट जगहों में से एक है। अपने दिलकश नजारों और पानी के कारण ठंडी हवाओं के झोंकों के कारण यह सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। लोग यहां से सनराइज और सनसेट देखने के लिए आते हैं पानी में अपने पैरों को रखकर इसका लुत्फ उठाते है। धुर्वा डैम रांची से महज 15 किलोमीटर दूर है इसलिए लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ यहां पिकनिक मनाने और घूमने आते हैं।

## जनजातीय और क्षेत्रीय नृत्य हमारी संस्कृति की आत्मा है: मोनिका टुटी

**रांची, एजेंसी।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्महाविद्यालय जनजातीय एवं क्षेत्रीय नृत्य महोत्सव सह प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का दो दिवसीय भव्य आयोजन पांच परगना किसान कॉलेज, बुंडू में किया गया। इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोनिका रानी टुटी (उप निदेशक, जनजातीय शोध अनुसंधान संस्थान, रांची) ने किया। उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय नृत्य हमारी संस्कृति की आत्मा है। ऐसे आयोजनों से न केवल युवा पीढ़ी में अपनी परंपराओं के प्रति गर्व की भावना जागृत होती है, बल्कि यह हमारे समाज को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने का भी एक सशक्त माध्यम है। विषय प्रवेश और स्वागत भाषण डॉ। बिनीता कुमारी, प्राचार्य, पीपीके कॉलेज ने दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की परंपरा के अनुसार मुंडारी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद सिल्ली कॉलेज, बिरसा कॉलेज खूंटी, गोस्नर कॉलेज, जनजातीय भाषा स्नातकोत्तर विभाग से मुण्डारी एवं कुड़ुख विभाग सभी ने अपनी पारंपरिक एवं भावभीनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। पांच परगना किसान कॉलेज द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य अत्यंत मनमोहक था।

महोत्सव में झारखंड के पारंपरिक परिधान, शिल्पकला, खाद्यान्न और वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें जनजातीय जीवनशैली और उनके रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली। यह महोत्सव केवल मनोरंजन का साधन नहीं था, बल्कि जनजातीय और क्षेत्रीय संस्कृतियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में एक प्रभावी कदम भी था। पहले दिन के कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों में प्रो। मुकुल कुमार (पूर्व प्राचार्य, पीपीके कॉलेज), प्रो। हंस कुमार, प्रो। भूतनाथ प्रमाणिक तथा पीपीके कॉलेज के तमाम विद्वान सहायक प्राध्यापक और विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रोफेसर व छात्र छात्राएं शामिल थे। निर्णायक मंडल में जुरा होरो, अरुण कुमार तिग्गा और कॉर्निलियस मिंज शामिल थे।

## अतिक्रमण हटाने के विरोध में व्यवसायियों ने बंद कराया मेदिनीनगर बाजार



**मेदिनीनगर, एजेंसी।** मेदिनीनगर नगर निगम पिछले पांच दिनों से बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चला रहा है। जिसमें बाजार क्षेत्र में दुकान के बाहर जितने भी दुकानदार अलग से दुकान लगाये गये हैं, उनको हटाने का काम किया जा रहा है। बाजार में जो भी ठेला लगाया गया है। उसे भी हटाने का आदेश दिया गया है। इसे लेकर व्यवसायियों में काफी आक्रोश है।

अतिक्रमण को लेकर शुक्रवार को सुबह से ही व्यवसायियों ने सभी दुकानों को बंद कराना शुरू कर दिया है। इस संबंध में डालटनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया ने बताया कि बिना नोटिस दिए हुए दुकानों को हटाया जा रहा है। यह गलत है। उन्होंने कहा कि जब तक वेंडर मार्केट का निर्माण नहीं हो जाता है। तब तक ठेला वाले को ठेला लगाने दिया जाय। कहा कि अतिक्रमण हटाने के पहले व्यवसायी और नगर निगम की एक संयुक्त टीम बने। जो बाजार में घूम-घूम कर अवैध निर्माण को चिन्हित करेगी। उसके बाद उसे तोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि दीनदयाल मार्ग जो काफी दिनों से बंद है। उसे खोला जाय। कांग्रेस भवन के पीछे खाली पड़े जमीन को पार्किंग के लिए चिन्हित किया जाना चाहिये, ताकि बाजार में जो व्यक्ति पहुंचते हैं। वे अपने वाहन को पहले पार्किंग करने के बाद बाजार में प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा की जय भवानी संघ के पास सभी व्यवसायी अभी जमा हुये हैं। वे लोग नगर आयुक्त को जाकर ज्ञापन सौंपेंगे।

बता दें कि साहित्य समाज चौक के पास नगर निगम के द्वारा एक मंदिर का बाउंड्री वॉल तोड़ दिया गया था। बाउंड्रीवॉल तोड़े जाने के विरोध में स्थानीय लोगों के द्वारा गुरुवार शाम को पांच बजे से लेकर रात नौ बजे तक साहित्य समाज चौक के पास रोड को जाम कर दिया गया था। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और सदर सीओ अमरजीत मल्होत्रा के काफी समझाने बुझाने के बाद भी वे लोग मानने को तैयार नहीं थे। जिसके बाद सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत मेहता के आश्वासन दिये जाने के बाद जाम हटाया गया था।

## रांची में भव्य रूप से आयोजित हुआ आरकेडीएफ का प्रथम दीक्षांत समारोह, 50 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

**रांची, एजेंसी।** रांची में रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन आरकेडीएफ विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह 19 दिसंबर को विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, आईसीएआर, नामकुम में भव्य और गरिमामयी तरीके से आयोजित किया गया। इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के 2019-2023 सत्र के विभिन्न स्ट्रीम से पास हुए 50 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 1061 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान संजय चतुर्वेदी को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए राम कृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची द्वारा मानव दर्शनशास्त्र में मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रो। (डॉ।) प्रवीन चंद्र त्रिवेदी ने अपने भाषण से छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें सामाजिक सेवा और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ। आशीष गौतम( अध्यक्ष), दिव्य प्रेम मिशन, हरिद्वार (उत्तराखंड) और संत शिरोमणि प्रदीप कौशिकजी महाराज, देवघर (झारखंड) उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ। बी। एन। सिंह, निदेशक, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश) और डॉ। ज्योति कुमार, सलाहकार भी समारोह में उपस्थित रहे और छात्रों को उनके भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।




डॉ। शुचितांग्शु चटर्जी, कुलपति, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की। उन्होंने छात्रों को सफलता के पथ पर आगे बढ़ने और अपने परिवार, समाज, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने इस आयोजन को विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए कहा कि यह समारोह छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए गर्व का क्षण है और एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।

समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिष्ठित अतिथियों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों और बड़ी संख्या में छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया।

## हाइकोर्ट ने सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में ब्लैक लिस्ट की गयी एजेंसी का रिव्यू पिटीशन खारिज किया

**रांची, एजेंसी।** सीजीएल परीक्षा-2023 के तहत 28 जनवरी 2024 को ली गयी परीक्षा के पेपर लीक को लेकर परीक्षा लेनेवाली एजेंसी को काली सूची में डालने के मामले में राहत नहीं मिल पायी। झारखंड हाइकोर्ट ने परीक्षा एजेंसी सैटवैट इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर रिव्यू पिटीशन पर अपना फैसला सुनाया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने रिव्यू पिटीशन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि आदेश के रिव्यू की कोई जरूरत नहीं है। पूर्व में मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद खंडपीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।




इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने काली सूची में डालने के झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अधिकार को चुनौती देते हुए 24 अप्रैल 2024 के आदेश को गलत बताते हुए निरस्त करने का आग्रह किया। बताया गया कि काली सूची में डालने के पूर्व एजेंसी का पक्ष नहीं सुना गया। तीन वर्ष तक काली सूची में डालने का आयोग को अधिकार नहीं है। उन्होंने कोर्ट के पूर्व के आदेश की समीक्षा करने का आग्रह किया। वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने प्रार्थी की दलील का विरोध किया तथा बताया कि आयोग को एकरारनामा के मुताबिक, शर्तों के उल्लंघन पर तीन वर्ष तक एजेंसी को काली सूची में डालने का अधिकार है। आदेश की समीक्षा की कोई जरूरत नहीं है।

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी सैटवैट इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने रिव्यू याचिका दायर की थी। प्रार्थी ने आदेश की समीक्षा करने का आग्रह किया था। पूर्व में कोर्ट ने परीक्षा लीक मामले में कंपनी सैटवैट इंफोसोल को डिबार करते हुए तीन साल के लिए काली सूची में डालने के जेएसएससी के आदेश को सही ठहराते हुए एजेंसी की याचिका को खारिज कर दिया था। जेएसएससी की ओर से सैटवैट इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने सीजीएल-2023 के तहत 28 जनवरी 2024 को परीक्षा का आयोजन किया था, जिसमें प्रश्न पत्र लीक के आरोप में अभ्यर्थियों के विरोध के बाद आयोग ने उक्त परीक्षा रद्द कर दिया था।

## राशन कार्ड के लिए नहीं करा पा रहे ई-केवाईसी, आदिम जनजाति परिवारों को सता रहा ये डर

**गारू(लातेहार), एजेंसी।** कृष्णा प्रसाद गुप्ता-लातेहार जिले के गारू प्रखंड में राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी (श्व-त्र्द्भष्ट) अनिवार्य कर दिया गया है। इससे राशन कार्डधारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाके में आधार सेवा केंद्र नहीं है। इसलिए गरीब परिवार के लोग आधार अपडेट नहीं करा पा रहे हैं। बड़ी संख्या में आदिम जनजाति परिवार ई-केवाईसी के लिए परेशान है।





गारू प्रखंड के लोगों ने लातेहार के उपायुक्त से इलाके में आधार सेवा केंद्र खोलने की मांग की है, ताकि गरीब परिवार के लोग आसानी से आधार अपडेट समेत अन्य कार्य करा सकें और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जा सके। ये इलाका जिला मुख्यालय से काफी दूर है। इस कारण गरीब आदिम जनजाति परिवारों के लिए शहर आकर आधार अपडेट कराना बेहद मुश्किल हो रहा है।

राशन कार्डधारी राजेश कुमार ने बताया कि आधार सेवा केंद्र नहीं होने के कारण गारू प्रखंड के ग्रामीण लातेहार जिला मुख्यालय और अन्य स्थानों पर जा कर आधार कार्ड अपडेट करा रहे हैं। इससे सिर्फ समय की ही नहीं, बल्कि पैसे की भी बर्बादी हो रही है। कई ग्रामीण इसमें असमर्थ हैं। वे अपने आधार कार्ड को अपडेट नहीं करा पा रहे हैं। लिहाजा उनका ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है।

राशन डीलर उमेश प्रसाद ने जानकारी दी कि ई-केवाईसी नहीं होने पर राशन कार्ड से परिवार के सदस्यों का नाम राशन कार्ड से कट सकता है। ऐसे में गरीब परिवारों को राशन मिलने में दिक्कत होगी। उन्होंने सभी राशन कार्डधारियों से जल्द से जल्द ई-केवाईसी करा लेने की अपील की है।

# अवैध बालू कारोबारियों ने खनन विभाग के अधिकारियों पर किया हमला, चार नामजद

**धनबाद, एजेंसी।** सरायढेला थाना क्षेत्र के बालाजी पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को दिनदहाड़े अवैध बालू कारोबारियों ने खनन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया। पूर्वाह्न 10 बजे इस घटना को अंजाम दिया गया। मामले को लेकर सरायढेला थाना में खान निरीक्षक बसंत उरांव की लिखित शिकायत कोल कुसमा निवासी राजेंद्र सिंह, निरसा ग्राम मोराईडीह के रहने वाले असीम मंडल उर्फ चीकू मंडल, राकेश मंडल उर्फ प्रकाश मंडल तथा गोविंदपुर के राहुल सिंह व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। 22 दिनों के अंदर बालू माफियाओं ने इस तरह की दूसरी घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार को सरयाढेला थाना में खनन विभाग के अधिकारी द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के अनुसार खान निरीक्षक विजय करमाली, सुमित प्रसाद द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस क्रम में टीम ने बालाजी पेट्रोल पंप के पास बलियापुर रोड पर बिना परिवहन चालान के बालू लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ा। अचानक 8-10 लोगों ने धारदार हथियार, लाठी, डंडा, बेलचा, पत्थर के साथ खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला कर दिया। बिना परिवहन चालान के बालू लदे दोनों वाहनों को वहां से भगा दिया। स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान हमलावरों के नाम की जानकारी मिली। इस दौरान खनन विभाग का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया।



इसके पूर्व टीम ने सुबह लगभग 8:00 बजे डीजीएमएस के सामने हटिया मोड़ के पास चार टाटा 407 मालवाहक (संख्या जेएच 10 जी 4737, जेएच 10 ए 3282, जेएच 09 एम 7478 तथा बीआर 16 जी 8963) को बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा। टीम ने चारों वाहन को जब्त कर धनबाद थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज करा दी। खान निरीक्षक बसंत उरांव ने चारों वाहनों के चालक व मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

इससे पहले बालू माफियाओं ने 28 नवंबर की रात बरवाअड्डा में गोविंदपुर के सीओ धर्मेंद्र दुबे पर जानलेवा हमला किया था। उन्हें गंभीर चोटें आयी थी। साथ ही मोबाइल भी छीन लिया था, सीओ ने 29 नवंबर को बरवाअड्डा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। लेकिन, आज तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। यहां बालू माफियाओं का मनोबल लगातार बढ़ा हुआ है।

## पैंट्री कार एजेंसी पर लगा जुर्माना, मैनेजर टर्मिनेट

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद स्टेशन में आइआरसीटीसी टीम के साथ हुई मारपीट मामले को लेकर बुधवार को आइआरसीटीसी रिजनल मैनेजर राजेश कुमार समेत अन्य अधिकारी धनबाद पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा से मिले। सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार की मौजूदगी में बैठक की गयी। आइआरसीटीसी के अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई के साथ ही सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करने की मांग रखी। इसपर अधिकारियों ने सहयोग का भरोसा दिया है। मामले में रेलवे की ओर से कार्रवाई करते हुए पैंट्री कार एजेंसी पर दो लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। साथ ही पैंट्री कार मैनेजर को टर्मिनेट कर दिया गया है।

धनबाद स्टेशन पर सोमवार की रात गंगा-सतलज एक्सप्रेस की जांच करने आइआरसीटीसी एरिया आफिसर राकेश कुमार सिंह व आफताब हुसैन पहुंचे थे। इस दौरान कुछ लोग अवैध सामान और लोकल ब्रांड का पानी ट्रेन में चढ़ा रहा था। मना करने पर मारपीट की गयी।

इस घटना में राकेश कुमार और आफताब गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। राकेश के कान का आपरेशन हो चुका है। उनके कान में यंत्र लगा है। वहीं आफताब दिव्यांग हैं। पिटाई से दोनों के सिर पर चोट लगी है। पटना से आये आइआरसीटीसी के अधिकारियों ने उनसे मिलकर उनका हाल जाना, हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। बुधवार को दोनों को एसएनएमएमसीएच से छुट्टी करा कर बेहतर इलाज के लिए ले जाया गया है। वहीं इस मामले में जीआरपी ने राकेश कुमार सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है।

## अडानी पर आरोप डीप स्टेट की साजिश का प्रोपेगेंडा

भारत पूंजीवाद का नया इतिहास रच रहा है! भारत मानों गौतम अडानी का गिरवी हो गया है! यदि अडानी ग्रुप का कोई भी भंडा फूटे तो वह दुश्मन के 'डीप स्टेट की साजिश है! उसकी बात करना, उस पर संसद में बहस चाहना विपक्ष का देशद्रोह है। भारत को अस्थिर बनाना है। सीधे प्रधानमंत्री पर हमला है! सत्ता और सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ साजिश है! दुनिया की नंबर एक महाशक्ति अमेरिका के 'डीप स्टेट का भारत पर हमला है! इसलिए हम अमेरिका को एक्सपोज करेंगे। अमेरिका से लड़ेंगे। विपक्ष की बोलती बंद करेंगे। विपक्ष, नेता विपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी और उस नेहरू-गांधी परिवार को देशद्रोही करार देंगे, जिसने देश को पचास साल चलाया। यह परिवार अमेरिका, उसकी संस्थाओं, उसकी 'डीप स्टेट का पि_ है। ये भारत के जगत सेठ गौतम अडानी के खिलाफ इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि इसने अमेरिका और दुनिया के खरबपति पूंजीपतियों को पछाड़ा है। वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व-कृतित्व की उस इकलौती उपलब्धि, 140 करोड़ भारतवासियों की आन-बान-शान के विरोधी हैं, जबकि वह सवा सौ करोड़ भूखों के फ्री लंगर की शान है। देश-दुनिया में मोदीजी की आन है, जिससे भारत सोने की चिड़िया बना है। दुनिया में, पूंजीवाद के इतिहास का ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जो अडानी का है। इतिहास में नए पुराने जितने खरबपति-अरबपति हुए हैं उनमें आज तक ऐसा एक भी पूंजीपति नहीं हुआ है जिस पर गोलमाल के आरोप लगे और वह राष्ट्र का गौरव बने! उसकी रक्षा के लिए राष्ट्र, सरकार, संसद सब कुरबान हो तथा विपक्ष या विरोधी भ्रष्टाचार का शोर करें तो ससंद में बहस न हो। उलटे विपक्ष को विदेश का पि_ करार दिया जाए। मीडिया खबरें न छापे। और अडानी के लिए सरकार, उसके चेहरे सब वैसी ही जनसंपर्क, लॉबी की भूमिका में हों जैसे कभी धीरूभाई अंबानी के लिए दिल्ली में बालू और टोनी किया करते थे। अंबानी पर भी कई बार बवाल हुए। लेकिन मुझे ध्यान नहीं है कि इंदिरा गांधी, प्रणब मुखर्जी या किसी भी सरकार ने धीरूभाई अंबानी को भारत की आन-बान-शान करार दे कर उनके खिलाफ अमेरिका की 'डीप स्टेट या सीआईए की साजिश बताई हो। या संसद में बहस नहीं होने दी हो। या वाणिज्य, वित्त आदि की किसी भी भूमिका में प्रणब मुखर्जी ने रिलायंस का बचाव किया हो। इसलिए समकालीन इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने अडानी के लिए देश के विपक्ष, राहुल गांधी-सोनिया गांधी, अमेरिका, 'डीप स्टेट आदि पर हमले का जो कर्म किया है वह न केवल पूंजीवाद और आजाद भारत के इतिहास की अनहोनी है, बल्कि यह सवाल भी बनाते हुए है कि अडानी पर हल्ला क्या मोदी सरकार की अस्थिरता है? ऐसा कैसे है कि गली-गली में शोर अडानी का है और घबराई हुई सरकार है! इतना ही नहीं भाजपा और उसके प्रवक्ता सब अडानी के कारतूस बने हुए हैं! यदि अमेरिकी 'डीप स्टेट, अस्थिरता की साजिश, राहुल-सोनिया देशद्रोही, वित्तीय गोलमाल जैसी बातें हैं तो इसके लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस विदेश मंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री या राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैसों को करनी चाहिए या नहीं? अडानी ग्रुप न भाजपा सदस्य है और न आरएसएस का स्वंयसेवक है। और यदि वह चंदा या गुरू दक्षिणा देता भी हो तब भी वैश्विक बदनामी (याद करें और उन रिपोर्टों को पढ़ें, जिनमें अडानी के ठेके को रद्द करते हुए केन्या की संसद ने कैसी तालियां बजाईं तथा लोगों ने भारतीयों पर कैसी टिप्पणियां कीं) की हकीकत में संघ परिवार उसके लिए क्योंकर लाठी ले कर खड़ा होगा? चाल, चेहरे, चरित्र का कोई लोकलाज नहीं? सोचें, अडानी, हिंडनबर्ग रिपोर्ट, हेज फंड मैनेजर 92 वर्षीय सोरोस की तुकबंदी से भाजपा कह रही है कि सबके पीछे उद्देश्य मोदी सरकार को अस्थिर करना है। कांग्रेस नेतृत्व (राहुल गांधी, सोनिया गांधी) देश और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस के पेरोल पर हैं। भारत के खिलाफ गतिविधियों में अमेरिका के डीप स्टेट का हाथ है। ऐसी कथित भयावह साजिश के बावजूद सरकार से अधिकृत या विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का एक शब्द नहीं बोलना। अडानी पर आरोप और सीधे अमेरिका की 'डीप स्टेट की साजिश का प्रोपेगेंडा! जबकि हाल में अमेरिकी अदालत ने खालिस्तानी पन्नू की हत्या की साजिश में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, पूर्व रॉ चीफ, ऱॉ एजेंट व एक कारोबारी को समन जारी किया मगर तब तो सरकार और भाजपा ने एक शब्द इनके बचाव में नहीं बोला।

## ऊंची महंगाई वास्तविक आय को प्रभावित कर रही

बैलेंस सीट को सुधारना अच्छी बात है। लेकिन मुनाफे और श्रमिकों की आय के बीच संतुलन भी बने रहना चाहिए। यह नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉपोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी। सरकार के कर्ता-धर्ताओं को अहसास होने लगा है कि भारत की 'ग्रोथ स्टोरी कहीं अटक गई है। वजह आबादी के बहुत बड़े वर्ग की उपभोग क्षमता में गिरावट है। नतीजतन मांग गिर गई है और उसका असर अब कॉरपोरेट सेक्टर पर भी पड़ रहा है। यह स्थिति बनी रही, तो जीडीपी की तीव्र वृद्धि दर के दावे को कायम रखना कठिन हो जाएगा। वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की ताजा चिंता का यही संदर्भ है। पिछले हफ्ते एसोचैम के एक आयोजन में उन्होंने कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आमदनी के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। कहा कि कॉरपोरेट का मुनाफा 15 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। लेकिन इससे हुई आमदनी के ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल कंपनियों ने ऋण चुकाने में किया है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे की तुलना में कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं बढ़ी है। नागेश्वरन ने कहा- 'बैलेंस सीट को बेहतर करना अच्छी बात है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आय वृद्धि के बीच संतुलन बने रहना चाहिए। यह अनुपात कायम नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉपोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी। यह वो बात है, जिस पर अनेक विशेषज्ञ पहले से रोशनी डालते रहे हैं। पिछले कुछ समय से कंपनी अधिकारी और मार्केट एजेंसियां भी इस बात को दो-टूक से कहने लगी हैं कि देश में मध्य वर्ग ढह रहा है। इससे संबंधित ताजा रिपोर्ट मार्केट एजेंसी- कैंटार की आई है। शीर्षक गौरतलब हैः इंडिया ऐट क्रॉसरोड्स (चौराहे पर भारत)। कैंटार साउथ एशिया के महानिदेशक सौम्य महंती ने कहा- 'कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार व्यावहारिक रूप में 'के आकार का रहा है, जिसमें मध्य वर्ग पिस गया है।

# जनसंख्या गिरावट पर मोहन भागवत की चिंता

बलबीर पुंज




संघ प्रमुख ने जिस आशंका को प्रकट किया हैं, उससे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय जनप्रतिनिधियों का एक समूह परिचित तो है, लेकिन अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण उसे जनविमर्श का हिस्सा बनाने से न सिर्फ बचता है, बल्कि उसे नया रंग देने का प्रयास भी करता है। आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर क्या हमें हकीकत को नहीं देखना चाहिए? क्या यह सच नहीं कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में हिंदुओं की जनसंख्या, मुस्लिमों के अनुपात में लगातार घट रही है?

बीते दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट पर अपनी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है तो वह समाज पृथ्वी से लुप्त हो जाता हैज् इस तरह अनेक भाषाएं और समाज नष्ट हो गए ज्जनसंख्या विज्ञान का कहना है कि हमें दो या तीन से अधिक बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। समाज को जीवित रखने के लिए संख्या महत्वपूर्ण है।

जैसे ही उनका विचार मीडिया की सुर्खियों में आया, वैसे ही स्वयंभू सेकुलरवादी और वामपंथी तिलमिला उठे। संघ प्रमुख ने जिस आशंका को प्रकट किया हैं, उससे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय जनप्रतिनिधियों का एक समूह परिचित तो है, लेकिन अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण उसे जनविमर्श का हिस्सा बनाने से न सिर्फ बचता है, बल्कि उसे नया रंग देने का प्रयास भी करता है। आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर क्या हमें हकीकत को नहीं देखना चाहिए? क्या यह सच नहीं कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में हिंदुओं की जनसंख्या, मुस्लिमों के अनुपात में लगातार घट रही है? क्या मजहब का भारत की एकता-अखंडता और इस राष्ट्र के शाश्वत मूल्यों— बहुलतावाद, लोकतंत्र और सेकुलरवाद के साथ सीधा संबंध है या नहीं? देश में जहां-जहां आज हिंदू अल्पसंख्यक है, उनमें से अधिकतर क्षेत्र क्या अलगाववाद से ग्रस्त नहीं? संघ प्रमुख के विचार पर त्वरित कोई राय बनाने से पहले क्या इन सवालों के जवाब ईमानदारी से खोजने चाहिए। क्या यह सत्य नहीं कि ब्रिटिशकालीन भारत, जनसांख्यिकीय में आए परिवर्तन के कारण ही विभाजित हुआ था? इस त्रासदी में जिन दो मुल्कों— पाकिस्तान और बांग्लादेश का जन्म हुआ, वह घोषित रूप से इस्लामी है। अपने वैचारिक अधिष्ठान के अनुरूप इन दोनों ही देशों में हिंदू, बौद्ध और सिख आदि अल्पसंख्यकों के लिए न तो कोई स्थान है और न ही उनके मानबिंदु (मंदिर-गुरुद्वारा सहित) सुरक्षित। विडंबना है कि सिंधु नदी, जिसके तट पर हजारों वर्ष पूर्व ऋषि परंपरा से वेदों की रचना हुई— उस क्षेत्र में आज उनका नाम लेने का कोई नहीं बचा है। भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक 'असुरक्षितÓ कौन है? विश्व के इस भूखंड में कुल मिलाकर 180 करोड़ लोग बसते है, जिसमें भारत 140 करोड़, पाकिस्तान 23 करोड़ और बांग्लादेश की आबादी 17 करोड़ है। 180 करोड़ में 112 करोड़ हिंदू है, जबकि मुस्लिम 62 करोड़ से अधिक मुस्लिम। विभाजन से पूर्व, इस भू-भाग की कुल आबादी में हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन अनुयायियों का अनुपात 75 प्रतिशत, तो मुस्लिम अनुपात 24 प्रतिशत था। स्वाधीनता से लेकर आज तीनों देशों में हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन घटकर 62 प्रतिशत रह गए है, जबकि मुस्लिम बढ़कर 34 प्रतिशत हो गए। आज हिंदुओं-सिखों-बौद्ध-जैन की जो वास्तविक संख्या 135 करोड़ या उससे अधिक होनी चाहिए थी, वह घटकर 112 करोड़ रह गई है। यक्ष प्रश्न है कि इस भूखंड से पिछले सात दशकों में 23 करोड़ हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन कहां गायब हो गए?

बात यदि खंडित भारत की करें, तो अरुणाचल प्रदेश में 2001 से 2011 के बीच हिंदुओं की जनसंख्या 5.56त्न तक घट गई है। वर्ष 1971 में इस प्रदेश की कुल जनसंख्या में ईसाई एक प्रतिशत भी नहीं थे, लेकिन वर्ष 2011 में वे 30त्न हो गए। इस दौरान बौद्ध अनुयायियों की संख्या भी घट गई है। असम में 2001 की जनगणनीय तुलना में हिंदू आबादी 2011 में लगभग तीन प्रतिशत घटी है। इस दौरान असम में हिंदू वृद्धि दर लगभग 11त्न, तो मुस्लिम आबादी 29त्न रही। प.बंगाल में भी हिंदुओं की वृद्धि दर तेजी से घट रही है। केरल में हिंदू जनसंख्या गत 100 वर्षों में 14 प्रतिशत घट चुकी है।

स्वतंत्रता से पहले नागालैंड और मिजोरम— दोनों आदिवासी बहुल क्षेत्र थे। दिलचस्प तथ्य है कि वर्ष 1941 में नागालैंड की कुल आबादी में जहां ईसाई लगभग शून्य थे, तो मिजोरम में ईसाई आबादी आधा प्रतिशत भी नहीं थी। परंतु वह एकाएक 1951 में बढ़कर क्रमशः 46 और 90 प्रतिशत हो गए। 2011 की जनगणना के अनुसार, दोनों राज्यों की कुल जनसंख्या में ईसाई क्रमशः 88 और 87 प्रतिशत है। मेघालय की भी यही स्थिति है। इसी जनसांख्यिकीय स्थिति के कारण इन राज्यों में चर्च का अत्याधिक प्रभाव है।

इसी वर्ष अगस्त-सिंतबर में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अमेरिका में भाषण देते हुए तीन देशों के ईसाई-बहुल क्षेत्रों को शामिल करते हुए 'ईसाई राज्य के दृष्टिकोण को साझा किया था। यहां अनुमान लगाना आसान है कि लालदुहोमा— भारत, बांग्लादेश और म्यांमार की बात कर रहे थे। इस षडय़ंत्र का संकेत बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भी दे चुकी थी।

यदि हिंदू बहुल भारत का एक तिहाई हिस्सा अगस्त 1947 में इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान बन गया, तो 21वीं सदी से पहले ईसाई बहुल सर्बिया का हिस्सा रहे मुस्लिम बहुल कोसोवो ने 2008 में स्वयं को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों में से 104 देशों ने कोसोवो को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता भी दी है। इसी तरह मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया का अंग रहे ईस्ट तिमोर (तिमोर लेस्ते) ने मई 2002 में स्वयं को अपनी ईसाई बाहुलता के कारण आजाद मुल्क घोषित कर दिया। यही स्थिति ईसाई बाहुल्य दक्षिणी सुडान की भी है, जिसने इस्लामी राष्ट्र सुडान से कटकर स्वयं के स्वतंत्र होने का ऐलान कर दिया। यह उदाहरण है कि कैसे मजहबी-सांस्कृतिक भिन्नता, किसी देश का विखंडन कर सकती है।

वास्तव में, पिछले 1,400 वर्षों में भारतीय उपमहाद्वीप में जहां-जहां उसके मूल सनातन मतावलंबियों का भौतिक-भावनात्मक ह्रास हुआ, वहां-वहां भारत की भौगोलिक सीमा सिकुड़ती गई, तो बहुलतावाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता जैसे जीवनमूल्यों का पतन हो गया। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कश्मीर— इसके हालिया प्रमाण है। सच तो यह है कि देश के हिंदू चरित्र के कारण यहां पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्र और बहुलतावाद अबतक जीवित है। लेकिन यह भी उसी हद तक ही जिंदा रह सकती है, जब तक सनातन अनुयायियों की संख्या है। कोई भी विचार और संस्कृति केवल अपनी गुणवत्ता के बल पर ही सांस नहीं ले सकती, संख्याबल भी उतनी जरूरी है।

# विश्व ध्यान दिवसः आत्म-साक्षात्कार और विश्व शांति की ओर एक कदम

डॉ नीलम महेंद्र

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसंबर से विश्व ध्यान दिवस मनाने की घोषणा एक ऐतिहासिक कदम है। दरअसल मेडिटेशन या ध्यान को सदियों से केवल आध्यात्म से जोड़ कर देखा जाता था। लेकिन आज विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि मेडिटेशन का सकारात्मक प्रभाव केवल मानव के मन या मस्तिष्क ही नहीं उसके तन पर भी पड़ता है। इसलिए 21 जून को योग दिवस मनाए जाने के बाद सम्पूर्ण विश्व में अब 21 दिसंबर को ध्यान दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य योग की ही भांति ध्यान को जन-जन तक पहुंचाना और इसे मानव जीवन के अभिन्न अंग के रूप में स्थापित करके एक स्वस्थ विश्व की नींव मजबूत करना है। वस्तुतः वर्तमान युग में जब मनुष्य तेजी से भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवन जीने के लिए विवश है, ध्यान उसके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित करने का एक सहज, सरल प्राकृतिक साधन बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आज वैश्विक स्तर पर प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन गई हैं। वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 280 मिलियन लोग मानसिक रूप से पीड़ित हैं और 40% युवा तनाव और मानसिक अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। खास बात यह है कि ध्यान, एक साधारण लेकिन शक्तिशाली प्रक्रिया, इन समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रदान कर सकती है। अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि ध्यान मस्तिष्क में डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे सकारात्मक रसायनों के स्तर को बढ़ाता है, जो तनाव को कम करते हैं और मूड को स्थिर रखते हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, केवल आठ सप्ताह के ध्यान अभ्यास से मस्तिष्क के ग्रे मैटर में वृद्धि देखी गई, जो सीखने, याददाश्त और भावनात्मक विनियमन में सहायक है। इस प्रकार विभिन्न शोधों में यह बात वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध हो चुकी है कि ध्यान केवल मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि नियमित रूप से इसका अभ्यास उसके जीवन के हर पहलू को समृद्ध कर सकता है। ध्यान के वैज्ञानिक आधार को समझने के लिए न्यूरोसाइंस में किए गए शोधों पर ध्यान देना आवश्यक है। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में किए गए एक अन्य अध्ययन में यह पाया गया कि नियमित ध्यान मस्तिष्क के अमिगडाला (जो भय और तनाव का केंद्र है) की गतिविधि को कम करता है, जिससे व्यक्ति तनावपूर्ण स्थितियों में भी शांत और संतुलित बना रहता है। ध्यान के इन वैज्ञानिक लाभों को अब विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र अब ध्यान को मानसिक स्वास्थ्य उपचार का हिस्सा बना रहे हैं। कैंसर, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से पीड़ित रोगियों के लिए ध्यान को सहायक चिकित्सा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। जर्नल ऑफ क्लिनिकल साइकॉलजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह पाया गया कि ध्यान से न केवल मरीजों के दर्द की अनुभूति कम होती है, बल्कि उनमें इलाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित होता है। ध्यान का प्रभाव केवल मानसिक स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है। शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान के प्रभाव को भी अब व्यापक रूप से स्वीकार किया जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार, ध्यान नियमित रूप से करने से हृदय की गति और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जिससे हृदय रोगों का जोखिम 30% तक कम हो सकता है। इसके अलावा, ध्यान प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करता है, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में अधिक सक्षम बनता है। इतना ही नहीं रिसर्च में यह बात भी सामने आई कि ध्यान का प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर पर सीमित नहीं होता। जब एक व्यक्ति ध्यान करता है, तो वह अपनी आंतरिक ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में केंद्रित करता है, जिसका असर उसके आस-पास के वातावरण पर भी पड़ता है। कई अध्ययनों ने यह साबित किया है कि सामूहिक ध्यान के दौरान अपराध दर में गिरावट, सामाजिक सौहार्द में वृद्धि और पर्यावरणीय सामंजस्य जैसे सकारात्मक परिवर्तन देखे गए हैं। 1993 में वाशिंगटन डी.सी. में किए गए एक शोध में पाया गया कि सामूहिक ध्यान के दौरान शहर में अपराध दर में 23% की गिरावट आई। मेडिटेशन जैसे एक सरल माध्यम से मानवीय आचरण में इस प्रकार के मूलभूत बदलाव इसकी वैज्ञानिकता (मनोवैज्ञानिकता) का प्रमाण है। मेडिटेशन के इन्हीं सकारात्मक प्रभावों को देखते हुए आज कॉर्पोरेट कल्चर वाली कई मल्टिनैशनल कंपनियां अब ध्यान को अपनी कार्य संस्कृति में शामिल कर रही हैं। गूगल, एप्पल, और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रमुख कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए नियमित ध्यान सत्र आयोजित कर रही हैं। आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में हमारे बच्चे भी पढ़ाई में अपने प्रदर्शन को लेकर तनाव में रहते हैं। अध्ययन बताते हैं कि जो छात्र नियमित रूप से ध्यान करते हैं, उनकी एकाग्रता, स्मरणशक्ति और भावनात्मक संतुलन में सुधार होता है। भारतीय विद्यालयों में किए गए एक पायलट प्रोजेक्ट में पाया गया कि ध्यान के नियमित अभ्यास से बच्चों की परीक्षा में प्रदर्शन में 20% तक सुधार हुआ। हालांकि, ध्यान के महत्व को समझने और इसे अपने जीवन में शामिल करने के लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। अभी भी दुनिया की 60% से अधिक आबादी ध्यान के लाभों और इसकी प्रक्रिया से अनभिज्ञ है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व ध्यान दिवस मनाने का यह निर्णय निश्चित ही वैश्विक स्तर पर लोगों में मेडिटेशन के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। निस्संदेह यह प्रयास एक स्वस्थ एवं समर्द्ध विश्व की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है ।




**मेष राशि**-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे, अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, नए क्लाइंट के साथ मीटिंग होगी। अगर आप अपने बच्चों के लिए शादी का रिश्ता ढूंढ रहे है, तो आज आपको अच्छा रिश्ता मिलेगा। किसी खास व्यक्ति की मुलाकात से आपको फायदा होगा।

**वृष राशि**-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज पैसो से रिलेटेड सारी परेशानियों का हल जल्दी ही निकल आयेगा। किसी खास रिश्तेदार के घर आगमन से खुशियों का माहौल बनेगा। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, बस आप मेहनत पर कंसन्ट्रेट करें। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे जिसमें अन्य लोगों का भी सहयोग रहेगा।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ देने वाला रहेगा। आज अपने बेटे के अच्छे करियर के लिए आपको अपना निवास स्थान चेंज करना पड़ सकता है। नए स्थान पर आपका बिजनेस ज्यादा ग्रो करेगा और आपके बेटे का करियर भी अच्छा बनेगा। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस को दूर दराज़ तक फ़ैलाने के लिए आज आप अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे, जिससे बिजनेस को आगे बढ़ाने में आ रही परेशानियाँ दूर होंगी। किसी मेहमान के घर पर आने से बच्चों में उत्साह दिखेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर जाकर कुछ देर जनसेवा का कार्य करेंगे, जिससे परिवार वाले प्रसन्न दिखेंगे।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी नए बिजनेस में इन्वेस्ट करने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, जिससे परिवार से आपको सपोर्ट मिलेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए तैयार रहें । शुरू किए गए ज्यादातर काम पूरे हो सकते हैं ।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन आपके फेवर में रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्बल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपना रुतबा कायम रखेंगे। किसी समारोह का आयोजन होगा, जिनमे उनकी सहभागिता रहेगी। अपने खानपान की लिस्ट में ताज़े फलों और हरी सब्जियों को इ्नस्त्र करें, जिससे आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

**तुला राशि**-आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। आप अपने करियर में नया आयाम स्थापित करने में सफल रहेंगे। परिवार में चल रही अनबन को लेकर आप सबके साथ विचार विमर्श करेंगे, शाम तक सब सही हो जायेगा। इस राशि के लवमेट अपने रिश्ते को लेकर सीरियस होंगे, घर पर बात करने का मन बनायेंगे। बिजनेस में सफलता प्राप्त करने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन लकी रहेगा। हाउसिंग प्रोजक्ट पर काम करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप नया वाहन लेने से पहले अपने परिवार वालों से विचार करेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको वापिस मिल जायेगा, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा।


**धनु राशि**-आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आयेगा। बड़ी बेटी का सिलेक्शन किसी अच्छी जॉब में हो जाने पर घर में खुशियों का माहौल रहेगा। घर की सजावट के लिए आपको जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऑफिस में आपके काम करने के तरीके को देखकर आपके विरोधी आपकी हेल्प मांगेंगे। सब लोग आपके द्वारा किये गये कार्यों की तारीफ़ करेंगे।

**मकर राशि**-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज बिजनेस वर्ग के लोगों के लिए दिन शुभ हैं । धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं । साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा । जमीन से जुड़ा किसी प्रकार का मामला आज सुलझ जायेगा । आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है । लाभ होने की सम्भावना बन रही है । आपकी सफलता सुनिश्चित होगी।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है । आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी । आज आप दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे । रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। खेलकूद से जुड़े लोगों को सफलता के मौके मिलेंगे।

**मीन राशि**-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग आज कैंसिल हो सकती है। आपको आज फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए।

## शब्द पहेली - 8348



### बाएँ से दाएँ

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा-3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

### ऊपर से नीचे

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य करना-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मक्खन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाती जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

### शब्द पहेली -8347 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
**फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website :** www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ० यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024



**संक्षिप्त समाचार**

## बिहार म्यूजियम पहुंची अमेरिका गई मिथिला पेंटिंग, कंजर्वेशन शुरू

**पटना, एजेंसी।** बिहार के नामचीन कलाकारों की ओर से बनायी गयी 113 मधुबनी पेंटिंग बिहार संग्रहालय आ चुकी है. 60 वर्ष पहले यह पेंटिंग बिहार से अमेरिका की संस्था एथनिक आर्ट्स फाउंडेशन के पास गई थी. यह सारी पेंटिंग्स एक बार फिर से बिहार संग्रहालय पहुंच गई है. यह पेंटिंग अपने आप में खास है, क्योंकि यह 1960-1980 के दशक के कलाकारों ने बनायी गयी थी. बिहार म्यूजियम पूरे देश में ऐसा संग्रहालय बन गया है, जिसके पास मिथिला पेंटिंग का इतना बड़ा कलेक्शन है.

अभी इसके कंजर्वेशन पर काम शुरू हो चुका है. यहां पहले से रीजनल गैलरी में छह से ज्यादा पेंटिंग्स मौजूद है. अमेरिका से आये इन पेंटिंग्स में कलाकार कृष्णकांत झा, जमुना देवी, चानो देवी, उत्तम पासवान, संतोष कुमार दास, रजनी, बिमला दत्त, जोगमाया देवी, रंजीत पासवान, अमृता झा, हीरा देवी, ललिता देवी, शशिकला देव, कर्पूरी देवी जैसे कलाकारों की दुर्लभ पेंटिंग्स मौजूद है. संग्रहालय की पहल पर आयी पेंटिंग्स अमेरिका के रेमंड ली वोएन्स ने इस संस्था की स्थापना 1970 में की थी.

इसका मकसद मिथिला चित्रकला और कलाकारों के गुणवत्ता के साथ आर्थिक समृद्धि में योगदान देना था. 1977 में वोएन्स भारत आये और मधुबनी के कलाकारों से मिलकर उनकी बनायी सैकड़ों पेंटिंग अमेरिका लेकर चले गये. जहां उन्होंने इस कला को बढ़ावा देने के लिए वहां कई एग्जीबिशन लगाये और इस कला का प्रसार-प्रचार किया. पर वर्ष 2000 में वोएंन्स की मृत्यु के बाद कमेटी की ओर से संस्था चलाया जा रहा था.

## बिहार में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियार के साथ दो तस्करों को दबोचा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के नालंदा जिले में बीती रात बोधगया एसटीएफ ने भारी मात्रा में अवैध हथियारों और कारतूसों के साथ दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश कुमार और मोहम्मद नौशाद खान के रूप में की गई है. राजेश कुमार दीपनगर थाना क्षेत्र के जोरारपुर गांव का रहने वाला बताया जा रहा है. जबकि नौशाद खान मानपुर थाना क्षेत्र के पलटपुरा गांव का निवासी है.

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है. बोधगया एसटीएफ के एसआई नरेंद्र कुमार झा के नेतृत्व में टीम गठित कर दीपनगर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास अस्थावां मार्ग से दोनों आरोपियों को दबोचा गया है. आरोपियों के पास से एक एसबीबीएल गन, तीन देसी कट्टे, दो देशी पिस्तौल के साथ-साथ 315 बोर के 150 जिंदा कारतूस और 12 बोर के 30 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. एसटीएफ को यह सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध हथियारों की एक बड़ी खेप आने वाली है. इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम ने डिलीवरी से पहले ही आरोपियों को दबोच लिया. पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि यह गिरोह लंबे समय से बिहार के विभिन्न हिस्सों में अवैध हथियारों की तस्करी कर रहा था. एसटीएफ अब इस हथियार तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है. इस संबंध में दीपनगर थाने में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

## बेगूसराय में 2 गुटों के बीच हुई गोलीबारी, सिर में गोली लगने से रास्ते से गुजर बच्ची की मौत

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय में गोली लगने से एक 12 साल की बच्ची की मौत हो गई. मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदिरी गांव के महाजी टोला में दो पक्षों के झगड़े के दौरान फायरिंग हो रही थी. इसी दौरान बच्ची वहां से गुजर रही थी. गोली बच्ची के सिर से आरपार हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मटिहानी थानाध्यक्ष नितेश कुमार दल बल के साथ पहुंचे. दो-तीन और थानों की पुलिस भी पहुंची. सदर एसडीपीओ-01 को भी घटनास्थल पर भेजा गया. एफएसएल की टीम से भी जांच करवाई गई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गांव के ही अरुण पासवान की 12 वर्षीय बेटी ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी. महाजी टोला में जब दो पक्षों में वर्चस्व को लेकर गोलीबारी हो रही थी, तो वह इस घटना में शिकार हो गई. गोली लगते ही बच्ची जमीन पर गिर गई. स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे. बच्ची के परिजनों को घटना की सूचना दी।

# बिहार में जल्द 545 नए पदों पर होंगी नियुक्तियां, प्रपोजल को मिल गई हरी झंडी

**पटना, एजेंसी।** 545 नए पदों के सृजन को मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई है। मंत्रिमंडल के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के 459 अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 43 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।



अपर मुख्य सचिव ने बताया कि अति विशिष्ट नेत्र विज्ञान केंद्र, राजेंद्र नगर (पटना) के सुगम संचालन के लिए 18 अनुपयोगी पदों को खत्म कर दिया गया है। इसके साथ ही 72 अतिरिक्त पद सृजन की स्वीकृति दी गई है।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के अधीन पूर्व से सृजित छह पदों का प्रत्यर्पण तथा पांच नए पदों के सृजन का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है।

इसके अलावा अनुमंडलीय न्यायालय बिरौल में एक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के लिए अराजपत्रित कोटि के नौ पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

राज्य के 2500 आंगनबाड़ी केंद्रों को नए भवन मिलेंगे। प्रति भवन निर्माण कार्यो के लिए सरकार 12 लाख रुपये खर्च करेगी। ढाई हजार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए मंत्रिमंडल ने तीन सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

तीन सौ करोड़ रुपये में 255 करोड़ रुपये नाबार्ड से बतौर ऋण लिए जाएंगे, जबकि 45 करोड़ रुपये राज्य मद से खर्च किए जाएंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

डॉ. भीमराव आंबेडकर अनुसूचित जाति व जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय के 720 आसन वाले भवन के लिए 46.07 करोड़ रुपये स्वीकृत। अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय सहरसा मौजा बसौना में 560 आवासन वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के लिए 50.41 करोड़ रुपये स्वीकृत। मौजा ददरी मुंगेर में 560 बेड वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के लीए 56.80 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए हैं।

### महंगाई भत्ता में सात प्रतिशत की वृद्धि

मंत्रिमंडल ने पंचम केंद्रीय वेतनमान प्राप्त करने वाले कर्मियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ता में तीन प्रतिशत, जबकि षष्ठम केंद्रीय वेतनमान प्राप्त कर्मियों पेंशनरों के महंगाई भत्ता में सात प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। पंचम वेतनमान प्राप्त करने वाले कर्मियों पेंशनरों को 443 प्रतिशत के स्थान पर 455, जबकि षष्ठम केंद्रीय वेतनमान प्राप्त कर्मियों पेंशनरों को 239 के स्थान पर 246 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। यह लाभ पहली जुलाई 2024 के प्रभाव से देय होगा।

### बाढ़ का पानी जलाशयों में होगा हस्तांतरित

गंगा नदी के बाढ़ का पानी दक्षिण बिहार के विभिन्न जलाशयों जैसे मोरबे, बासकुंड, अंजन, गरही, जलकुंड और अन्य जलाशयों में हस्तांतरित किया जाएगा। इस योजना को प्रभावी बनाने के पूर्व इसकी विस्तृत कार्य योजना बनेगी। डीपीआर बनाने के लिए सरकार ने 14.83 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

इसी प्रकार किशनगंज में महानंदा नदी पर तैयबपुर के के समीप बराज निर्माण का डीपीआर बनाने के लिए 20.15 करोड़, सीतामढ़ी में बागमती नदी पर ढेंग एवं कटौंझा के समीप बराज निर्माण का डीपीआर बनाने के लिए 25.37 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मधुबनी के जयनगर में कमला नदी पर निर्मित बियर के बराज में रूपांतरण की योजना भी मंजूर की गई है। इस पर 642 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## भागलपुर में बीपीएससी शिक्षिका ने स्कूल के ही टीचर पर किया केस, लगाए गंभीर आरोप

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में एक बीपीएससी शिक्षिका ने अपने ही स्कूल के एक शिक्षक के ऊपर केस दर्ज करवाया है. मामला पीरपैंती के बाखरपुर पश्चिम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का है जहां की प्रभारी हेडमास्टर बीपीएससी के द्वारा नियुक्त की गयी शिक्षिका रीति हैं. जिन्होंने उसी स्कूल के शिक्षक मंटू कुमार मंडल समेत कुछ अज्ञात के ऊपर केस दर्ज कराया है. शिक्षक मंटू पर चेंबर में घुसकर प्रभार सौंपने को लेकर धमकी देने और अभद्र व्यवहार करने समेत लूटपाट करने का भी आरोप लगाया गया है.

पीरपैंती के बाखरपुर पश्चिम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विगत कुछ दिनों चल रहे विवाद को लेकर बीपीएससी टीआरई वन की शिक्षिका सह प्रभारी प्रधानाध्यापक रीति ने महिला थाना में केस दर्ज कराया है. बड़ी खंजरपुर निवासी शिक्षिका ने मामले में उसी स्कूल के शिक्षक मंटू कुमार मंडल को नामजद सहित अज्ञात पर केस दर्ज किया है.

इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि बीते छह दिसंबर को वह अपने चेंबर में थी, तभी मंटू मंडल सहित अज्ञात लोग गाली गलौज और बदतमीजी करते हुए उनके चेंबर में घुस गये. उन्होंने प्रभार सौंपने की धमकी दी और कहा कि प्रभार नहीं सौंपने पर ऐसा हाल करेंगे कि मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी. इस दौरान चेंबर कार्यो का लेखा-जोखा सहित आलमारी में एडमिशन और रजिस्ट्रेशन संबंधित रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपये लूट लिये. इसके बाद घसीटते हुए स्कूल से बाहर निकाल के साथ धक्का-मुक्की कर कपड़े फाड़ दिये. शिक्षिका ने इस मामले को लेकर बताया है कि मंटू मंडल सहित अज्ञात लोगों के द्वारा की गयी मारपीट के बाद वह बेहोश हो गयी थी. जिसके बाद उनकी बहन ने उन्हें बचाया. यह घटना दोबारा उनके साथ नौ दिसंबर को भी हुई. घटना से वह इतनी ज्यादा आहत हुई कि उन्होंने अपना मानसिक संतुलन खो दिया. वर्तमान में वह मानसिक रोग विशेषज्ञ से अपना इलाज करवा रही है. इलाज के बाद बेहतर महसूस करने के बाद वह मामले में केस दर्ज कराने के लिये महिला थाना पहुंची.

## पटना के बापू परिसर की रद्द हुई परीक्षा की नई तिथि घोषित, इस दिन होगा एग्जाम

**पटना, एजेंसी।** 13 दिसंबर को बिहार में 70वीं संयुक्त बीपीएससी परीक्षा का आयोजन हुआ था. परीक्षा शुरू होने के कुछ ही देर बाद पटना स्थित बापू परीक्षा सेंटर पर पेपर लीक जैसे आरोप उठाकर छात्र हंगामा करने लगे. छात्रों का आरोप था कि क्वेश्चन पेपर देने में देरी की गति और उतने ही देर में उसे लीक कर दिया गया. लेकिन बीपीएससी के तरफ से ये साफ तौर पर बताया गया था कि क्वेश्चन पेपर कम पड़ गए थे जिसके कारण दूसरे एग्जाम रूम से प्रश्न पत्रों को लाने में देर हुई. इस मामले पर लगातार बिहार में हंगामे हो रहे थे और आखिरकार बीपीएससी ने उस परीक्षा केंद्र के परीक्षा को कैंसल कर दिया. अब उस सेंटर के रि एग्जाम की तिथियां घोषित हो गई हैं. ये परीक्षा अब 4 जनवरी को आयोजित की जाएगी.

परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर बिहार में अभ्यर्थियों का धरना लगातार जारी है. हजारों अभ्यर्थी पिछले दो दिनों से पटना के गर्दनीबाग में प्रदर्शन कर रहे हैं. उनका कहना है कि जब तक आयोग इस परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित करने की घोषणा नहीं करता, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा. इस आंदोलन का नेतृत्व छात्र नेता दिलीप कर रहे हैं. दिलीप का कहना है कि केवल एक परीक्षा केंद्र की परीक्षा रद्द करना उचित नहीं है, बल्कि पूरी परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए. उन्होंने दावा किया कि राज्य के सभी परीक्षा केंद्रों पर गड़बड़ियां हुई हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बीपीएससी चेयरमैन को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए. उनका दृढ़ संकल्प है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका सत्याग्रह जारी रहेगा. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बापू सभागार में 12,000 अभ्यर्थियों की परीक्षा स्थगित कर दी गई है. उनका कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की परीक्षा रद्द होना, पूरे जिले की परीक्षा को स्थगित करने के बराबर है. उन्होंने चेतावनी दी कि इस निर्णय से पूरे रिजल्ट पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और यह निष्पक्षता को नुकसान पहुंचाएगा.

# निकिता ने अतुल सुभाष के खोले डार्क सीक्रेट

**पटना, एजेंसी।** अतुल सुभाष के सुसाइड किए 10 दिन हो चुके हैं. सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष की पत्नी समेत चार लोग इस मामले में पुलिस हिरासत में हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया ने पुलिस हिरासत में अपने पति के कई डार्क सीक्रेट खोल दिए हैं. निकिता ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा है कि उसे और उसके परिवार को इस केस में बेवजह फंसाया जा रहा है. अतुल से हमने कभी कोई रकम नहीं मांगी और न ही कभी किसी और चीज की डिमांड की है. इसके विपरीत अतुल और उसके परिवार के लोग ही मेरे परिवार से दहेज के रूप में 10 लाख रुपयों की मांग की थी. बता दे कि निकिता इन दिनों कोर्ट के आदेश पर 14 दिसंबर, 2024 से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है.

बेंगलुरु पुलिस अतुल सुभाष केस में काफी गोपनीयता बरत रही है. इस वजह से पूरी जानकारी तो सामने नहीं आ पायी है. लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि अतुल की पत्नी निकिता ने पुलिस के सामने उसके कई डार्क सीक्रेट खोल दिए हैं. निकिता ने पुलिस को बताया कि वो अपने पति से पिछले साढे तीन सालों से अलग रह रही है. अगर मुझे पैसी ही चाहिए होते तो अतुल के साथ रहती. और उससे





पैसे लेती रहती. निकिता ने कहा कि मैं खुद नौकरी करती हूं. मुझे कोई पैसे की जरुरत नहीं है. हमने सिर्फ बच्चे को पालने पोसने के लिए मेंटेनेंस की मांग की थी.अतुल की पत्नी ने ये भी कहा कि उसकी सैलरी काफी अच्छी है, लेकिन होम लोन को चुकता करने में ही सैलरी का सारा पैसा चला जाता है. इस कारण ही अपने बच्चे को पालने के लिए उससे मेंटेनेंस की मांग की थी.

निकिता ने पुलिस के सामने सुभाष को लेकर कहा कि वह ÷अतुल बहुत अय्याश व्यक्ति था. उसका एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर भी था. एक या दो नहीं बल्कि तीन-तीन लड़कियों के साथ.÷ निकिता ने सुभाष पर आरोप लगाया कि वह अपनी अय्याशी के लिए मुझे प्रताड़ित किया करता था. मां से भी मैं जो पैसे मंगवाती थी अतुल उस पैसे को छीन लिया करता था. अतुल के घर वालों ने मेरे पिता से 10 लाख रुपयों के दहेज की मांग भी की थी, जबकि हमारा परिवार पहले ही 5 लाख रुपये दे चुका था. शादी में 50 लाख का खर्चा हुआ उसके अलावा 5 लाख का दहेज दिया गया. जब मेरे पिता ने और पैसे देने से मना किया तो अतुल के घरवालों ने तलाक की धमकी दी, जिसको मेरे पिता बर्दाश्त नहीं कर पाए और उनकी मौत हो गई.÷

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निकिता सिंघानिया गुजारा भत्ता के तौर पर अतुल सुभाष से हर महीने 40 हजार रुपये लेती थी. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निकिता सिंघानिया खुद एसेंचर इंडिया में बतौर सीनियर एआई इंजीनियरिंग कंसल्टेंट के पद पर नौकरी करती है. यहां पर काम करने वाले लोगों की सैलरी 11 लाख रुपये सालाना मिला करता है. एसेंचर इंडिया में एआई इंजीनियर को औसतन 16 लाख रुपये सालाना मिलते हैं. इससे अंदाजा यह लगाया जा रहा है कि निकिता सिंघानिया की एसेंचर इंडिया की ओर से अच्छी सैलरी दी जाती है.

अतुल सुभाष की पत्नी निकिता की कंपनी एसेंचर इंडिया एक वैश्विक पेशेवर सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी एसेंचर का हिस्सा है. यह कंपनी मुख्य रूप से आईटी कंसल्टिंग, टेक्नोलॉजी सर्विसेज, और बिजनेस ऑपरेशंस में विशेषज्ञता रखती है. एसेंचर का भारत में मुख्यालय बेंगलुरु में है और देश के कई शहरों में इसके ऑफिस और ऑपरेशन सेंटर मौजूद हैं. इनमें मुंबई, पुणे, हैदराबाद, गुरुग्राम, और चेन्नई शामिल हैं. एसेंचर के भारतीय कार्यालयों में 2024 तक लगभग 3 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जो इसे सबसे बड़े वर्कफोर्स वाली आईटी कंपनियों में से एक बनाता है.

# दिसंबर में हुआ गर्मी का अहसास, नालंदा में 30 डिग्री के पार पहुंचा पारा

**पटना, एजेंसी।** राजधानी समेत आज प्रदेश का मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है। पटना सहित अन्य जिलों में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहेगा। रात्रि के तापमान में वृद्धि होने से ठंड का प्रभाव कम होगा। दो दिनों बाद तापमान में गिरावट से ठंड में वृद्धि की संभावना है। दिन में धूप निकलने से मौसम सामान्य बना रहेगा।



मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को नालंदा का राजगीर प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

दिसंबर के 20 दिन बीत गए लेकिन प्रदेश में कड़ाके की ठंड अब तक महसूस नहीं हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आने वाले दिनों में भी भीषण ठंड का अभाव रहेगा। इस दौरान न्यूनतम तापमान व अधिकतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है। पटना सहित जिलों में सुबह के समय कोहरे का प्रभाव बना रहेगा। रात्रि के तापमान में वृद्धि होने से लोगों को ठंड का विशेष अनुभव नहीं होगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी आशीष कुमार ने बताया कि अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के मजबूत नहीं होने के कारण प्रदेश में कड़ाके की ठंड का अभाव है।

जलवायु परिवर्तन होने के कारण भी बीते कुछ वर्षों की तुलना में अब न्यूनतम और अधिकतम तापमान अपने सामान्य स्तर से ऊपर बना हुआ है। जब तापमान अधिक होता है तो ऐसे में शीत लहर का प्रभाव कम होता है।

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को पटना का न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि 7.0 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

पटना सहित गोपालगंगज, बक्सर, सासाराम, सारण, डेहरी, छपरा, वैशाली, दरभंगा, नालंदा, शेखपुरा, सीतामढ़ी के पुपरी, मधुबनी, भागलपुर, मुंगेर को छोड़ कर शेष जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

पटना व आसपास इलाकों में सुबह के समय हल्के कोहरे का प्रभाव बना रहा। दिन में धूप निकलने से मौसम सामान्य बना रहा। 11 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया।

# फोरलेन पर गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा होने से टला

**दरभंगा।** जिले के गरहां थानाक्षेत्र में एक बड़ा हादसा देखने को मिला है. मुजफ्फरपुर से दरभंगा जा रहा एक गैस सिलेंडर से भरा ट्रक मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोर लेन पर अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है. गनीमत यह रही कि हादसे में किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है. इसी के साथ एक बड़ा हादसा होने से टल गया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया. लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को शहर के एसकेएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया.



पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्रक में लदे सभी गैस सिलेंडर भरे हुए थे. हालांकि, किसी तरह की गैस रिसाव की सूचना नहीं मिली है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है.

वहीं दूसरी तरफ आज सुबह एक ट्रक और एक पिकअप में आमने-सामने की टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. हादसे में पिकअप वाहन में सवार खलासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही हादसे में क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि अधिक कोहरा होने की वजह से हादसे हुआ है.

# पूर्णिया में एयरपोर्ट और एक्सप्रेस-वे को लेकर चल रही नयी तैयारी, कई जिलों को मिलेगा फायदा

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में एयरपोर्ट और प्रस्तावित पटना-पूर्णिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे से कई जिलों के लोगों को लाभ मिलेगा. अब पटना-पूर्णिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे से पूर्णिया एयरपोर्ट को जोड़ने की कवायद की जा रही है. इसके लिए पूर्णिया जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है. डीएम कुंदन कुमार ने बताया कि पटना-पूर्णिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे का एलाइनमेंट अभी फाइनल नहीं हुआ है. ऐसे में अभी इसे पूर्णिया एयरपोर्ट से जोड़ना आसान होगा. उन्होंने अपर समाहर्ता पूर्णिया और जिला भू अर्जन पदाधिकारी को इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

पूर्णिया के डीएम कुंदन कुमार ने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि वे एनएचएआइ के वरीय पदाधिकारियों से वार्ता कर इसका निराकरण करने को कहा है. उन्होंने बताया कि पूर्णिया एयरपोर्ट को पटना-पूर्णिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे से जोड़ने से न केवल बेहतर कनेक्टिविटी होगी बल्कि सीमावर्ती जिलों के लोगों के लिए एयरपोर्ट और सुलभ हो जायेगा.

समीक्षा बैठक में डीएम ने सबसे पहले पूर्णिया एयरपोर्ट की चहारदीवारी निर्माण की स्थिति की समीक्षा की. जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता को पूर्णिया एयरपोर्ट की चहारदीवारी निर्माण हेतु एलाइनमेंट का कार्य कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल पूर्णिया के साथ पूर्ण कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण अगले 30-40 वर्षों के भविष्य को ध्यान में रख कर किया जा रहा है, इसलिए यह जरूरी है कि



इसके लिए एयरपोर्ट से सड़कों का बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध करायी जाये.

जिला पदाधिकारी ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट से पटना-पूर्णिया ग्रीन एक्सप्रेसवे को जोड़ने तथा जिले में प्रस्तावित अन्य नये बायपास के बन जाने से पूर्णिया के साथ-साथ अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा और कटिहार, यहां तक कि नेपाल के यात्रियों को भी पूर्णिया एयरपोर्ट से सुखद यात्रा का लाभ मिलेगा. उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि पूर्णिया एयरपोर्ट तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण पूर्णिया के विकास के लिए बहुत ही जरूरी है. इसलिए इसे जल्द से जल्द पूरा करने में सभी को अपना शत प्रतिशत योगदान देना सुनिश्चित करना होगा.

डीएम ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट को स्टेट ऑफ द आर्ट एयरपोर्ट बनाया जाना है. पूर्णिया एयरपोर्ट में एप्रोन, टर्मिनल बिल्डिंग, कार्गो कॉम्प्लेक्स, एसी चिल्लर प्लांट, एसटीपी, वॉटर एंड फायर टैंक, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, एविएशन फ्यूल फॉर्म, एडमिन ऑफिस, कमर्शियल प्लाजा, सर्फेस पार्किंग, एयरोब्रिज आदि की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी. पूर्णिया एयरपोर्ट पर पांच एयरोब्रिज के निर्माण को भी डिजाईन में समाहित किया गया है. पूर्व में ही एएआई के वास्तुविद द्वारा पूर्णिया एयरपोर्ट का डिजाईन तैयार कर लिया गया है. एएआई के द्वारा तैयार डिजाइन में पूर्णिया एयरपोर्ट को अत्याधुनिक एयरपोर्ट बनाने की सभी आवश्यकताओं को समाहित किया गया है.

## अंबेडकर को लेकर शाह और राहुल गांधी पर भड़कीं मायावती

**अजय कुमार,लखनऊ** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहेब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर बीजेपी के साथ-साथ कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर जर्बदस्त हमला बोला हैं। बीएसपी सुप्रीमो ने भी कहा है कि अमित शाह को उन शब्दों को वापस लेकर पश्चाताप करना चाहिए. इतना ही नहीं मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर कहा कि जगह-जगह संविधान लहराना और नीले रंग के कपड़े पहनना दिखावे की सस्ती राजनीति है। मायावती ने कहा कि संसद में दलित और उपेक्षित वर्गों के मसीहा परम पूज्य बाबा साहेब अंबेडकर के बारे में अमित शाह ने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है. ऐसे में उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए। कांग्रेस, बीजेपी और उसके सहयोगी पर भड़कते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने कहा कि इनकी चाल, चरित्र और चेहरा बाबा साहेब अंबेडकर और उनके करोड़ों दलित-पिछड़े, शोषित-पीड़ित अनुयाइयों के हित व कल्याण के प्रति हमेशा संकीर्ण, जातिवादी रहने के कारण इनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात लगातार बदतर हैं। बहन मायावती ने उक्त दलों को एक ही थैली के चट्टे-बट्टे बताते हुए कहा कि अंबेडकर के प्रति दिल से सम्मान नहीं करना और उनके अनुयायियों के खिलाफ अन्याय-अत्याचार तथा इनको संवैधानिक व कानूनी हक देने के बजाय छीनने में भी यह पार्टियां एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं. इसको लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच जारी तकरार केवल वोट के स्वार्थ की राजनीति है. मायावती ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि संविधान का जगह-जगह लहराना और नीला रंग पहनना आदि दिखावे की सस्ती राजनीति है। यह सब करने के पहले सत्ता व विपक्ष दोनों को अपने दिल में पड़े संकीर्णता, जातिवाद एवं द्वेष आदि के कालेपन को साफ करके पाक-साफ करना होगा तभी इन वर्गों का व देश का भी सही हित संभव है।

## पतंगबाजों की पहली पसंद चाइनीज मांझा अब न्याय की चौखट पर

**अजय कुमार,लखनऊ** पतंगबाजों की पहली पसंद बनता जा रहा चाइनीज मांझा जानलेवा भी कम नहीं है। यह इतना खतरनाक है कि इसके चलते लोगों के घायल होने के साथ-साथ जान तक चली जाती है। अक्सर सड़क पर गिरने वाला मांझा बाइक से जा रहे लोगों को ज्यादा ही नुकसान पहुंचाता है। इसकी गंभीरता को देखते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पीएमओ, राज्य सरकार समेत संबंधित विभागों से चीनी मांझे के अवैध आयात और प्रदेश में बिक्री को लेकर जवाब तलब किया है। लखनऊ खंडपीठ के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने मोती लाल यादव की जनहित याचिका पर गुरुवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को नियत की है। अदालत ने तीन सितंबर को इस मामले में दिए गए आदेश के पालन के लिए एक और मौका दिया। लखनऊ पीठ की खंडपीठ ने तीन सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों के डीएम और पुलिस अधीक्षकों से चीनी मांझे पर की गई कार्रवाई पर हलफनामा पेश करने का आदेश दिया था। साथ ही गृह विभाग और पर्यावरण विभाग उप्र से चीनी मांझे पर की गई कार्रवाई की प्रक्रिया के संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा था। अदालत ने भारत सरकार से इस संबंध में जानकारी मांगी थी कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में यह मामला लंबित है या नहीं।

## मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में भगदड़

**अजय कुमार,लखनऊ उत्तर प्रदेश** के हाथरस में एक संत के सत्संग में भगदड़ और दर्जनों मौत के बाद अब मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में आरती के दौरान बाउंसद के धक्का देने से भक्तों के बीच भगदड़ मच गई है। भगदड़ में कई श्रद्धालु गिर गए और दब गए। आज पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का छठा दिन था। मौके पर पुलिस पहुंची है और बचाव कार्य में जुटी है। किसी के मरने या गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है।. मौके पर पुलिस पहुंची है और बचाव कार्य में जुटी है. बताया जा रहा है कि इनकी कथा को सुनने करीब एक लाख से अधिक लोग मेरठ पहुंचे थे. कल कथा का अंतिम दिन है.जानकारी के मुताबिक, महिलाएं और बुजुर्ग कथा सुनने के लिए आए थे. इसी बीच, बाउंसर्स ने उन्हें रोक दिया. इसके बाद भीड़ में धक्का-मुक्की होने लगी लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे. इस कथा को सुनने कई वीवीआईपी भी मेरठ पहुंचे थे. इस कथा का आयोजन मेरठ के शताब्दी नगर में हो रहा है. इस कथा का आयोजन शताब्दीनगर में श्री केदारेश्वर सेवा समिति की ओर से किया जा रहा है. 15 दिसंबर से ही कथा हो रही है. कथा दोपहर 1 बजे से शुरू होती है और 4 बजे तक चलती है. हर दिन कथा को सुनने लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. आयोजकों की ओर से वाहनों को खड़ा करने के लिए 7 पार्किंग बनाई गई है. वहीं, लगभग 1000 पुलिसकर्मियों की मौके पर तैनाती है.

# संभल के बाद अब यूपी के इन पांच जिलों में चलेगा बिजली विभाग का बड़ा अभियान, चेक होंगे सभी धार्मिक स्थल

**मुरादाबाद, एजेंसी।** संभल में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का मामला सामने आने के बाद अब मंडल के पांचों जनपदों में धार्मिक स्थलों पर लगे बिजली मीटरों को लेकर चेकिंग अभियान चलेगा। विकास, राजस्व कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने बिजली अफसरों को यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मंडल के सभी जिलों मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल व बिजनौर में स्थित मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और गिरिजाघरों में बिजली मीटर लगे होने व संचालन के संबंध में चेकिंग अभियान चलाएं। इस दौरान अनिवार्य रूप से यह भी देखा जाए कि इन धार्मिक स्थलों के मीटरों से अन्य विभिन्न कार्यों के लिए बिजली की खपत तो नहीं की जा रही है। पुराने जर्जर पोल होने की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र उन्हें हटाने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं बैठक में सीडीओ रामपुर के बिना पूर्व अनुमति के गैर हाजिर रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आयुक्त सभागार में गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई, जिसमें कमिश्नर ने कहा कि प्रत्येक जिले में सीडीओ की देखरेख में विकास खंडवार सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति और क्रियान्वयन की संभावनाओं को लेकर वास्तविक आंकड़े तैयार कराए जाएंगे। इसके लिए बाकायदा एक माह का समय निर्धारित किया। सीएमओ से वैक्सीन की उपलब्धता के बारे



में जानकारी करते हुए कहा कि बच्चों को हर जरूरी वैक्सीन लगनी चाहिए। वैक्सीनेशन के संबंध में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बिजनौर में वैक्सीनेशन और संस्थागत प्रसव के लिए उठाए गए कदम कि सराहना की। कहा कि मंडल के अन्य जिले भी सरकारी अस्पताल, पंजीकृत अस्पताल एवं गैर पंजीकृत अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों का डाटा तैयार कराएं। इससे शत प्रतिशत बच्चों का वैक्सीनेशन कराया जा सकेगा। अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर भी कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। टीबी रोगियों के उपचार के लिए हाट स्पाट चिह्नित कर सघन जांच की बात कही। सरकार की प्रत्येक योजना और कार्यक्रम का लाभ हर पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति को अनिवार्य रूप से मिले। इसकी मानीटरिंग के लिए उन्होंने गांव को इकाई मानकर योजनाओं को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के लिए औषधि प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में बनाए गए अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य के दौरान निर्धारित मानकों के अनुपालन के लिए सत्यापन कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआइजी मुनिराज जी, डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल समेत मंडल के पांचों जनपदों के डीएम, कप्तान व अन्य अफसर मौजूद रहे।

### अवैध कब्जों व अतिक्रमण को चिह्नित कर जमीनों को कराएं कब्जामुक्त

कमिश्नर ने अफसरों से कहा कि ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं जिनमें राजस्व अभिलेखों में तो चरागाह के तौर पर जमीन आरक्षित हैं। लेकिन, उन जमीनों पर अवैध कब्जा अथवा अतिक्रमण है। ऐसे सभी मामलों को चिह्नित करके उन जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त कराया जाए। ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरे संचालित करने के साथ जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए जाएं। डीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर रैन बसेरों का औचक निरीक्षण भी करें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे रात व्यतीत न करें।

## कानपुर के सिपाही ने जेल जाने के भय से शादी के बाद गर्भपात करा घर से भगाया

- सिपाही पर लगाया रेप और अबॉर्शन का आरोप
- युवती ने कमिश्नर कार्यालय में सिपाही के खिलाफ किया हंगामा, जांच के आदेश

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** एसीपी मोहसिन खान द्वारा आईआईटी छात्र के साथ उत्पीड़न का मामला अभी थमा नहीं है कि इसीबीच एक और युवती ने सिपाही पर शादी के नाम पर बलात्कार करने और गर्भपात करने का आरोप लगाया है। कमिश्नर कार्यालय में युवती द्वारा बवाल किए जाने के बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

यह घटना आज शुक्रवार को यहां पुलिस कमिश्नर ऑफिस में तब प्रकाश आई जब पुलिस कमिश्नर ऑफिस में एक महिला जमीन पर बैठ गई। बोली- जब तक मुझे इंसाफ नहीं मिलेगा, यहीं बैठी रहूंगी।

इसी दौरान एडीसीपी महिला क्राइम अमिता सिंह जब उसे समझाने के लिए पहुंची तो पीड़िता रोते हुए उनके पैरों में गिर पड़ी। बोली- अगर मुझे इंसाफ नहीं मिला तो यहीं जान दे दूंगी। इस महिला का आरोप है कि पनकी थाने में तैनात कॉन्स्टेबल ने शादी का झांसा देकर रेप और फिर अबॉर्शन कराया। इसके बाद शादी से मुकर गया।

पीड़िता का आरोप यह भी है कि कॉन्स्टेबल के खिलाफ तहरीर दी तो मुकदमे से बचने के लिए उसने शादी कर ली। 3 महीने अपने साथ रखा और फिर घर से भगा दिया। मामले में महिला को कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए कल्याणपुर बारासिरोही में रहने वाली युवती ने बताया कि कौशांबी सिराथू के डोलची डोरमा निवासी अभिषेक कुमार यूपी पुलिस में कॉन्स्टेबल है। अभी उसकी तैनाती कानपुर के पनकी थाने में है। युवती के मुताबिक, कॉन्स्टेबल ने उसे शादी का झांसा देकर अपने प्यार में फंसा लिया। इसके बाद कई बार फिजिकल रिलेशन बनाए। कुछ दिन बाद मुझे कुछ परेशानी हुई तो मैं डॉक्टर के पास गई। वहां पता चला कि मैं प्रेग्नेंट हूं।

पीड़ित महिला का आरोप है कि इसके बाद कॉन्स्टेबल ने जबरदस्ती अबॉर्शन कराया और बाद में शादी से मुकर गया। मैंने उसके खिलाफ रेप और फिर अबॉर्शन कराने के मामले में मार्च 2023 में तहरीर दी। केस से बचने के लिए 5 अप्रैल, 2023 को कॉन्स्टेबल ने शादी कर ली। कोर्ट में रजिस्ट्रेशन भी कराया। इसके बाद अयोध्या में तैनाती के दौरान 3 महीने तक अपने साथ रखा। फिर मारपीट करके घर से भगा दिया। घटना में अधिकारियों ने पीड़ित महिला को कार्रवाई का भरोसा देते हुए सिपाही के खिलाफ जांच की आदेश दिए हैं ।

## गूगल मैप से फिर धोखा- लखीमपुर खीरी के गांव की संकरी गली में जाकर फंसा ट्रक, बड़ा हादसा टला

**लखीमपुर खीरी, एजेंसी।** गूगल मैप ने फिर से गलत रास्ता बता दिया। लखीमपुर खीरी में गूगल मैप पर दिखाए रास्ते पर जाने से ट्रक गांव की संकरी गली में जाकर फंस गया।



गूगल मैप पर आंख मंदूकर भरोसा करना वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। बरेली के बाद अब लखीमपुर खीरी जिले से ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें गूगल मैप के दिखाए रास्ते पर चलना ट्रक चालक को भारी पड़ गया। बृहस्पतिवार रात में ट्रक गांव की संकरी गली में फंस गया। गनीमत रही कि ट्रक किसी मकान नहीं टकराया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। संकरी गली में फंसा ट्रक वहां से निकल नहीं पा रहा है।

जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार की रात करीब 2:00 बजे ट्रक चालक संतोष सिंह गुजरात से कंटेनर ट्रक में माल भरकर बहराइच जा रहे थे। चालक के मुताबिक जैसे ही वह मैगलगंज टोल प्लाजा क्रॉस करके लखीमपुर होते हुए बहराइच जाने के लिए आगे बढ़े। इसी बीच गूगल मैप ने 500 मीटर पहले हैरमखेड़ा गांव जाने वाले रास्ते की ओर जाने को बता दिया।

चालक संतोष सिंह ने ट्रक उसी रास्ते पर मोड़ दिया और चलते रहे। कुछ देर बाद गांव के अंदर संकरी गलियों में पहुंचते ही आगे रास्ता नहीं दिखा तो संतोष सिंह ने ट्रक रोक दिया। अब ट्रक आगे पीछे भी नहीं हो पा रहा है। ट्रक जिस गली में फंसा है, वह संकरी है और दोनों तरफ मकान बने हुए हैं। अब ट्रक को निकालने के लिए क्रेन मंगाई गई है। उसके बाद ट्रक निकाला जाएगा।

गूगल मैप पर गलत रास्ता दिखाने की वजह से बरेली में 24 नवंबर को दर्दनाक हादसा हुआ था। बदायूं के दातागंज से बरेली के फरीदपुर जाने वाले मार्ग पर मुड़ा गांव के पास में पुल बना है, जो अधूरा है। इस अधूरे से कार सवार तीन लोग हादसे का शिकार हो गए थे। वह गूगल मैप के सहारे आगे चलते चले गए और पुल खत्म होते ही उनकी कार 20 फुट नीचे जा गिरी, जिससे तीनों लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने गूगल को नोटिस भी जारी किया है।

इस हादसे के बाद तीन दिसंबर को बरेली के इज्जतनगर थाना इलाके के पीलीभीत रोड स्थित एक कार गूगल मैप के कारण कलापुर नहर में गिर गई। कार में आईआईटी के तीन छात्र सवार थे। हादसे में तीनों छात्र बाल-बाल बचे। पुलिस ने जेसीबी की मदद से कार को नहर से निकलवाया था।

## एक्शन में वाराणसी के कमिश्नर- जल निगम-पीडब्ल्यूडी के एई को नोटिस, कहा- जल्द हो दालमंडी की सड़क का काम

**वाराणसी, एजेंसी।** कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में सड़कों के निर्माण की समीक्षा की गई। इस दौरान सड़कों के निर्माण में देरी को लेकर उन्होंने सख्ती जताई। जल निगम, पीडब्ल्यूडी के एई को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में जिले में निर्माणाधीन छह सड़कों की समीक्षा बैठक हुई। सड़कों का निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर जल निगम के एई और पीडब्ल्यूडी के एई को नोटिस जारी किया गया है। कमिश्नर ने दालमंडी के सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के भी निर्देश दिए। समीक्षा में बीएचयू-लहरतारा मार्ग के चौड़ीकरण में भिखारीपुर तिराहे से बीएचयू गेट तक जल निगम के पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम नहीं हुआ। इससे निर्माण कार्य बाधित हो रहा था, इस पर जल निगम के एई और चौड़ीकरण का काम अपेक्षित न मिलने पर पीडब्ल्यूडी के एई को नोटिस जारी किया गया। कमिश्नर ने पांडेयपुर चौराहे के सुंदरीकरण के लिए इंटरलॉकिंग, फुटपाथ और फसाड लाइट लगवाने के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया। सड़कों के ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर टैप करने, नए बनाए जा रहे नालों का एंड टू एंड प्लान बनाने को कहा। बनारस-भदोही चौड़ीकरण में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ने बताया कि पचास-पचास मीटर पर कुछ जगहों पर कार्य बचा है। जिसे जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा। मंडलायुक्त ने उक्त सड़क को हर हाल में 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जगह-जगह साइनेज लगवाने, नाले और सीवरेज के संबंध में कार्ययोजना बनाने को कहा। निर्माणाधीन सड़कों के डिवाइडरों पर पौधरोपण के निर्देश दिए। कैंट से मोहनसराय मार्ग में अपेक्षित प्रगति ना मिलने पर मुख्य अभियंता को एई के खिलाफ चार्ज शीट बनाने, अधिशासी अभियंता को नोटिस समेत ठेकेदार को भी नोटिस जारी करने करने के निर्देश दिए। 31 दिसंबर तक कार्य पूरा नहीं हुआ तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

## भगवा गमछा ओढ़कर जामा मस्जिद में घुसने का प्रयास, अंदर चल रही थी नमाज

### आरोपी के इरादे थे खतरनाक

**संभल, एजेंसी।** जामा मस्जिद में नमाज के दौरान दूसरे समुदाय के युवक के घुसने की कोशिश के दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे कोतवाली ले जाया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

जामा मस्जिद में भगवा गमछा ओढ़कर दूसरे समुदाय के युवक को घुसने के प्रयास के दौरान पुलिस ने पकड़ा है। युवक मस्जिद की सीढ़ियों तक पहुंच गया था। सीढ़ियों पर मत्था टेकने के बाद अंदर जाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने दर्शन करने आने की बात कही है। पुलिस ने कोतवाली में बैठाया है। युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। इस घटना से पुलिस सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल हो गया था।

इसमें पांच लोगों की जान चली गई थी। इस बवाल के बाद से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। दो रास्तों पर बैरिकेडिंग कर रखी है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा है। ऐसे में सवाल उठता है कि युवक मस्जिद की सीढ़ियों तक कैसे पहुंच गया।

यह घटना उस समय हुई जब मस्जिद में सैकड़ों की संख्या में लोग नमाज अदा कर रहे थे। ऐसे में यदि युवक मस्जिद में प्रवेश कर जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी और बवाल भी होने की आशंका बन सकती थी।

## पत्नी मेरी मौत की जिम्मेदार : सुसाइड नोट में बयां किया वो दर्द

### जो हर दिन सहा; सिर में गोली मारकर दे दी जान

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में पार्किंग ठेकेदार ने पत्नी से तंग आकर जान दे दी। उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें मौत का जिम्मेदार पत्नी को ठहराया है।

आगरा के थाना शाहगंज क्षेत्रमें पत्नी के घर छोड़कर जाने और कोर्ट में तलाक की अर्जी डालने से परेशान पार्किंग ठेकेदार ने सिर में गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। घर से तमंचा बरामद किया गया। ठेकेदार बेटी के साथ अकेले रहते थे। सुसाइड नोट में उन्होंने मौत के लिए पत्नी को जिम्मेदार ठहराया है। वायु विहार स्थित सरकारी आवास में रहने वाले रवि धाकड़ की शादी 10 साल पहले नगला पदी की रितु के साथ हुई थी। परिजन ने



पुलिस को बताया कि रवि पार्किंग का ठेका लेते थे। पत्नी रितु प्राइवेट नौकरी करती थीं। उनकी आठ साल और तीन साल की दो बेटियां हैं।

करीब 10 महीने पहले रवि का काम छूट गया। पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा। चार महीने पहले पत्नी मायके चली गई। बाद में समझौता होने पर रितु घर आ गई। एक दिसंबर को फिर से दोनों में झगड़ा हुआ। पत्नी छोटी बेटी को लेकर चली गई। तब से लौटी नहीं। दो दिन पहले कोर्ट में रवि से तलाक की अर्जी डाल दी।

परिजनों ने बताया कि जानकारी होने पर रवि ने फोन किया लेकिन पत्नी ने बात नहीं की। बुधवार शाम करीब चार बजे बड़ी बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी घर के अंदर गोली चलाने की आवाज आई। वह दौड़कर अंदर गई तो देखा पिता खून से लथपथ पड़े थे। पास में ही तमंचा था। उसकी चीख सुनकर पड़ोसी आए और पुलिस को सूचना दी।

एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि अभी तक किसी ने तहरीर नहीं दी है। तमंचा कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है। एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें रवि ने अपनी मौत के लिए पत्नी को जिम्मेदार ठहराया है।

## वाराणसी में पूर्व सैन्यकर्मी से 98 लाख की ठगी में दो गिरफ्तार

अजय कुमार,लखनऊ

बलिया के मरगूपुर के रहने वाले सैन्य अधिकारी अनुज कुमार यादव जो अब वाराणसी आवास बनाकर में रहते हैं उन्हें डिजिटल अरेस्ट करके 98 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो और साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ठगों के पास से चेक, चेक बुक, एटीएम कार्ड, क्यूआर कोड बरामद हुआ। इस मामले में पहले नौ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया था।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी विजय नारायण मिश्र के अनुसार सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट अनुज कुमार यादव सारनाथ थाना क्षेत्र के माधव नगर कालोनी में मकान बनवाकर रहते हैं। उन्होंने बीते चार दिसंबर को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 11 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि उनका नाम नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग केस में आ गया है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की निगरानी खुद पूर्व मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ कर रहे हैं। इसके बाद एक व्यक्ति ने उसने पूर्व मुख्य न्यायाधीश बनकर बात की।

एक व्यक्ति ने सीबीआई चीफ बनकर व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग के जरिए कई बार बात की। केस से नाम हटाने के लिए पूर्व सैन्य अधिकारी के पास मौजूद रुपयों की जांच करने के बहाने 98 लाख रुपये साइबर ठगों खुद के संचालित खातों में ट्रांसफर कर लिया था। पुलिस टीम ने उन बैंक खातों की जांच शुरू की जिनमें रुपये गए थे।इनमें जौनपुर के निवासी दिनेश कुमार और गढ़ा सैनी निवासी राकेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने बैंक खातों में भी पूर्व सैन्य अधिकारी के साथ हुई ठगी के रुपये गए थे। ठगों की गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर विपिन कुमार, विजय कुमार यादव, दीनानाथ यादव, सब इंस्पेक्टर संजीव कन्नौजिया, सतीश सिंह, शैलेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल श्याम लाल गुप्ता, आलोक रंजन सिंह रहे।

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि दोनों ने कई बैंक खाते फर्जी दूसरे के नाम से खुलवाए थे और उनका संचालन खुद कर रहे थे। खाता खुलवाने के लिए फर्जी आधार का भी इस्तेमाल करते थे। उन्हें पता था कि बैंकों में आफलाइन बैंक खाते खुलवाने पर आधार आदि दस्तावेजों की जांच गहनता से नहीं होती है। जिन लोगों के नाम से खाते खुलवाते थे उन्हें बताते थे कि वह एनजीओ का संचालन करते हैं। उनके बैंक खातों में एनजीओ के रुपये आएंगे। बदले में उन्हें कमीशन मिलेगा। ठग बैंक खाता खुलवाने के लिए फर्जी आधार का भी इस्तेमाल करते हैं। सॉफ्टवेयर के जरिए दूसरों के आधार की कापी करके फर्जी नाम-पता से बैंक खाते खुलवाते हैं। पुलिस से बचने के लिए पता दूसरे प्रदेश का देते हैं और खाता दूसरे प्रदेश में खुलवाते हैं। खाता के साइबर ठगी में इस्तेमाल करने के बाद उसका इस्तेमाल लंबे समय तक बंद कर देते हैं।

पुलिस को जांच में पता चला कि साइबर ठग रुपयों को वियतनाम में बैठे ठगों के जरिए गेमिंग एप और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते हैं। इसके बाद उन्हें कई बार में हासिल करते हैं। इस तरह उनके रुपये और वह खुद पुलिस के हाथ नहीं लगते हैं।

## नायाब तहसीलदार की गाड़ी में फंस कर 30 किमी घसीटता गया बाइक सवार,चीथड़े उड़े

अजय कुमार,लखनऊ

उत्तर प्रदेश के बहराइच से ए दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां बृहस्पतिवार की रात तहसीलदार नानपारा की गाड़ी ने बाइक सवार को कुचल दिया। घटना के बाद चालक ने रुकने की बजाय कार को और तेज भगा दिया। करीब 30 किमी तक शव को घसीटते ले गया। उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए,लेकिन वाहन चालक का दिल नहीं पसीजा। घटना के बाद जिसने भी लाश देखी उसके रोंगटे खड़े हो गए। भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लाश पहचानना मुश्किल हो रहा था। तहसीलदार की गाड़ी से नायब तहसीलदार भ्रमण पर निकले थे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नायब तहसीलार के निलंबन की संस्तुति की है। हादसा रामगांव थाना क्षेत्र में चौपाल सागर के पास बहराइच-नानपारा मार्ग पर हुआ। मूल रूप से पयागपुर थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार हालदार (35) अपनी भांजी प्रियंका को छोड़ने उसके घर लखीमपुर खीरी के गोला गए थे। वहां से वह बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में चौपाल सागर के पास तहसीलदार के वाहन ने टक्कर मार मार दी। हादसे के बाद नरेंद्र वाहन में फंस गए। लेकिन, वाहन चालक ने वाहन रोकने के बजाय तेज भागने लगा। नरेंद्र वाहन में फंसे रहे। वाहन चालक वहां से नानपारा तक यानी लगभग 30 किमी तक घसीटता चला गया। इससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए। दर्दनाक मौत हो गई। वाहन रुकने के बाद नानपारा तहसील परिसर में मृतक का क्षत विक्षत शव गिरा। इसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली नानपारा की पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वीभत्स हादसे की सूचना पर मृतक नरेंद्र के पिता राधेश्याम, पत्नी शोभारानी रोते बिलखते नानपारा तहसील पहुंची। इस दौरान परिजनों के करौंदा क्रंदन को देख मौजूद कर किसी की आंखें नाम हो गई। मृतक के पिता ने बताया राधेश्याम ने बताया कि बेटे के शव के चीथड़े उड़ गए है। पहचानना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि इतने वीभत्स हादसे के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वही पत्नी शोभारानी ने बताया कि एक 12 साल का बेटा, एक आठ साल का बेटा और एक बेटी है। उनके सिर से पिता का साया उठ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में फैला डिंगा-डिंगा वायरस, 300 से ज्यादा बीमार

**कंपाला।** अफ्रीकी देश युगांडा में डिंगा डिंगा वायरस से 300 से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा महिलाएं और लड़कियां हैं। इस रहस्यमयी बीमारी का सबसे ज्यादा असर युगांडा के बुंदीबग्यो जिले में देखने को मिला है। न्यूज एजेंसी मॉनीटर के मुताबिक इस वायरस की चपेट में आने पर मरीज के शरीर में तेज कंपकपी होने लगती है। ये कंपकपी इतनी तेज होती है कि देखने पर ऐसा लगता है कि जैसे मरीज नाच रहा हो। संक्रमण अधिक होने पर मरीज को लकवा भी मार सकता है। बुंदीबग्यो के जिला स्वास्थ्य अधिकारी कियिता क्रिस्टोफर के मुताबिक इस वायरस के बारे में पहली बार 2023 में पता चला था। इसके बाद से युगांडा की सरकार इसकी जांच कर रही है। युगांडा के स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक डिंगा डिंगा वायरस से मौत की कोई जानकारी नहीं दी है। विभाग ने समय रहते लोगों को दवाई लेने की सलाह दी है। संक्रमित हो चुके लोगों को बुंदीबग्यों के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक इस बीमारी से बचने के लिए कोई वैक्सीन नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारी कियिता के मुताबिक संक्रमित लोगों का एंटीबायोटिक्स दवाएं देकर इलाज किया जा रहा है। इससे ठीक होने में करीब एक हफ्ते का समय लग रहा है।

### मेलोनी ने मस्क से दोस्ती पर विरोधियों को दिया जवाब, बोलीं- वे मेरे अच्छे दोस्त, किसी का गुलाम बन आदेश नहीं मानती

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क के साथ दोस्ती को लेकर उठ रहे सवालों पर जवाब दिया है। उन्होंने बुधवार को इटली की संसद में कहा कि वे मस्क की दोस्त हैं, लेकिन इससे उनके कारोबारी रिश्ते को कोई फायदा नहीं होगा। मैं इलॉन मस्क की दोस्त और इटली की प्रधानमंत्री दोनों ही एक साथ हो सकती हूं। मेरे और भी कई लोगों के साथ अच्छे संबंध हैं लेकिन मैं किसी के आदेश पर काम नहीं करती हूं। दरअसल, इसी साल सितंबर में इलॉन मस्क के साथ मेलोनी की न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात से जुड़ी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। इसमें ये भी दावे किए गए थे कि मस्क और मेलोनी एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। मेलोनी ने इटली के विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा- वे सोचते हैं कि एक विदेशी नेता के साथ मेरी बहुत अच्छी दोस्ती है तो मैं उनकी गुलाम बनकर उनके बताए किसी भी बात को मान लेती हूं लेकिन ऐसा नहीं है। मैं किसी के आदेश को नहीं मानती हूं। इटली में उद्योग लगाने को लेकर प्रधानमंत्री मेलोनी की मुलाकात कई बार मस्क से हो चुकी है। इटली सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया है, जिसके तहत मस्क की 'स्पेस एक्स' जैसी विदेशी कंपनियों के लिए वहां काम करना आसान हो गया है। इटली सरकार की इस फ्रेमवर्क के मुताबिक साल 2026 तक इटली में 730 करोड़ रुपए तक निवेश होने का अनुमान है।



### आंध्र में महिला को पार्सल में मिली डेडबॉडी, शव के साथ मिले नोट में लिखा था- 1.30 करोड़ दो

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के वेस्ट गोदावरी जिले में एक महिला को एक पार्सल मिला, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति का शव था। शव के साथ एक लेटर भी रखा हुआ था। इसमें लिखा था- 1 करोड़ 30 लाख रुपए दो वर्ना अंजाम ऐसा ही होगा। वेस्ट गोदावरी पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह पार्सल येंदागंडी गांव में रहने वाली महिला नागा तुलसी के निर्माणाधीन घर में गुरुवार रात को ऑटो रिक्शा के जरिए डिलीवर किया गया। महिला घर में अकेली रहती थी। उसका पति 10 साल पहले लापता हो गया था। शव के साथ मिले नोट में लिखा है, 'आपके पति ने 2008 में 3 लाख रुपए का लोन लिया था। जो अब बढ़ते-बढ़ते 1.35 करोड़ रुपए हो गया है। अपने परिवार के साथ कुछ बुरा होते नहीं देखना चाहती तो पूरी रकम चुकानी होगी।' पुलिस ने बताया कि- शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि शव 45 साल के पुरुष का है। उसकी मौत 4-5 दिन पहले हुई है। यह हत्या का मामला है या नैचुरल डेथ है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति के लापता होने के बाद वह अपने परिवार के साथ रहने लगी थी। कुछ दिनों पहले ही महिला ने अकेले रहने का फैसला किया। महिला ने अपनी फैमिली के घर से 1 किलोमीटर दूर एक अन्य घर में रहने का फैसला किया। महिला इसी घर में कुछ कंस्ट्रक्शन कराना चाह रही थी। कुछ दिनों पहले क्षत्रिय सेवा समिति नाम के एक संगठन से जुड़े एक शख्स ने महिला की मदद करने की बात कही। उसने महिला से कहा- हम दोनों एक ही कास्ट के हैं। इसलिए तुम्हारी मदद कर रहा हूं। सेवा समिति ने महिला को कुछ दिनों पहले कंस्ट्रक्शन के लिए सितंबर 2024 में टाइल्स और पेंट भेजी थीं। महिला ने आगे की मदद के लिए फिर मदद मांगी। समिति ने महिला को वॉट्सऐप कर कहा था कि लाइट, पंखे और स्विच जैसी चीजें भेजी जाएगी।



### मेरठ में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा में भगदड़, महिलाएं-बुजुर्ग चोटिल, एक लाख लोग पहुंचे थे

**मेरठ।** मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शुक्रवार दोपहर भगदड़ मच गई। कई महिलाएं और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो गए। दोपहर 1 बजे से कथा शुरू हो चुकी थी। करीब 1 लाख लोग पहुंचे थे। कथा शुरू होने पर लोग जल्दबाजी में अंदर जा रहे थे। बाउंसर्स ने भीड़ अचानक बढ़ने पर लोगों को रोक-रोक कर एंट्री करानी शुरू कर दी फिर भगदड़ मच गई। चोटिल महिलाओं और बुजुर्गों का घटनास्थल पर बने हेल्थ कैंप में इलाज किया जा रहा है। शताब्दी नगर में चल रही इस कथा का आज छठा और कल आखिरी दिन है। रोज करीब डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं। कई VVIP भी कथा में शामिल हो चुके हैं। कथा में जिस रास्ते से भीड़ आ रही थी, उसी रास्ते से मुख्य यजमान भी जा रहे थे। तभी एंट्री को लेकर झगड़ा हो गया। एंट्री गेट पर बाउंसर्स ने महिलाओं को अंदर जाने से रोक दिया। पीछे से भीड़ आगे बढ़ने के लिए धक्का देती रही। इसी बीच 15-20 महिलाएं एक-एक कर गिर गईं। बताया जा रहा है कि कथा के दौरान शुक्रवार को 2 बार भगदड़ मची। सबसे पहले सुबह 9.30 बजे भगदड़ मची थी। इस दौरान लोग VIP पास के लिए जुटे थे, लेकिन यह शांत हो गई। इसके बाद दोपहर 1 बजे फिर भगदड़ मच गई।

### हरियाणा-हिमाचल में पारा 0 * के करीब, राजस्थान के 5 शहरों में तापमान 4 * के नीचे

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/श्रीनगर।** देश के उत्तरी राज्यों में तापमान में गिरावट जारी है। हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के कुछ शहरों में तापमान 0° के करीब रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा मैदानी इलाकों में हरियाणा का हिसार सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 0.8 डिग्री तक दर्ज किया गया। वहीं, हिमाचल के भुंतर में तापमान शून्य डिग्री के करीब पहुंच गया। मध्य भारत के राज्यों, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी सर्दी कम नहीं हो रही है। राजस्थान के करौली में तापमान 1.3 डिग्री पहुंच गया। सीकर, झुंझुनूं समेत कई जगहों पर पत्तों में जमी बर्फ देखने को मिल रही है। बीते 24 घंटे में राजस्थान के 5 शहरों में रात का पारा 4 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ। माउंट आबू में 2.0°, फतेहपुर 2.2°, संगरिया 3.3°, चूरू 3.5° और करौली में 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के 12 शहरों का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री से नीचे रहा। सबसे कम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में भी तापमान 5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यहां आज तापमान में और गिरावट हो सकती है। जम्मू-कश्मीर में झरना जमा जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में पारा माइनस से नीचे चल रहा है। कई जगहों पर नदियां और झरने जमने लगे हैं। श्रीनगर में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख के ज्यादातर इलाके बर्फ से ढके हैं। कारगिल में तापमान -13.5°C दर्ज किया गया। वहीं, लेह में -11.2°C तापमान दर्ज किया गया।

# हर दिन मंदिर-मस्जिद विवाद उठाया जा रहा, ये सही नहीं: भागवत

एजेंसी, पुणे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता जताई। भागवत ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि वे ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन जाएंगे। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। भागवत बोले- भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। भागवत ने किसी का नाम लिए बिना कहा- ये स्वीकार नहीं पुणे में सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत विश्वगुरु पर व्याख्यान देते हुए भागवत ने ये बातें कहीं। उन्होंने किसी विशेष स्थान का नाम लिए बिना कहा, 'हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों में पहुंची हैं।' हालांकि, भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया।



भागवत बोले- राम मंदिर इसलिए बना, क्योंकि वो आस्था से जुड़ा था भारतीय समाज की बहुलता पर प्रकाश डालते हुए भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का मामला था। मोहन भागवत का समर्थन करते हुए श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने भी कहा, "मंदिर और मस्जिद का झगड़ा सांप्रदायिक झगड़ा है। और जैसे-जैसे ऐसे झगड़े बढ़ रहे हैं, कुछ लोग नेता बन रहे हैं। अगर नेता बनना ही एकमात्र लक्ष्य है, तो ऐसे झगड़े ठीक नहीं हैं। जो लोग सिर्फ नेता बनने के लिए झगड़े शुरू करते हैं, वे ठीक नहीं हैं।"

♦ कुछ लोग सोचते हैं ऐसा करके हिंदुओं के नेता बन जाएंगे

**RSS प्रमुख ने कहा- अब देश संविधान के अनुसार चलता है:** भागवत ने आगे कहा- बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए हैं और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आए, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। राम मंदिर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह तय किया गया था कि अयोध्या में राम मंदिर हिंदुओं को दिया जाना चाहिए, लेकिन अंग्रेजों ने इसे भांप लिया और दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी। तब से अलगाववाद की यह भावना अस्तित्व में आई। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान अस्तित्व में आया।

# सांसद बर्क के घर पर बुलडोजर चला, 24 घंटे में 5 एक्शन

## जामा मस्जिद में घुस रहे भगवाधारी को पुलिस ने पकड़ा

एजेंसी, संभल

संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पर बुलडोजर चला। प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार दोपहर घर के बाहर बनी सीढ़ियों को ध्वस्त कर दिया। सांसद पर 24 घंटे में यह पांचवी कार्रवाई है। इससे पहले बिजली विभाग ने छापेमारी की, सांसद बर्क पर बिजली चोरी की FIR कराई, फिर उनके पिता पर अफसरों को धमकाने का केस दर्ज हुआ, घर का कनेक्शन काटा, अब उनके घर बुलडोजर चला है।

ईधर, शाही जामा मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस फोर्स ने गले में भगवा गमछा डालकर पहुंचे एक युवक को हिरासत में लिया। युवक अजय शर्मा मस्जिद से 250 मीटर दूर कोट पूर्वी मोहल्ले का रहने वाला है। उसने पहले मस्जिद की सीढ़ियों पर माथा टेका, फिर अंदर जाने लगा तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलते ही डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण विश्नोई मस्जिद पहुंच गए। ASP संभल श्रीश चंद्र ने कहा, 'पकड़ा गया युवक मानसिक रूप से ठीक नहीं है। वह आम रास्ते से गुजर रहा था, उसे रोका गया और उससे पूछताछ की जा रही है।' बिजली विभाग ने 19 दिसंबर (गुरुवार) को बर्क के खिलाफ बिजली चोरी की FIR दर्ज की थी। घर का कनेक्शन भी काट दिया था। शाम को उन पर 1.91 करोड़ जुर्माना लगाया। बिजली विभाग के इंजीनियर विनोद कुमार गुप्ता ने बताया- सांसद बर्क के घर पर 2-2 किलोवॉट के दो कनेक्शन थे। एक सांसद के नाम से और दूसरा इनके दादा जी के नाम से था। 6 महीने की इनकी बिजली खपत जीरो आ रही थी। इसके बाद 2 दिन पहले हमने स्मार्ट मीटर लगवाया। गुरुवार सुबह घर की चेकिंग की गई। जांच में बर्क के घर पर 16 किलोवॉट बिजली की खपत मिली। मीटर की जांच रिपोर्ट में दोनों पुराने मीटरों में छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की बात सामने आई।



# अमेरिका बोला- पाकिस्तानी मिसाइल प्रोग्राम हमारे लिए खतरा

एजेंसी, वॉशिंगटन/इस्लामाबाद

अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी NSA) जॉन फाइनर ने गुरुवार को कहा है कि पाकिस्तान के एडवांस मिसाइल प्रोग्राम, यानी लंबी दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रोग्राम से अमेरिका को भी खतरा है। फाइनर ने बताया कि पाकिस्तान ने इससे जुड़ी तकनीक हासिल कर ली है। इस तकनीक से बनी मिसाइलें एशियाई देशों के अलावा अमेरिका तक हमला कर सकती हैं। फाइनर ने कहा, इससे पाकिस्तान के इरादों पर सवाल खड़ा होता है। हालांकि, पाकिस्तान ने ऐसी मिसाइलें बना ली हैं या नहीं, अभी ये साफ नहीं है। जॉन फाइनर वाशिंगटन स्थित एक थिंक टैंक कार्नेजी एंडोवमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में भाषण देने पहुंचे थे। पाकिस्तान अमेरिका के लिए नई चुनौती फाइनर ने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा बनता दिखाई दे रहा है। फाइनर के मुताबिक ऐसे सिर्फ तीन ही देश हैं जिनके पास परमाणु हथियार और अमेरिका तक मिसाइल हमला करने की क्षमता है। इनमें रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया शामिल हैं। ये तीनों ही देश अमेरिका के विरोधी हैं। ऐसे में पाकिस्तान के ये कदम अमेरिका के लिए एक नई चुनौती बनते जा रहे हैं।



♦ लंबी दूरी की मिसाइलों की रेंज US तक, 4 डिफेंस कंपनियों पर बैन

# मुंबई नाव हादसा- नेवी चीफ हादसे की जगह पर पहुंचे, जांच कमेटी गठित, 14 की मौत

एजेंसी, मुंबई

मुंबई में 18 दिसंबर को हुए नाव हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। 7 साल के एक बच्चे की तलाश अब भी जारी है। गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही पैसेंजर बोट 18 दिसंबर को नेवी की स्पीडबोट से टकराकर डूब गई थी। इसे लेकर अब नेवी भी इंटरनल जांच कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नौसेना ने गुरुवार (19 दिसंबर) को जांच के लिए एक बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का गठन किया है। हालांकि, इसकी जानकारी आज शुक्रवार को सामने आई। घटना के दो दिन बाद नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शुक्रवार को वेस्टर्न नेवल कमांड पहुंचे। अधिकारियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने हादसे की जगह का भी जायजा लिया।

हादसे के बाद नेवी ने बयान जारी करते हुए कहा था कि स्पीडबोट इंजन ट्रायल पर थी। कैप्टन बोट पर से कंट्रोल खो बैठा था और पैसेंजर बोट से टकरा गई। नेवी के स्टेटमेंट पर मुंबई पुलिस ने सवाल उठाए हैं। पुलिस ने पूछा कि गेटवे ऑफ इंडिया के पास नेवी को ट्रायल रन की इजाजत किसने दी थी। पुलिस ने महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड को भी पत्र लिखकर हादसे के बारे में पूरी जानकारी मांगी है।



3 दिन से 1 बच्चे की तलाश जारी

रेस्क्यू में जुटे मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के आरिफ बामने ने कहा- जब हम रेस्क्यू के लिए पहुंचे तो देखा कि लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। कुछ लोग रो रहे थे। हमने पहले महिलाओं और बच्चों को बचाया। मदद के लिए चिल्लाने वालों में तीन से चार विदेशी भी थे। हमने लगभग 20-25 लोगों को बचाया। एक छोटी बच्ची बेहोश थी। उसके फेफड़ों में पानी घुस चुका था। हमने उसके चेस्ट पर प्रेशर डाला, जिसके बाद उसने फिर से सांस लेना शुरू किया। नौसेना ने 11 बोट, 4 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया नौसेना, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (JNPT), तटरक्षक बल, यलोगेट पुलिस स्टेशन 3 और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से राहत और बचाव कार्य को अंजाम दिया गया।

रेस्क्यू ऑपरेशन में नौसेना की 11 बोट, मरीन पुलिस की 3 बोट और कोस्ट गार्ड की 1 बोट लगी। 4 हेलिकॉप्टर भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे। यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया वापस लाया गया। जहां से उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मृतकों के परिवार को PM 2 लाख और CM 5 लाख देंगे PM मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। वहीं, महाराष्ट्र के CM देवेंद्र फडणवीस ने आश्वासन दिया कि सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता देगी।

# SC बोला-गुजारा भत्ते के नाम पर संपत्ति बराबर बांटना गलत

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि गुजारा भत्ता किसी महिला की आर्थिक स्थिति पुरुष (पति) के समान बनाने के लिए नहीं, बल्कि बेहतर जीवन स्तर देने के लिए है। महिलाओं को इस बात के प्रति सावधान रहना चाहिए कि कानून उनके कल्याण के लिए बनाए गए हैं। इनका इस्तेमाल पतियों को सजा देने, धमकाने, उन पर हावी होने या उनसे जबरन वसूली करने का साधन नहीं होना चाहिए। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस पंकज मिथल की बेंच ने ये टिप्पणी ऐसे समय में की है, जब देश में AI इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस को लेकर गुस्सा है। अतुल सुभाष ने सुसाइड करने से पहले राष्ट्रपति के नाम एक वीडियो संदेश और पत्र जारी किया था, जिसमें उन्होंने महिलाओं के हित लिए बनाए गए कानूनों के गलत इस्तेमाल पर सवाल उठाए थे।

**पत्नी ने कोर्ट में दावा किया था- पति के पास 5 हजार करोड़ की संपत्ति:** दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक दंपति ने तलाक के लिए अर्जी लगाई थी। जानकारी में सामने आया कि दोनों की शादी साल 2021 हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच झगड़े शुरू हो गए। महिला ने अपने 80 साल के ससुर पर दुष्कर्म और अप्राकृतिक यौन संबंध का मामला भी दर्ज कराया था। व्यक्ति अमेरिका का नागरिक था और वहां आईटी कंसल्टेंसी का बिजनेस करता था। इस मामले में पत्नी ने कोर्ट में दावा किया था कि उसके पति का 5 हजार करोड़ रुपए बिजनेस है। साथ ही अमेरिका और भारत में कई प्रॉपर्टी हैं। महिला ने कोर्ट में ये भी बताया कि पति ने अपनी पहली पत्नी से अलग होते समय 500 करोड़ की प्रॉपर्टी और वर्जीनिया में घर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों का तलाक इस आधार पर मंजूर किया कि दोनों के रिश्ते को अब सुधारा नहीं जा सकता। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा पति फुल एंड फाइनल सेटलमेंट करे और पत्नी को एक महीने के भीतर 12 करोड़ रुपए दे।



# कर्नाटक में BJP नेता सीटी रवि गिरफ्तार

एजेंसी, बेंगलुरु

कर्नाटक के भाजपा नेता और विधान परिषद सदस्य (MLC) सीटी रवि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर को प्रॉस्टिट्यूट कहने का आरोप है। लक्ष्मी ने सीटी रवि के खिलाफ बेलगावी के हिरेबागीवाड़ी पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई थी, जिसके बाद रवि को पूछताछ के लिए खानपुरा पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया। रवि ने मंत्री लक्ष्मी के आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं बोला है। कांग्रेस उन्हें फंसा रही है। उन्होंने कभी महिला मंत्री के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। रवि ने कांग्रेस नेताओं और पुलिस पर उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। लिखित शिकायत में उन्होंने कहा कि अगर उन्हें कुछ होता है तो पुलिस और कांग्रेस इसकी जिम्मेदार होगी। गिरफ्तारी के बाद रवि को बेलगावी जिला कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें बेंगलुरु स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। पुलिस उन्हें लेकर शुक्रवार शाम तक बेंगलुरु पहुंचेगी। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सीटी रवि को लेकर कहा है कि वे सीरियर एब्यूजर हैं। यह पहली बार नहीं है कि रवि किसी को अपशब्द कह रहे हैं। उन्होंने सिद्धारमैया को सिदरामुल्ला खान और राहुल गांधी को ड्रग एडिक्ट कहा है। हमारी नेता जब उनके खिलाफ बोलीं तो रवि ने उन्हें 12 बार प्रॉस्टिट्यूट कहा। अगर किसी के पास सबूत नहीं हैं, तो मैं देता हूं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पार्टी नेता सीटी रवि के लिए भाजपा के समर्थन की आलोचना की है। उन्होंने कहा- वे लोग महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल का समर्थन कर रहे हैं। अंकलगी पुलिस स्टेशन से दूसरे जगह भेजे गए भाजपा एमएलसी सी.टी. रवि ने कहा, "अब तक मुझे तीन जिलों बेलगावी, धाधवड और बागलकोट में ट्रांसफर किया गया है।



♦ महिला मंत्री को प्रॉस्टिट्यूट कहने का आरोप, बोले- मेरी जान को खतरा, कुछ हुआ तो कांग्रेस जिम्मेदार

# भाजपा सांसद ने प्रियंका गांधी को 1984 लिखा बैग दिया

एजेंसी, नई दिल्ली।

ओडिशा के भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी ने शुक्रवार को प्रियंका गांधी को एक बैग दिया है। इस बैग पर 1984 और खून के छीटों की तस्वीर बनी है। इस बैग पर बने 1984 और खून के छीटों को सिख दंगों से जोड़ा गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने इसे लेकर रख लिया है। दरअसल, 19 दिसंबर को सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच धक्का-मुक्की हुई थी। जिसमें ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए थे। प्रदर्शन कर रहे सांसद मुकेश राजपूत को राहुल गांधी का धक्का लगा और वे सारंगी पर गिर पड़े थे। इसी के विरोध में शुक्रवार को BJP के सांसदों ने एक बार फिर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इसी दौरान अपराजिता वह बैग लेकर प्रियंका को देने पहुंची थीं। प्रियंका गांधी वायनाड से सांसद बनकर पहली बार लोकसभा पहुंची हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में वे अपने बैग्स को लेकर चर्चा में रहीं। अब तक प्रियंका मोदी-अडाणी भाई-भाई, फिलिस्तीन और बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के समर्थन से जुड़े बैग लिए नजर आ चुकी हैं।




इस पर खून के धब्बों की तस्वीर, प्रियंका फिलिस्तीन, बांग्लादेश लिखा बैग संसद ला चुकीं

# रूस की कैंसर वैक्सीन की कीमत 2.5 लाख रुपए

एजेंसी, मॉस्को

रूस के कैंसर वैक्सीन के ऐलान के बाद से दुनियाभर के कैंसर मरीजों में उम्मीद जगी है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई काप्रिन के मुताबिक, रूस की इस कैंसर वैक्सीन को अलग-अलग तरह के मरीजों के लिए अलग-अलग बनाया जाएगा। इस खासियत की वजह से इसकी कीमत करीब 2.5 लाख रुपए होगी। रूसी नागरिकों को ये वैक्सीन मुफ्त में मिलेगी। हालांकि दुनिया के बाकी देशों के ये वैक्सीन कब मिलेगी, इसके बारे में काप्रिन ने कोई जानकारी दी है। काप्रिन ने बताया कि प्रीक्लिनकल ट्रायल में वैक्सीन प्रभावी साबित हुई है। इससे ट्यूमर का विकास धीमा होने के साथ उस पर 80% तक कमी देखी गई है। इस वैक्सीन को मरीजों के ट्यूमर सेल्स के डेटा के आधार पर स्पेशल प्रोग्राम के जरिए डिजाइन किया जाता है।

**वैक्सीन के काम करने का पूरा प्रोसेस:** रूस की फेडरल मेडिकल बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्वोर्त्सकोवा ने वैक्सीन के काम करने के तरीके को मेलानोमा (स्किन कैंसर) से समझाया है। सबसे पहले कैंसर के रोगी में से कैंसर सेल्स का सैंपल लिया जाता है। इसके बाद वैज्ञानिक इस ट्यूमर के जीन की सीक्वेंसिंग करते हैं। इसके जरिए कैंसर सेल्स में बने प्रोटीन की पहचान की जाती है। प्रोटीन की पहचान के बाद पर्सनलाइज्ड mRNA वैक्सीन बनाई जाती है। र को लगने वाली कैंसर वैक्सीन शरीर को T सेल्स बनाने का आदेश देती है। ये T सेल्स ट्यूमर पर हमला कर कैंसर को खत्म कर देती हैं। इसके बाद इंसानी शरीर ट्यूमर सेल के पहचानने लगता है, जिससे कैंसर दोबारा नहीं लौटता है। अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के कैंसर एक्सपर्ट एलियास सयूर के मुताबिक इस तकनीक से बन रही वैक्सीन ने ब्रेन कैंसर के लिए 48 घंटों से भी कम वक्त में असर दिखा दिया था।




दोबारा कैंसर होने का जोखिम नहीं, जल्द एक और वैक्सीन का ऐलान करेगा रूस

**कैंसर की एक और वैक्सीन का ऐलान जल्द:** रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के नेशनल मेडिकल रिसर्च रेडियोलॉजिकल सेंटर की वेबसाइट के मुताबिक कैंसर से लड़ने के लिए दो तरह की खोज में जुटे हुए थे। इनमें पहली mRNA वैक्सीन और दूसरी दूसरी ऑन्कोलिटिक वायरोथेरेपी है। इस थेरेपी के तहत लैब में मॉडिफाई किए गए इंसानी वायरस से कैंसर सेल्स को टारगेट कर संक्रमित किया जाता है। इससे वायरस कैंसर सेल्स में खुद की मल्टीप्लाय करता है। इसका नतीजा ये होता है कि कैंसर सेल नष्ट हो जाती है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024



# अंतिम दो टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हुए मैकस्वीनी, कोंस्टास को मौका

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों के लिए ओपनर नाथन मैकस्वीनी को टीम से बाहर कर दिया है। पर्थ में सीरीज के पहले मैच में डेब्यू करने वाले मैकस्वीनी ने अब तक तीन टेस्ट मैचों में 10, 0, 39, 10*, 9 और 4 रन बनाए हैं। उनकी जगह 19 वर्षीय न्यू साउथ वेल्स के ओपनर सैम कोंस्टास को टीम में शामिल किया है। कोंस्टास सीरीज से पहले डेविड वॉर्नर की खाली जगह भरने की दौड़ में थे, लेकिन प्रबंधन ने शुरुआत में मैकस्वीनी को ही मौका दिया।

कोंस्टास ने पिछले महीने इंडिया ए के खिलाफ़ नाबाद 73 रन और प्रधानमंत्री एकादश के लिए पिंक बॉल वार्म-अप गेम में 107 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने इस महीने की शुरुआत में शेफ़ील्ड शील्ड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ न्यू साउथ वेल्स के लिए 88 रन और तीन दिन पहले बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए 27 गेंदों में 56 रन बनाए।



चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, "सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उनकी बल्लेबाजी की शैली अलग पहचान देती है और हम उनके खेल को और बेहतर होते देखने के लिए उत्सुक हैं। हमें पूरा भरोसा है कि नाथन में भविष्य में टेस्ट स्तर पर सफल होने की क्षमता और स्वभाव है। उन्हें बाहर रखना एक कठिन निर्णय था। पूरी श्रृंखला में बल्लेबाजों के लिए शीर्ष क्रम में खेलना स्पष्ट रूप से एक चुनौती रही है और हम अगले दो मैचों के लिए एक अलग लाइन अप का विकल्प प्रदान करना चाहते हैं।"

जोश हेजलवुड के बाहर होने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने ब्यू वेबस्टर के साथ तेज गेंदबाज सीन एबॉट और झाई रिचर्डसन को भी टीम में शामिल किया है। बेली ने कहा, "जोश हेज़लवुड की अनुपस्थिति में, झाई तेज गेंदबाजी में और विकल्प प्रदान करते हैं। घरेलू गर्मियों के शुरुआती दौर में उनकी सफल वापसी देखना सुखद रहा।"

**ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

## डब्लयूटीसी फाइनल के लिए अभी भी भारतीय टीम के पास है अवसर

**एजेंसी, मुम्बई**

ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद भी भारतीय टीम के पास अभी भी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में प्रवेश का अवसर है। भारतीय टीम को सीधे प्रवेश के लिए सीरीज के बचे हुए दोनो मैच जीतने होंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो उसे दूसरी टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना होगा। दो जीत से भारतीय टीम की जीत का प्रतिशत 60.53 पहुंच जाएगा। वहीं मेजबान ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका से 2-0 से सीरीज़ जीतने के बाद भी 57.02 प्रतिशत अंक ही ला पाएगा। दूसरी ओर अगर भारतीय टीम एक टेस्ट जीतती है और एक ड्रॉ रहता है तो उनके 57.02 प्रतिशत अंक होंगे और इन हालातों में ऑस्ट्रेलिया उससे तभी आगे निकल सकत है जब वह श्रीलंका को 2-0 से हराए, तब ऑस्ट्रेलिया के 58.77 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। अगर भारत 2-1 से सीरीज़ जीत जाता है तो ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका को 1-0 से अधिक के अंतर से हराना होगा या दक्षिण अफ़्रीका के पाकिस्तान से कम से कम 0-1 से हार की दुआ करनी होगी। अगर सीरीज़ 2-2 से ड्रॉ हो तब भारत 55.26 प्रतिशत पर रहेगा और इन हालातें में ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से कम से कम 1-0 से हार झेलनी होगी या दक्षिण अफ़्रीका को पाकिस्तान से 2-0 से हारना होगा तभी भारतीय टीम के पास अवसर रहेगा । अगर सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ पर रहे : तब भारत 53.51 जीत प्रतिशत पर समाप्त करेगा। ऐस में उसे फाइनल में प्रवेश के लिए दक्षिण अफ़्रीका की दोनो ही टेस्ट में हारने की उम्मीद करनी होगी। या ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से सीरीज़ 1-0 से हारनी होगी या 0-0 से ड्रा करनी होगी। अगर दोनों सीरीज़ ड्रॉ होती हैं तो ऑस्ट्रेलिया और भारत के 53.51 प्रतिशत अंक ही रह जाएंगे, लेकिन भारत इस चक्र में अधिक सीरीज़ जीतने की वजह से आगे बढ़ जाएगा, लेकिन श्रीलंका 2-0 से जीतता है तो वे भारत से आगे बढ़ जाएंगे। अगर भारत 1-2 से हारता है। तब भारत के 51.75 प्रतिशत जीत अंक होंगे और वह फ़ाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा। तब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ़्रीका फ़ाइनल में पहुंच जाएंगे।




## पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करेगा नई दिल्ली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा, जो अगले मार्च में पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी भी करेगा। अगले साल पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप नई दिल्ली में होगी, जो पहली बार भारत में इस आयोजन की मेजबानी करेगा, विश्व पैरा एथलेटिक्स (डब्ल्यूपीए) ने गुरुवार (19 दिसंबर) को उक्त घोषणा की।

पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप, दुनिया की सबसे बड़ी एकल पैरा खेल प्रतियोगिता, 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। नई दिल्ली 2025 चैंपियनशिप का 12वां संस्करण होगा और दोहा 2015, दुबई 2019 और कोबे 2024 के बाद चौथी बार एशिया में इसकी मेजबानी की जाएगी। इसके अलावा, डब्ल्यूपीए ने घोषणा की कि नई दिल्ली अगले साल पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी भी करेगा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 11 से 13 मार्च तक होने वाला यह आयोजन प्रशंसकों को विश्व चैंपियनशिप से पहले पैरा एथलेटिक्स के रोमांच का अनुभव करने का एक प्रारंभिक अवसर देगा। विश्व पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्ज़गेराल्ड ने विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, "हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लॉस एंजिल्स 2028 की ओर नए पैरालंपिक चक्र की पहली प्रमुख चैंपियनशिप नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। 2025 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप भारत में होने वाली अब तक की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय पैरा खेल प्रतियोगिता होगी, जो हमारे खेल, हमारे प्रशंसक आधार को बढ़ाने और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में विकलांग व्यक्तियों के बारे में समाज की धारणा को प्रभावित करने का एक बड़ा अवसर पेश करेगी।"




## अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे की टीम में बेन कुरेन समेत सात अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल

**एजेंसी, हरारे**

जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी ऐतिहासिक बॉक्सिंग डे और नए साल के टेस्ट के लिए अपनी टीम में सात अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया है। ये खिलाड़ी बल्लेबाज बेन कुरेन और जॉनथन कैंपबेल, विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी और न्याशा मायावो, तेज गेंदबाज ट्रेवर ग्वांडू, ताकुदज़्वा चताइरा और न्यूमैन न्यामहुरी हैं।



इन सात खिलाड़ियों में से छह पहले भी सफ़ेद गेंद के प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के साथ खेल चुके हैं, लेकिन 26 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज चताइरा को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। वह वर्तमान में चल रहे लोगन कप प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता के लिए विकेट लेने वालों की सूची में छठे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी टॉम और सैम के मझले भाई और जिम्बाब्वे के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी केविन कुरेन के बेटे बेन कुरेन को लोगन कप में सबसे ज़्यादा रन बनाने का इनाम मिला है। 18 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज न्यामहुरी ने अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ पहले वनडे में जिम्बाब्वे के लिए पदार्पण किया था और वह टी20 टीम का भी हिस्सा हैं, अब उनके पास एक महीने के अंदर तीनों प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने का अवसर है। सिकंदर रजा, सीन विलियम्स, ब्लेसिंग मुजारबानी और रिचर्ड नगारवा की अनुभवी चौकड़ी टेस्ट टीम का मुख्य हिस्सा है, जिसका नेतृत्व क्रेग एर्विन करेंगे। चयन समिति ने जुलाई में आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलने वाली जिम्बाब्वे टीम के सात खिलाड़ियों को बाहर रखा है। वे बल्लेबाज क्लाइव मदंडे, रॉय कैया और प्रिंस मास्वाउरे, तेज गेंदबाज तेंदई चतारा, तनाका चिवांगा और विक्टर न्याउची और बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा हैं। दो टेस्ट मैचों की यह सीरीज 1996 के बाद जिम्बाब्वे में पहला बॉक्सिंग डे टेस्ट होगा और उनके इतिहास में उनका पहला घरेलू न्यू ईयर टेस्ट होगा।

## फॉर्म बरकरार रखना चाहेंगे मोहन बागान सुपर जायंट्स और गोवा एफसी

**एजेंसी, गोवा**

एफसी गोवा (गौर्स) और मोहन बागान सुपर जायंट्स (मैरिनर्स) इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले के लिए आज शाम यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। गोवा का लक्ष्य मैरिनर्स के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को बेहतर करना होगा, क्योंकि आईएसएल में वे अपने आठ मुकाबलों में से पांच हारे हैं।

मैरिनर्स अपने पिछले आठ आईएसएल मैचों में अपराजित (सात जीत और एक ड्रा) हैं। मोहन बागान सुपर जायंट 11 मैचों में आठ जीत, दो ड्रा और एक हार से 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर हैं। वहीं, गौर्स ने अपने पिछले 11 घरेलू मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। उनके पास सबसे लंबे समय तक घरेलू गोल-स्कोरिंग का अपना आंकड़ा पाने का अवसर होगा। एफसी गोवा 11 मैचों में पांच जीत, चार ड्रा और दो हार से 19 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है। एफसी गोवा के लिए इस सीजन में नौ अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल दागे हैं। केवल मैरिनर्स (10) उनसे बेहतर हैं। गोवा के हेड कोच मैनोलो मार्कुएज का मैरिनर्स के खिलाफ रिकॉर्ड 12 मुकाबलों में से सिर्फ तीन जीत (5 ड्रा, 4 हार) का रहा है। मैरिनर्स दो गोल करते ही, आईएसएल सीजन में 12 मैचों के बाद अपने उच्चतम गोल आंकड़े (2021-22 में 24 गोल) की बराबरी कर लेंगे। जेमी मैकलारेन ने चार और जैसन कमिंग्स, सुभाशीष बोस व मनवीर सिंह ने तीन-तीन गोल किए हैं। मैरिनर्स (136) आईएसएल 2024-25 में दूसरे सबसे सफल टैकल वाली टीम हैं। लालेंगमाविया राल्टे ने 26, सुभाशीष बोस ने 21, आशीष राय ने 17 और लिस्टन कोलासो ने 13 सफल टैकल किए हैं। एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने माना कि मोहन बागान में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू सितारों का अच्छा मिश्रण है जो उन्हें एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बनाता है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम लीग की सबसे मजबूत टीमों में से एक के खिलाफ खेलेंगे।




## जीपीकेएल, आईपीकेएल का हुआ विलय, साथ मिलकर करेंगे ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग का आयोजन

**एजेंसी, गुरुग्राम**

कबड्डी जगत में एक महत्वपूर्ण घोषणा हुई, जब ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) के आयोजकों ने इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग (आईपीकेएल) के साथ इसके विलय की घोषणा की। इस रणनीतिक गठबंधन के परिणामस्वरूप ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) की शुरुआत हुई, जिसमें पुरुष और महिला दोनों एक ही आकार के मैट पर एकीकृत लीग बैनर के तहत प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो खेल के इतिहास में पहली बार होगा। यह विलय कबड्डी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें महिला सशक्तिकरण पर जीपीकेएल का ध्यान और वैश्विक स्तर पर प्रतिध्वनित लीग बनाने के लिए आईपीकेएल का व्यापक दृष्टिकोण शामिल है। जीआई-पीकेएल दुनिया भर के देशों से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए विविध प्रतिभाओं को एक साथ लाया जाता है।

विलय को लेकर होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कंथी डी सुरेश ने कहा, "एक ही बैनर के नीचे पुरुषों और महिलाओं का एक साथ प्रतिभागी बनाना हमारी महिला सशक्तिकरण की रणनीति का ही हिस्सा है। यह न केवल हमें लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करेगा, बल्कि महिलाओं का अपने पुरुष समकक्षों के साथ एक ही लीग के तहत खेलना समानता का भी संदेश देगा, जो पहले कभी नहीं हुआ। फिलहाल हमारा फोकस जल्द से जल्द इसे क्रियान्वित करने पर है।" आईपीकेएल के निदेशक सोहन तुसीर ने कहा, "इस विलय के बाद फ्रेंचाइजी मालिक भी एक साथ पुरुष और महिला दोनों ही टीमों को अपना हिस्सा बनाने में रुचि दिखा रहे हैं। फिलहाल कुछ मशहूर हस्तियों को भी जीआई-पीकेएल का हिस्सा बनाने और एक साथ दो टीमों का मालिक बनाने पर विचार किया जा रहा है।" हमेशा से ही होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन कबड्डी के वैश्विक विकास को लेकर प्रतिबद्ध रहा है। 2023 में जीपीकेएल ने दुनिया भर में महिला कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इससे पहले, होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने सभी महाद्वीपों में खेल का विस्तार करने के लिए यूनाइटेड किंगडम स्थित विश्व कबड्डी निकाय के साथ भी 10 वर्ष के लिए करार किया था । यह प्रयास चार महाद्वीपों में पुरुषों के लिए कम से कम 75 देशों और महिलाओं के लिए 45 देशों में सक्रिय भागीदारी जैसे मानदंडों को पूरा करके ओलंपिक में कबड्डी को शामिल करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर आधारित है। तीन राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले फिल्म फौजा के मुख्य अभिनेता और जीपीकेएल के एवीपी कार्तिक दम्मू ने कहा, "जीआई-पीकेएल का चैंपियनशिप ट्रॉफी विजेता प्रशंसकों के लिए एक आश्चर्य की तरह होने वाला है।

## आईओसी ने अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के दस्तावेज जारी किये

**एजेंसी, जिनेवा**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में होने वाले आईओसी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों के उम्मीदवारी दस्तावेज जारी किए। ये दस्तावेज सभी के लिए ioc.org पर डाउनलोड करने और देखने के लिए उपलब्ध हैं, और कुछ दस्तावेज अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश संस्करणों में उपलब्ध कराए गए हैं।



सात उम्मीदवार, एचआरएच प्रिंस फैसल अल हुसैन (जॉर्डन ओलंपिक समिति के अध्यक्ष), डेविड लैपर्टिएंट (यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनेल के अध्यक्ष), जोहान एलियाश (अंतरराष्ट्रीय स्की और स्नोबोर्ड फेडरेशन के अध्यक्ष), जुआन एंटोनियो समरंच (आईओसी के उपाध्यक्ष), क्रिस्टी कोवेंट्री (जिम्बाब्वे के तैराक और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता), सेबेस्टियन को (विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष), मोरिनारी वतनबे (अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष), 30 जनवरी, 2025 को स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन में आईओसी सदस्यों के समक्ष ऑनलाइन अपने अध्यक्षीय उम्मीदवारी की प्रस्तुति देंगे। आईओसी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 18-21 मार्च, 2025 को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र के दौरान होगा। नए अध्यक्ष थॉमस बाक का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 2025 में समाप्त हो रहा है।

आईओसी ने घोषणा की, "उम्मीदवारी दस्तावेजों का ऑनलाइन प्रकाशन अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुशासन का एक महत्वपूर्ण तत्व है, और इससे जनता और मीडिया को आईओसी और ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रत्येक उम्मीदवार के दृष्टिकोण को समझने में मदद मिलेगी, यदि वे चुने जाते हैं।"

## अर्जेंटीना लगातार दूसरे वर्ष फीफा पुरुष फुटबॉल रैंकिंग में शीर्ष पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फुटबॉल विश्व चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी साल फीफा रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज हुई है। गुरुवार को प्रकाशित रैंकिंग में केवल सीमित बदलाव हुए और नवंबर में पिछली रैंकिंग जारी होने के बाद से केवल 21 अंतरराष्ट्रीय मैच हुए। अर्जेंटीना ने वर्ष के अंत में फ्रांस को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। जबकि यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने पोडियम पूरा किया। शेष शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। शीर्ष दस टीमों के क्रम में, अर्जेंटीना, फ्रांस, स्पेन, इंग्लैंड, ब्राजील, पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, इटली और जर्मनी है। रैंकिंग जारी करते हुए फीफा ने कहा कि अंगोला, जिसने 2024 में सबसे अधिक मैच खेले, ने पिछले 12 महीनों में सबसे बड़ी प्रगति दर्ज की है। वो 32 स्थान ऊपर चढ़कर 85वें स्थान पर पहुंच गया। फीफा की अगली टीम रैंकिंग अप्रैल में प्रकाशित की जाएगी।



## ऑस्ट्रेलियाई पुरुष घरेलू वन डे कप का नाम डीन जोन्स ट्रॉफी रखा गया

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई पुरुष घरेलू वन डे कप का नाम डीन जोन्स ट्रॉफी रखा गया है, जो उस खिलाड़ी के सम्मान में होगा जिसने सीमित ओवरों के खेल में "क्रांति" ला दी थी। इस वर्ष की शुरुआत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के डिजिटल प्लेटफार्मों पर एक अभियान शुरू किया गया था, जिसमें टूर्नामेंट का नाम रखने के लिए खिलाड़ियों की एक सूची बनाई गई थी, जिसमें जोन्स, माइकल बेवन और एंड्रयू साइमंड्स शामिल थे, जिनका मूल्यांकन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट हॉल ऑफ फेम समिति द्वारा किया गया था।



पुरस्कार के लिए मुख्य मानदंडों में पुरुषों की एक दिवसीय प्रतियोगिता में उनका रिकॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी होना और 50 ओवर के प्रारूप का पर्याय बनने वाला खिलाड़ी होना शामिल था। सितंबर 2020 में 59 वर्ष की आयु में निधन हो जाने वाले जोन्स ने विक्टोरिया के लिए 55 घरेलू एक दिवसीय मैचों में 50.52 की औसत से 2122 रन बनाए और उन्हें 1994-95 का खिताब दिलाया, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, जहां वह 50 ओवर के खेल में अग्रणी थे, उन्होंने सात शतकों सहित 44.81 की औसत से 6068 रन बनाए और 1987 के एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। सभी लिस्ट ए क्रिकेट में, जोन्स ने 46.93 की औसत से 10,936 रन बनाए। हॉल ऑफ फेम के अध्यक्ष पीटर किंग ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, "जब ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम चयन समिति ने इस सम्मान के लिए खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया, तो एक खिलाड़ी का प्रदर्शन, रिकॉर्ड, प्रतिष्ठा, योगदान और प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आया, जिसके कारण यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।



# खरमास में करें सूर्य देव की उपासना

**खरमास में मंगल कार्यों (शादी-विवाह, मुंडन, जनेऊ संस्कार, नूतन गृह प्रवेश इत्यादि) को करना उत्तम नहीं बताया गया है। गुरु का ध्यान सूर्य देव पर रहता है। खरमास में धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं, किंतु मंगल शहनाई नहीं बजती।**

काशी पंचांग के अनुसार सूर्य जब गुरु की राशि धनु या मीन में विराजमान रहते हैं, तो उस घड़ी को खरमास माना जाता है और खरमास में मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं। खरमास की इस अवधि में जनेऊ संस्कार, मुंडन संस्कार, नव गृह प्रवेश, विवाह आदि नहीं करना चाहिए। इसे शुभ नहीं माना गया है, वहीं विवाह आदि शुभ संस्कारों में गुरु एवं शुक्र की उपस्थिति आवश्यक बताई गई है। ये सुख और समृद्धि के कारक माने गए हैं। खरमास में धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं, किंतु मंगल शहनाई नहीं बजती। इस माह में सभी राशि वालों को सूर्य देव की उपासना अवश्य करनी चाहिए।

## गुरु का ध्यान सूर्य देव पर

इसका एक धार्मिक पक्ष यह भी माना जाता है कि सूर्य देव जब बृहस्पति के घर में प्रवेश करते हैं, तो देव गुरु का ध्यान एवं संपूर्ण समर्पण उन पर ही केंद्रित हो जाता है। इससे मांगलिक कार्यों पर उनका प्रभाव सूक्ष्म ही रह जाता है जिससे कि इस दौरान शुभ कार्यों का विशेष लाभ नहीं होता इसलिए भी खरमास में मंगल कार्यों को करना उत्तम नहीं बताया गया है।

## खरमास में क्यों नहीं होते मांगलिक कार्य

ज्योतिष के जानकारों के अनुसार, सूर्य जब गुरु की राशि धनु और मीन में प्रवेश करते हैं तो वह अपने गुरु की सेवा में लग जाते हैं और उनका प्रभाव कम हो जाता है। यही वजह है कि इस वक्त कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। यह भी माना जाता है कि खरमास के दौरान गुरु का बल भी कमजोर हो जाता है और शुभ कार्य के वक्त सूर्य और गुरु दोनों का ही शुभ स्थिति में होना जरूरी है इस वजह से खरमास में कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता है।



# खरमास के दौरान क्या करना चाहिए और क्या करने से बचना चाहिए?

**सनातन धर्म में खरमास को विशेष महत्व दिया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, साल में दो बार खरमास का महीना आता है। यह अवधि लगभग 30 दिनों की होती है। मान्यता है कि इस दौरान शादी-विवाह, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस समय भगवान सूर्य की उपासना का विशेष विधान है। खरमास में भगवान सूर्य की विधि-विधान से पूजा करने से कई गुना फल मिलता है। इस दौरान सूर्य देव को जल अर्पित करना और वैदिक मंत्रों का जाप करना विशेष लाभदायक होता है। अब ऐसे में दिसंबर में खरमास कब से लग रहा है और इस दौरान सूर्यदेव की पूजा का महत्व क्या है और किन मंत्रों का जाप करने से लाभ हो सकता है।**

सनातन धर्म में खरमास को एक विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि इस अवधि में सूर्य देव धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं, जिसके कारण शुभ और मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। शादियों जैसे अनुकूल आयोजनों को आमतौर पर इस दौरान स्थगित कर दिया जाता है। खरमास के दौरान भगवान विष्णु और सूर्य देव की आराधना का विशेष महत्व होता है। ऐसा माना जाता है कि इस अवधि में इन देवताओं की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और खुशियां आती हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस दौरान कुछ विशेष सावधानियां बरतने की सलाह दी जाती है। अब ऐसे में खरमास के दौरान क्या करना चाहिए और किन चीजों को करने से बचना चाहिए। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## खरमास में क्या करना चाहिए?

- खरमास में भगवान सूर्य और विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। सूर्यदेव को जल अर्पित करना और विष्णु भगवान की आराधना करने से मन शांत होता है और आशीर्वाद प्राप्त होता है।
- ओम घृणि सूर्याय नमः और अन्य सूर्य मंत्रों का जाप करने से सूर्य देव प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा, आप अपने इष्टदेव के मंत्रों का भी जाप कर सकते हैं।
- खरमास में तुलसी को नियमित रूप से पूजा-पाठ करें और नियमित रूप से जल दें। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसा माना जाता है कि तुलसी में माता लक्ष्मी का वास होता है और नियमित पूजा से धन-धान्य की प्राप्ति होती है।
- शाम के समय तुलसी के पास दीपक जलाने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और घर में शांति का वातावरण बनता है।
- खरमास के दौरान सूर्यदेव की पूजा विधिवत रूप से करें और सूर्यदेव के मंत्रों का जाप करें।
- खरमास में सूर्यदेव को अर्घ्य देने से आयु में वृद्धि होती है और दीर्घायु का वरदान प्राप्त होता है।
- खरमास में दान-पुण्य जरूर करें। इससे जीवन में सभी परेशानियां दूर हो सकती है।

## खरमास में क्या नहीं करना चाहिए?

- खरमास में कोई भी शुभ काम करने से बचना चाहिए। जैसे कि अगर आप इस दौरान व्यापर, नया प्रोजेक्ट या फिर नई काम शुरू करना चाहते हैं, तो इस समय करने से बचना चाहिए।
- खरमास में गृह प्रवेश, विवाह, मुंडन औप उपनयन संस्कार करने की भी मनाही होती है।
- खरमास में बेटी की विदाई भी नहीं करना चाहिए।
- खरमास में अगर आप नया वाहन खरीदने की सोच रहे हैं, तो इस समय लेने से बचें। वाहन खरीदने से दुर्घटना की स्थिति बनती है।
- खरमास में किसी भी व्यक्ति का अपमान नहीं करना चाहिए।



# खरमास में किन मंत्रों का जाप करना चाहिए?

**खरमास का आरंभ 15 दिसंबर से हो चुका है। खरमास में पूजा-पाठ और हवन-अनुष्ठान का बहुत महत्व माना जाता है। खरमास के दौरान जहां एक ओर मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है तो वहीं, दूसरी ओर इस माह में पुण्यकर कार्य करना बहुत शुभ माना जाता है। इसके अलावा, इस माह में मंत्र जाप करना भी बहुत उत्तम माना जाता है। इसी कड़ी में जानते हैं कि आखिर खरमास के दौरान किन मंत्रों का जाप किया जाता है और क्या हैं उससे मिलने वाले लाभ।**

## खरमास में किन मंत्रों का जाप करें?

**महामृत्युंजयमंत्र** - ऊँ त्र्यंम्बकं यजामहे सुगंधिं पूष्टिवर्धनम। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योंमुक्षीय मां अमृतात॥

महामृत्युंजय मंत्र को जीवन में खुशहाली और स्वास्थ्य के लिए बेहद प्रभावी माना जाता है। यह मंत्र मृत्यु के भय को दूर करता है और जीवन को सुरक्षा प्रदान करता है। इस मंत्र के जाप से मृत्यु तक का योग टल जाता है। ऐसे में खरमास के दौरान इस मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए।

**गायत्री मंत्र** - ऊँ भूर्भुवः स्वः, तत्सवितुर्वरेण्यं, भर्गो देवस्य धीमहि, धियो यो नः प्रचोदयात॥

यह मंत्र आत्मिक उन्नति और मानसिक शांति के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। गायत्री मंत्र का जाप करने से आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि होती है। इसके अलावा, इस मंत्र के जाप से व्यक्ति के भीतर दिव्यता का संचार होता है और ज्ञान में भी बढ़ोतरी होने लग जाती है।

**श्रीसूक्त मंत्र** - ऊँ श्रीं महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्नी च धीमहि। तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात॥

श्रीसूक्त का पाठ मां लक्ष्मी की पूजा में किया जाता है। खरमास में यह मंत्र घर में समृद्धि और धन की वृद्धि के लिए विशेष रूप से लाभकारी होता है। ऐसा माना जाता है कि खरमास में भगवान विष्णु की कृपा पानी है तो मां लक्ष्मी के इस पाठ का जाप रोजाना अवश्य करना चाहिए।

**हनुमान मंत्र**- ऊँ हं हनुमते नमः॥

खरमास में हनुमान जी के इस मूल मंत्र का जाप करने से जीवन में आने वाले संकट दूर हो जाते हैं और बुरी नजर एवं नकारात्मक ऊर्जाओं से भी छुटकारा मिल जाता है। हनुमान जी की कृपा से व्यक्ति में बल, निर्भीकता और दृढ़संकल्प जागृत होता है। भक्ति भी व्यक्ति में बढ़ती है।



# भगवान विष्णु की कृपा पाने के लिए सफला एकादशी के दिन करें इन चीजों का दान

**पौष माह के कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी इस साल 26 दिसंबर, दिन गुरुवार को पड़ रही है। सफला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन श्री हरि नारायण की आराधना करने से सभी कार्यों में सफलता मिलती है।**

इस दिन किया गया दान अक्षय फलों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होता है। ऐसे में आइये जानते हैं कि सफला एकादशी के दिन कौन सी चीजों का दान करना चाहिए।

## सफला एकादशी पर करें अनाज का दान



अनाज को सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।ऐसे में सफला एकादशी के दिन धान, गेहूं, चावल, आदि का दान करना अत्यंत पुण्यकारी सिद्ध हो सकता है। इससे घर में सुख-समृद्धि आती है और घर की उन्नति के मार्ग खुलते हैं।

## सफला एकादशी पर करें तुलसी का दान



सफला एकादशी के दिन तुलसी के पौधे का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। तुलसी को भगवान विष्णु की प्रिय माना जाता है, ऐसे में खासतौर पर किसी भी श्री हरि विष्णु के मंदिर में तुलसी का दान करना चाहिए। इससे लक्ष्मी का वास होता है।

## सफला एकादशी पर करें गौ का दान



सफला एकादशी के दिन गौ का दान करने से घर में दिव्य ऊर्जाओं का वास स्थापित होता है। साथ ही, सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है और ग्रह दोष अगर कुंडली में परेशान कर रहा है तो उससे भी व्यक्ति को छुटकारा मिलता है।

## सफला एकादशी पर करें सुपारी का दान

सफला एकादशी के दिन सुपारी का दान करने से धन, ऐश्वर्य, संपदा में वृद्धि होती है। घर में शुभता का आगमन होता है और घर पर आया हुआ हर्ब संकट टल जाता है। सफला एकादशी के दिन सुपारी दान करने से तरक्की के मार्ग खुलते हैं।

## सफला एकादशी पर करें वस्त्रों का दान

स्वच्छ और नए कपड़े का दान करना भी सफला एकादशी के दिन बहुत शुभ होता है। यह दान न केवल पुण्य देता है, बल्कि इस दिन वस्त्रों का दान करने से जीवन में कभी भी धन का अभाव नहीं होता है और धन-धान्य हमेशा बना रहता है।



# हिन्दू धर्म में बहुत महत्व रखता है खरमास

**खरमास हिन्दू धर्म और ज्योतिष में बहुत महत्व रखता है, क्योंकि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत करने से पहले शुभ समय या मुहूर्त जरूर देखा जाता हैं। साथ ही सूर्य के चाल भी देखते हैं, क्योंकि सूर्य जब धनु और मीन राशि में आते हैं तब खरमास लग जाता है। अतः शुभ कार्यों को करने की मनाही है। खरमास से संबंधित खास नियम, जिनका पालन करना है आवश्यक**

- खरमास 14 जनवरी तक जारी रहेगा। अतः इस समय में सगाई, शादी, वधु प्रवेश, गृह प्रवेश, घर निर्माण, नया व्यापार का आरंभ तथा किसी भी तरह का कोई भी मांगलिक कार्य ना करें।
- खरमास में पूरे महीने में सूर्योदय से पहले उठकर स्नानादि करके प्रतिदिन चढ़ते सूरज को अर्घ्य अर्पित करें, यह सेहत, समृद्धि के लिए लाभदायी रहेगा और ऐसा करने से शुभ फल भी मिलेगा।
- इस महीने भगवान श्री कृष्ण के प्रसन्न करने के लिए गौशाला जाकर गौमाता को गुड़, हरा चना खिलाएं और उनका पूजन करें।
- यदि गौशाला जाना प्रतिदिन संभव ना हो तो घर में गाय की मूर्ति या तस्वीर लगाकर उसका पूजन करें।
- खरमास के महीने में आप जितने असहाय और गरीबों की मदद करेंगे उतना लाभ मिलेगा, क्योंकि खरमास ही एक ऐसा महीना है जिसमें दान और पुण्य करने का सबसे अधिक फल मिलता है।
- प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नानादि से निवृत्त होकर श्री विष्णु का केसर मिले दूध से अभिषेक करें और कम से कम 11 बार विष्णु मंत्र- 'ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः' का तुलसी की माला से जाप करें।
- खरमास को मलमास भी कहा जाता है। इस माह आने वाली सभी एकादशियों का व्रत-उपवास करके भगवान श्री विष्णु का पूजन करें और उन्हें तुलसी के पत्तों के साथ खीर का भोग लगाएं।
- हिन्दू धर्म में इस महीने को शुभ नहीं माना जाता है। अतः हिन्दू धर्म के विशिष्ट व्यक्तिगत संस्कार भी निषेध हैं, जैसे नामकरण, यज्ञोपवीत, शुभ विवाह और कोई भी धार्मिक संस्कार नहीं करें।
- जिनकी कुंडली में सूर्य कमजोर स्थिति में हो उन्हें सूर्यदेव का पूजन, अर्घ्य, उपासना आदि इस माह अवश्य करना चाहिए।
- इस माहपर्यंत श्री विष्णु का पूजन करके तीर्थस्थान पर जाकर स्नान-दान करने का भी विशेष महत्व है।
- इस महीने नई वस्तुएं, नया घर, प्लॉट, घर अथवा कार या इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी नहीं करनी चाहिए।
- नौकरी अथवा कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए खरमास की नवमी तिथि को छोटी कन्याओं को भोजन करवाएं, यह पुण्य फलदायी कार्य होगा।
- इस माह में बुरे अथवा कुविचारों को त्यागें, बुरी आदतें और नशे की लत हो तो छोड़ दें, दुराचार आदि का भी त्याग करके धार्मिक कार्यों में मन लगाएं।
- इस महीने में प्रतिदिन सूर्यदेव की उपासना करके आदित्य ह्रदय स्तोत्र का पाठ करें।
- इस माह सायंकाल के समय सूर्यदेव की आराधना करने से जहां जीवनपर्यंत भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है, वहीं अन्न, जल आदि किसी भी वस्तु की जीवन में कमी नहीं रहती।
- यश-कीर्ति की चाह रखने वालों को, उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा, संतान और करियर में सफलता के लिए प्रतिदिन प्रातःकाल में उग रहे लाल सूर्यदेव को अर्घ्य दें।
- इस महीने अपने इष्टदेव की पूजा-अर्चना और सेवा करने तथा दान-पुण्य देने से पुण्य का संचय होता है।
- खरमास में पीपल वृक्ष का पूजन करना शुभ फलदायी माना जाता है, क्योंकि पीपल में भगवान श्री विष्णु का वास माना जाता है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024





# पुष्पा 2 से बेबी जॉन के टकराव पर एटली ने तोड़ी चुप्पी

वरुण धवन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बेबी जॉन की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं। कलीस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म रिलीज से पहले 18 दिसंबर को बेबी जॉन की टीम को मुंबई में एक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते देखा गया। प्रेस मीट इवेंट के दौरान फिल्म निर्माता एटली ने ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 से इसके टकराव पर चुप्पी तोड़ी और मामले पर बड़ा बयान देते नजर आए।

### पुष्पा 2 से बेबी जॉन के टकराव पर एटली की दो टूक

एटली ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म पुष्पा 2: द रूल से अपनी फिल्म बेबी जॉन की प्रतिस्पर्धा पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। एटली ने कहा कि वह इसे टकराव के तौर पर नहीं देखते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अल्लू अर्जुन ने वरुण धवन को बेबी जॉन के लिए बधाई दी थी। इवेंट के दौरान एटली से 25 दिसंबर को बेबी जॉन की रिलीज के बारे में पूछा गया, जबकि अल्लू अर्जुन की फिल्म पहले से ही सिनेमाघरों में चल रही है।

### यह कोई टकराव नहीं

एटली ने मीडिया से कहा, यह एक पारिस्थितिकी तंत्र है। मैं और अल्लू अर्जुन सर बहुत अच्छे दोस्त हैं। हम बेबी जॉन को दिसंबर के चौथे सप्ताह में रिलीज कर रहे हैं इसलिए इसे टकराव मत कहिए। हम जानते हैं कि पुष्पा 2 अगस्त से दिसंबर में स्थानांतरित हो गई और हमने क्रिसमस के आसपास अपनी रिलीज की योजना बनाई है। हम सभी पेशेवर हैं, और हम जानते हैं कि इसे कैसे संभालना है।

### अल्लू ने वरुण को फोन कर दी बधाई

उसी बातचीत के दौरान एटली ने खुलासा किया कि अल्लू अर्जुन ने उन्हें और वरुण धवन को फोन किया और उन्हें बेबी जॉन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपनी बात में जोड़ा, उन्होंने मुझे फिल्म के लिए बधाई दी और वरुण से बात की। इस इकोसिस्टम में बहुत अच्छी दोस्ती और प्यार है।

### बेबी जॉन की रिलीज डेट

इस बीच बेबी जॉन एटली और विजय की तमिल फिल्म थेरी का रूपांतरण है। दिलचस्प बात यह है कि बेबी जॉन में सलमान खान का विशेष कैमियो है। ट्रेलर में सुपरस्टार की एक झलक पेश की गई और प्रशंसक इसे देखकर उत्साहित हो गए। बेबी जॉन 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# अदिवि शेष की डकैत में मृणाल ठाकुर को मिला मौका

## श्रुति हासन की छुट्टी



टॉलीवुड अभिनेता आदिवि शेष के जन्मदिन पर निर्माताओं ने फिल्म डकैत का पोस्टर जारी किया है। उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक डकैत है, जिसका निर्देशन शैनियल देव कर रहे हैं। यह एक प्रेम कहानी है। निर्माताओं ने फिल्म डकैत का पोस्टर जारी किया, जिसमें श्रुति हासन की जगह मृणाल ठाकुर नजर आई। निर्माताओं ने मृणाल के दो पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में, आदिवि शेष सीरियस दिखाई दे रहें हैं, जबकि मृणाल उन्हें दुख से देखती नजर आ रही हैं दूसरे पोस्टर में मृणाल हाथ में बंदूक लिए गुस्से में दिखाई दे रही हैं। दोनों ही स्टार्स स्टाइलिश तरीके से कार में बैठे हुए नजर आ रहे हैं। डकैत के दोनों पोस्टर काफी शानदार हैं।

### फिल्म की कहानी

यह फिल्म दो पूर्व प्रेमियों की कहानी है, जिन्हें कई साहसिक डकैतियों के लिए फिर से एकजुट होने के लिए मजबूर किया जाता है, जो आखिर में उनके जीवन की दिशा बदल देती है। फिल्म का निर्माण सुप्रिया यारलागड्डा ने किया है, सह-निर्माता सुनील नारंग हैं और अन्नपूर्णा स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म की शूटिंग हिंदी और तेलुगु में एक साथ की जा रही है, जिसकी कहानी और पटकथा अदिवी शेष और शैनियल देव ने मिलकर तैयार की है। फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में हो रही है। इसके बाद महाराष्ट्र में एक और शेड्यूल की शूटिंग होनी बाकी है।

### मृणाल ने किया श्रुति को रिप्लेस

फिल्म डकैत में पहले श्रुति हासन को लिया गया था। लेकिन आज पोस्टर रिलीज के बाद यह साफ हो गया है कि इस फिल्म में श्रुति की जगह मृणाल ने ले ली है। यह फिल्म एक गुस्सैल अपराधी के सफर पर आधारित है, जो अपनी पूर्व प्रेमिका से धोखा खाने के बाद उससे बदला लेने का प्लान बनाता है। डकैत में मृणाल का एक ऐसा रूप दिखाई देगा, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।

### फिल्म के बारे में मृणाल की राय

फिल्म के बारे में बात करते हुए मृणाल ने कहा, डकैत की कहानी अपने सार में सच्ची है, देहाती कहानी कहने का एक बेहतरीन तरीका, जो अदिवी और शेनिल देव दोनों के विचारों से और भी बेहतर हो गया है। मैं जिस किरदार को फिल्म में निभाने जा रही हूं, वह मुझे एक ऐसे किरदार को निभाने का मौका देगा, जो मैंने एक अभिनेता के तौर पर पहले कभी नहीं निभाया है। मैं शेनिल द्वारा कल्पना की गई दुनिया में गहराई से उतरने का इंतजार नहीं कर सकती। अदिवी ने डकैत को लेकर कहा, डकैत एक मार्मिक प्रेम कहानी वाली एक दमदार एक्शन फिल्म है। हम डकैत टीम में मृणाल का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं और बड़े पर्दे पर उनके आमने-सामने आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।





# इस दिन रिलीज होगी शाहिद कपूर-तृप्ति की एक्शन फिल्म, निर्माताओं ने हटाया तारीख से पर्दा

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी परदे पर पहली बार साथ नजर आएंगे। सितारों के हाथ साजिद नाडियाडवाला की फिल्म लगी है, जिसका निर्देशन विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। 18 दिसंबर को इसकी रिलीज डेट का एलान हो गया है। साथ ही यह जानकारी भी आधिकारिक तौर पर दी गई है कि शूटिंग कब से शुरू होगी। फिल्म अगले साल दर्शकों के बीच पहुंचेगी। साजिद नाडियाडवाला ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी से शुरू होगी। वहीं, फिल्म रिलीज होगी दिसंबर में जाकर। पोस्ट में लिखा है, 6 जनवरी 2025 को एक शानदार सिनेमाई यात्रा शुरू होने जा रही है। फिल्म 5 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी। इस पोस्ट में तृप्ति और शाहिद के अलावा नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगे।

### गैंगस्टर के रोल में दिखेंगे शाहिद

यह फिल्म स्वतंत्रता के बाद के युग में अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। शाहिद इसमें गैंगस्टर के रोल में दिखेंगे। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट की कई दिलचस्प फिल्में रिलीज होने वाली हैं। शाहिद और तृप्ति की फिल्म के अलावा सलमान खान अभिनीत सिकंदर भी कतार में है। यह फिल्म अगले साल ईद के अवसर पर रिलीज होगी। इसके अलावा हाउसफुल 5 और बागी 4 भी पाइपलाइन में हैं। बागी 4 में टाइगर श्रॉफ के अपोजिट पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज संधू भी नजर आएंगी। इस फिल्म से वे हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं।

### शाहिद और तृप्ति का वर्क फ्रंट

अभिनेता शाहिद कपूर इस साल फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। वहीं, तृप्ति डिमरी के लिए भी यह साल काफी शानदार रहा है। भूल भुलैया 3 में वे कार्तिक के साथ नजर आईं। इसके अलावा वे 'बैड न्यूज' और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो फिल्मों को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहीं। देखना दिलचस्प होगा कि आगामी फिल्म में शाहिद के साथ तृप्ति की जोड़ी दर्शकों को कितनी पसंद आती है।

# किल और चांद मेरा दिल के बाद लक्ष्य के हाथ लगी एक और फिल्म

अभिनेता लक्ष्य के सितारे बुलंदियों पर हैं। उस पर करण जौहर भी उन पर मेहरबान हैं। इस साल वे धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म किल में नजर आए। करण जौहर की चांद मेरा दिल में भी वे नजर आने वाले हैं। इस बीच दिलचस्प जानकारी सामने आई है कि लक्ष्य के हाथ एक और फिल्म लगी है, वह भी धर्मा की है। इस तरह लक्ष्य करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के साथ हैट्रिक लगाने वाले हैं।

लक्ष्य का डेब्यू करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म किल के जरिए हुआ। इसमें उन्होंने कमाल के एक्शन सीन दिए। अपने अभिनय से एक्टर ने अपनी पहली ही फिल्म से दर्शकों के बीच खास जगह बना ली। धमाकेदार डेब्यू के बाद करण जौहर एक्टर लक्ष्य के साथ अपनी अगली फिल्म चांद मेरा दिल का एलान पहले ही कर चुके हैं, जिसमें अनन्या पांडे भी नजर आएंगी। इस बीच लक्ष्य की झोली में तीसरी फिल्म आ गिरी है।

लक्ष्य खुद को किसी खास शैली में बांधकर नहीं रखना चाहते। डेब्यू फिल्म में वे एक्शन अवतार में नजर आए। मगर, उनकी दूसरी फिल्म चांद मेरा दिल एक लव स्टोरी है। इसमें वे अनन्या पांडे के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। लेकिन, इस लव स्टोरी फिल्म के बाद एक बार फिर वे एक्शन का धमाल करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, लक्ष्य करण जौहर की नए दौर की एक्शन फिल्म में दिखाई देंगे। किल की तरह ही यह भी एक धमाकेदार एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी।



# नई स्टारकास्ट के साथ आएगी कॉकटेल 2

2012 को रिलीज हुई फिल्म कॉकटेल ने खूब धमाल मचाया था। फिल्म में सैफ अली खान, डायना पेंटी और दीपिका पादुकोण की केमेस्ट्री सभी को पसंद आई थी। फिल्म का हर एक गाना दर्शकों की जुबा पर था। अब इस फिल्म का दूसरा भाग बनने जा रहा है। लेकिन इस बार कॉकटेल 2 में स्टारकास्ट नई होगी।

फिल्म कॉकटेल 2 आने वाली है, जिससे प्रशंसक काफी उत्सुकता है। पहले इसके सीक्वल में सैफ अली खान की जगह कार्तिक आर्यन को लेकर बातचीत चल रही थी, लेकिन अब फिल्म की पूरी स्टारकास्ट तैयार है। जानिए कॉकटेल 2 में कौन-कौन नजर आएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी की कॉकटेल के सीक्वल में अब नई कास्ट फाइनल हो गई है। इसमें शाहिद कपूर लीड हीरो के किरदार में नजर आएंगे। वहीं फिल्म में अब रश्मिका मंदाना और कृति सेनन के होने की बात भी सामने आई है। फिल्म में कृति सेनन दूसरी फीमेल लीड हीरोइन का किरदार निभाती नजर आएंगी।

फिल्म के निर्माता दिनेश विजान और निर्देशक होमी अदजानिया हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कॉकटेल के लिए अब रश्मिका मंदाना को नाम लीड हीरोइन के तौर पर फाइनल कर लिया गया है। शाहिद कपूर और रश्मिका पहले 2023 में अनीस बज्मी की डबल-रोल कॉमेडी के लिए साथ आने वाले थे, लेकिन बजट की वजह से यह प्रोजेक्ट वहीं रुक गया।

फिल्म की दूसरी लीड हीरोइन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कॉकटेल 2 के निर्माता एक ऐसी अभिनेत्री के साथ बातचीत कर रहे थे, जो पहले भी मैडॉक फिल्म्स के साथ लगातार सहयोग करती रही हो। कृति ने मैडॉक के साथ लुका छुपी, मिमी, और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में काम किया है। इससे पहले कॉकटेल 2 के लिए सारा अली खान और अनन्या पांडे का नाम सामने आया था।





# बच्चों के देखने लायक कंटेंट बनाना चाहते हैं वरुण धवन

अभिनेता वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में उन्होंने मुंबई में एक प्रमोशनल इवेंट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह हमेशा से बच्चों के मनोरंजन वाले कंटेंट बनाना चाहते हैं। वरुण धवन खुद एक बच्ची के पिता हैं और बच्चों के बीच भी काफी लोकप्रिय है।

### बच्चों के देखने लायक कंटेंट बनाना चाहते हैं वरुण धवन

वरुण धवन ने इवेंट के दौरान कहा, अपने करियर के शुरुआती फिल्मों में भी मैं हमेशा ऐसी फिल्में बनाने पर ध्यान केंद्रित करता था, जिन्हें बच्चे देख सकें। मैं ऐसी फिल्में बनाना चाहता हूं, जिन्हें बच्चे देख सकें, उनका आनंद ले सकें, उनके चेहरों पर मुस्कान ला सकें और यही वजह है कि मैं बच्चों के साथ बहुत आनंद लेता हूं।

### कब रिलीज होगी बेबी जॉन?

वरुण धवन की आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' 25 दिसंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन के साथ कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ नजर आएंगे। सलमान खान फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे।

### प्रमोशन में भी एक्साइटेड दिखे वरुण

अपनी फिल्म 'बेबी जॉन' का प्रमोशन करते हुए वरुण धवन काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। इवेंट में फिल्म की पूरी टीम उनके साथ नजर आई। फिल्म के प्रोड्यूसर, राइटर एटली भी इवेंट में शामिल थे। सभी फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर एक्साइटेड नजर आए।

### विजय थलापति की 'थेरी' का रीमेक है बेबी जॉन

वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' विजय थलापति की साउथ फिल्म थेरी का हिंदी रीमेक है। साउथ वाली फिल्म को एटली ने डायरेक्ट किया था, अब वह फिल्म 'बेबी जॉन' के प्रोड्यूसर हैं, कहानी भी उनकी ही लिखी है। हिंदी फिल्म को कैलिस ने डायरेक्ट किया है।

# बिग बॉस 18 के बाद 'लाफ्टर शेफ सीजन 2' का हिस्सा बन सकते हैं विवियन डिसेना

विवियन डिसेना टीवी की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम है। वह बतौर रोमांटिक हीरो सीरियल्स में नजर आए हैं। इन दिनों विवियन सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए टीवी रियालिटी शो 'बिग बॉस' में नजर आ रहे हैं। विवियन के फैंस को इस शो में उनका एंग्री यंग मैन वाला अंदाज काफी भा रहा है। वह बिग बॉस 18 जीतने के लिए काफी मेहनत भी कर रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो विवियन बिग बॉस के घर से निकलने के बाद बिल्कुल अलग तरह का शो करने वाले हैं।

### विवियन करेंगे अलग जॉनर का शो

विवियन ने अब तक कॉमेडी नहीं की है, साथ ही दर्शकों ने उन्हें कुकिंग करते हुए भी टीवी पर नहीं देखा है। लेकिन बिग बॉस के बाद विवियन को दर्शक ऐसा करते हुए देख सकते हैं। कहा जा रहा है कि विवियन, 'लाफ्टर शेफ सीजन 2' का हिस्सा बन सकते हैं। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ऐसा दावा कर रही हैं कि विवियन इस शो में नजर आएंगे। 'लाफ्टर शेफ सीजन 2' एक अलग तरह का शो है। इसे कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष होस्ट करते हैं। इस शो में सेलिब्रिटीज आते हैं और अपना कुकिंग टैलेंट दिखाते हैं। साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है।

